सूर्योदय : 5:57
सूर्यास्त : 5:55
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-119 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 06 अक्टूबर 2023
20 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com
G20



## देवरिया हत्याकाण्ड में सीएम योगी का चला चाबुक, एसडीएम से सिपाही तक नपे

# लापरवाही बरतने पर 15 अधिकारी सस्पेंड

- दोषी कोई भी हो, हर एक पर कार्रवाई की जाएगी: सीएम
- सीओ, एसडीएम से लेकर सिपाही तक सब पर गिरी गाज



**देवरिया।** देवरिया में भूमि विवाद में छह लोगों की हत्या के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई की है।

उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस के 15 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निलंबित करने, उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने और तबादला करने का आदेश दिया, जिसके बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू हो गयी। बृहस्पतिवार को घटना की गहन समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि दोषी कोई भी हो, हर एक पर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल शासन की रिपोर्ट में देवरिया की तहसील एवं थाना रूद्रपुर स्थित ग्राम फतेहपुर में घटित घटना के संबंध में दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की घोर लापरवाही एवं कर्तव्यपालन में शिथिलता संज्ञान में आने के बाद यह सख्त कदम उठाया गया है। है। जांच में सामने आया कि विवाद के संबंध में सत्य प्रकाश दुबे द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने के संबंध में आईजीआरएस के अंतर्गत अनेक शिकायतें मुख्यमंत्री संदर्भ के रूप में ऑनलाइन पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग को भेजी गई थीं। दोनों विभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेकर निस्तारण नहीं कराया गया। वर्तमान एसडीएम योगेश कुमार गौड़ एवं सीओ रुद्रपुर जिलाजीत को निलंबित किया गया। पूर्व एसडीएम राम विलास, ओम प्रकाश, ध्रुव शुक्ला व संजीव कुमार उपाध्याय के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी।

### कौशांबी तिहारे हत्याकाण्ड में बड़ी कार्रवाई

## छह चकबंदी कार्मिक निलंबित

**लखनऊ।** कौशांबी तिहरे हत्याकांड की वजह बने पट्टे की भूमि के विवाद में लापरवाही पर सरकार ने चकबंदी अधिकारी सहित छह कार्मिकों को निलंबित किया है। चकबंदी अधिकारी देवराज सिंह को बर्खास्त किया है। भूमि विवाद के निस्तारण में लापरवाही और मिलीभगत में योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत प्रदेश भर में अलग-अलग स्थानों पर करीब एक दर्जन से अधिक चकबंदी कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई की है। चकबंदी अधिकारी जीएस नवीन कुमार ने बताया कि कौशांबी में तिहरे हत्याकांड में पट्टे की भूमि विवाद में लापरवाही पर चकबंदी अधिकारी मिथिलेश कुमार, सहायक चकबंदी अधिकारी अफजाल अहमद खां, चकबंदी लेखपाल शिवेश सिंह, शीलवंत सिंह, रवि किरन सिंह और चकबंदीकर्ता राम आसरे को निलंबित किया है।

# पांच राज्यों की चुनावी तारीखों का एलान जल्द

- चुनाव आयोग की अहम बैठक आज
- नवंबर-दिसंबर में चुनाव की संभावना




> मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने गुरुवार को कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीईसी के नेतृत्व में 17 सदस्यीय टीम वर्तमान में तेलंगाना में चुनाव तैयारियों का आकलन करने पहुंचा है।

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का शंखनाद कभी भी हो सकता है। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को इलेक्शन के लिए पर्यवेक्षकों की बैठक बुलाई है।

मतदान निकाय ने लोकतांत्रिक अभ्यास के सुचारू संचालन के लिए रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए यह मीटिंग बुलाई है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मॉडल कोड से प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। निर्वाचन आयोग की ओर से गुरुवार एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की गई। इलेक्शन कमीशन ने राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में चुनाव तैयारियों का जायजा लिया है। गुरुवार को तेलंगाना की तैयारियों को देखा गया। संभावना है कि पोल पैनल अगले कुछ दिनों में 5 राज्यों में चुनाव की घोषणा कर देगा। नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। मिजोरम में विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को खत्म हो रहा है। तेलंगाना, राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की विधानसभाओं का कार्यकाल जनवरी 2024 में खत्म हो जाएगा। तेलंगाना में बीआरएस की सरकार है। वहीं, मध्यप्रदेश में बीजेपी का शासन है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस सरकार हैं।

# भारत और यूएई ने साइन किया एमओयू




**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) उद्योगों और उन्नत प्रौद्योगिकियों को साझा करने और विकास में सहयोग करने के लिए एकजुट हुए हैं। भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और संयुक्त अरब अमीरात के उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने उद्योगों और उन्नत प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग पर गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अबू धाबी निवेश प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक शेख हमीद बिन जायद अल नाहयान की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य निवेश, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और उद्योगों में प्रमुख प्रौद्योगिकियों की तैनाती के माध्यम से संयुक्त धन और विभिन्न प्रौद्योगिकियों के विकास में पारस्परिक प्रयासों से लाभ उठाकर दोनों देशों में उद्योगों को मजबूत और विकसित करना है। एमओयू का उद्देश्य संस्थागत, कॉर्पोरेट क्षमताओं, कौशल और सहयोग के अन्य क्षेत्रों का निर्माण करना है।

> उद्योग और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बढ़ेगा सहयोग

# संजय सिंह 10 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड पर

- राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनाया फैसला
- जांच के खेल में समय खराब होता है: केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को 10 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट में पूरे मामले पर सुनवाई हुई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को संजय सिंह को उनके दिल्ली स्थित आवास पर ईडी अधिकारियों द्वारा दिनभर चली पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। संजय सिंह को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में गिरफ्तार किया गया है।

ईडी ने आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की 10 दिन की हिरासत का अनुरोध किया था। कोर्ट के अंदर जाते हुए संजय सिंह ने कहा था कि यह अन्याय है मोदी जी का, हारेंगे मोदी, मोदी जी चुनाव हार रहे हैं इसलिए ऐसा कर रहे हैं। संजय सिंह के वकील ने अदालत से कहा कि आप नेता को ईडी ने अपमानित करने के लिए गिरफ्तार किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये लोग सारे झूठे केस लगा रहे हैं। इतने केस लगा लिए, इतनी जांच कर ली लेकिन कुछ निकलता तो है नहीं। इस जांच-जांच के खेल में सबका समय खराब होता है। आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने आबकारी नीति मामले में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ बृहस्पतिवार को केंद्रीय दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित आप कार्यालय में एकत्र हुए और बैनर थामे प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए सिंह की रिहाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले आप के नेताओं में आतिशी, गोपाल राय, जरनैल सिंह, प्रियंका कक्कड़ और रीना गुप्ता शामिल हैं। राय नेआरोप लगाया है कि सिंह की गिरफ्तारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आगामी चुनाव जीतने का एक प्रयास है क्योंकि उन्हें अपने गठबंधन पर भरोसा नहीं है। दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने विरोध प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया, भाजपा ने देशव्यापी सर्वेक्षण कराया है और उसे पता है कि हार निश्चित है। उसका राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में विश्वास नहीं है, और इसलिए वह ईडी द्वारा गिरफ्तारी कराकर चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि प्रवर्तन निदेशालय ने सिंह को इसलिए गिरफ्तार किया है क्योंकि उन्होंने संसद में अडानी समूह से संबंधित मुद्दे उठाए थे।

### सिसोदिया की जमानत पर 12 अक्टूबर को सुनवाई



मनीष सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई आज टल गई है। सिसोदिया की जमानत पर 12 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली शराब नीति मामले की जांच कर रही एजेंसियों से कथित घोटाले में आप नेता मनीष सिसौदिया की भूमिका के बारे में सबूत मांगे। सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो से पूछा कि सबूत कहां हैआपको घटनाओं की एक श्रृंखला स्थापित करनी होगी।

### अब भाजपा को बदलने का समय: प्रियंका गांधी



**धार।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्य प्रदेश के धार में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। मध्य प्रदेश चुनाव को लेकर राज्य में कांग्रेस अपनी ताकत लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह कई महापुरुषों की भूमि है। हम उन्हें महापुरुष कहते हैं क्योंकि उन्होंने जीवन भर जनता के हितों के लिए संघर्ष किया और कभी उनका भरोसा नहीं तोड़ा। उन्होंने कहा कि यहां व्यापमं घोटाला हुआ। क्या कोई जांच कराई गई? अगर आप उनके (बीजेपी) खिलाफ लिखते हैं तो ईडी तुरंत पहुंच जाती है। आपको पूछना होगा कि ईडी अभी तक यहां क्यों नहीं आई? जब माँ नर्मदा के साथ और सप्तऋषियों की मूर्तियों के संबंध में (महाकाल गलियारे में) भ्रष्टाचार हो सकता है क्या भगवान के साथ भी कोई भ्रष्टाचार करता है? क्या अब उन्हें (बीजेपी को) बदलने का समय नहीं आ गया है? प्रियंका गांधी ने कहा कि आज आदिवासी समाज की गौरव और गोंडवाना साम्राज्य की महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी की जयंती है। उन्हें मेरा शत-शत नमन। आदिवासी नायक भीमा नायक जी, शंकर शाह जी, रघुनाथ शाह जी और बादल भोई जी की विरासत को नमन।

### आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की जरूरत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो दिवसीय आतंकवाद विरोधी सम्मेलन 2023 में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें न केवल आतंकवाद से लड़ने की जरूरत है, बल्कि इसके पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को भी खत्म करने की जरूरत है। इसके लिए हमें पूरी सरकार और टीम इंडिया की भावना के साथ काम करना होगा। सभी आतंकवाद विरोधी एजेंसियों को ऐसा कठोर दृष्टिकोण अपनाना होगा कि नए आतंकवादी संगठन न बन सकें। कहा कि एनआईए, एटीएस और एसटीएफ का काम केवल जांच तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें लीक से हटकर सोचना चाहिए और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए नए कदम उठाने चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक स्तर से लेकर जमीनी स्तर तक सहयोग की आवश्यकता है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी शामिल है।

# मप्र को पीएम मोदी ने दी सौगात

- कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र तहस-नहस हो गया है
- गारंटी है मप्र विकास में टॉप पर आएगा
- गरीबों का पैसा लूटने नहीं दूंगा




**जबलपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के जबलपुर में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मध्य प्रदेश चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री लगातार राज्य को सौगात दे रहे हैं।

इस मौके पर मोदी ने ककहा कि आज देश वीरांगना रानी दुर्गावती जी की 500वीं जन्मजयंती मना रहा है। रानी दुर्गावती गौरव यात्रा के समापन अवसर पर मैंने उनकी जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का आह्वान किया था। आज हम सभी इसी उद्देश्य से यहां एकत्र हुए हैं। हमारे पूर्वजों का ऋण चुकाने के लिए एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश में अगर रानी दुर्गावती जैसी कोई वीरांगना होती तो वो देश पूरी दुनिया में उछल-कूद करता। आजादी के बाद हमारे देश में भी यहीं होना चाहिए था, लेकिन हमारे महापुरुषों को भुला दिया गया। मोदी ने कहा कि राज्य में 12 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है। पानी और गैस की पाइपलाइन हो या फोर-लेन सड़क नेटवर्क, ये लाखों लोगों का जीवन बदल देगा। इससे किसानों को फायदा होगा और नए कारखाने लगेंगे। युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के पर्व पर भाई, बहन को कुछ भेंट देता है। रक्षाबंधन के पर्व पर हमारी सरकार ने सभी बहनों को गैस सिलेंडर सस्ता कर दिया था। इस समय उज्ज्वला के लाभार्थी बहनों के लिए सिलेंडर 400 रुपए तक सस्ता किया गया और अब कुछ ही दिनों के बाद दुर्गापूजा, नवरात्रि, दशहरा और दिवाली... ये त्योहार आने वाले हैं तब ये मोदी सरकार ने उज्ज्वला का सिलेंडर कल ही एक बार और 100 रुपये सस्ता कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आज अपने नौजवान साथियों को कुछ पुरानी बात याद कराना चाहता हूं। 2014 से पहले आए दिन कांग्रेस सरकार के हजारों-करोड़ रूपये के घोटाले हेडलाइन बना करते थे। जो पैसा गरीब पर खर्च होना था, वो कांग्रेस के नेताओं की तिजोरियों में जा रहा था। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद जब आपने हमें सेवा का मौका दिया तो हमने कांग्रेस सरकार की उन भ्रष्ट व्यवस्थाओं को बदलने का अभियान चलाया। हमने तकनीक का इस्तेमाल करके करीब 11 करोड़ फर्जी नामों को सरकारी दस्तावेजों से हटाया। ये वो नाम थे, जिनका कभी जन्म ही नहीं हुआ था लेकिन सरकारी दफ्तर से खजाना लूटने का रास्ता बन गया था।

### मुख्यमंत्री का पीलीभीत दौरा आज

**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को पीलीभीत का दौरा करेंगे। दोपहर 1:25 बजे वह हेलीकॉप्टर से वन विभाग के मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। यहां वह वन महोत्सव के समापन समारोह में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम भी जारी हो गया है। वह करीब पौने दो घंटे यहां रहेंगे। बृहस्पतिवार को कमिश्नर व आईजी ने गेस्ट हाउस पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। लखनऊ से आए वन विभाग के अफसर भी दिन भर मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस में तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर शुक्रवार को 1.25 बजे मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस के नजदीक बनाए गए हेलीपैड पर उतरेगा। 1:30 बजे मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। इस दौरान वह वन्यजीवों से संबंधित प्रदर्शनी देखेंगे।




### हस्तक्षेप — तनाव के बीच भारत की दो टूक

# हमारा ध्यान कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता सुनिश्चित करने पर: अरिंदम बागची



> यूके में दो अक्तूबर को एक विरोध प्रदर्शन हुआ था और हमने निश्चित रूप से वहां राजनयिकों और परिसरों की सुरक्षा पर अपनी चिंताओं को यूके के अधिकारियों के सामने उठाया है। यह एक सतत बातचीत रही। हमारा मुद्दा सुरक्षा का है और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि हमारे राजनयिक सामान्य रूप से कार्य करने में सक्षम हैं। हमारे परिसर सुरक्षित हैं और समुदाय को लक्षित नहीं किया गया है।
> **अरिंदम बागची**

- अफगान दूतावास को बंद करना उनका अपना निर्णय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कनाडा से अपने राजनयिकों की संख्या सीमित करने के आह्वान को दोहराया। कनाडा से राजनयिकों की संख्या सीमित करने को कहने के मामले में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमने भारत में कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता की मांग की है। इस संबंध में चर्चा जारी है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत का प्राथमिक ध्यान दो चीजों पर है, पहला कनाडा में ऐसा माहौल होना, जहां भारतीय राजनयिक ठीक से काम कर सकें और दूसरा कूटनीतिक ताकत के मामले में समानता हासिल कर सकें। गौरतलब है कि बीते महीने भी भारत ने कनाडा के आंतरिक मामलों में राजनयिक हस्तक्षेप का हवाला दिया था। साथ ही कहा था कि राजनयिक कर्मचारियों की संख्या में समानता होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने नई दिल्ली में अफगानिस्तान के दूतावास द्वारा एक अक्तूबर से परिचालन बंद करने पर भी प्रतिक्रिया दी। इस मुद्दे पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमारी समझ यह है कि नई दिल्ली में दूतावास काम कर रहा है या काम करना जारी रखेगा। हम वहां मौजूद अफगान राजनयिकों और मुंबई और हैदराबाद में वाणिज्य दूतावासों में मौजूद अफगान राजदूत के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, हमें पिछले सप्ताह कथित तौर पर दूतावास से संचार प्राप्त हुआ था, जिसमें संकेत दिया गया था कि वह सितंबर के अंत में परिचालन को निलंबित करने का इरादा रखते है। बेशक, ऐसा निर्णय यह एक विदेशी मिशन का आंतरिक मामला है। हालांकि, हमने नोट किया है कि मुंबई और हैदराबाद में अफगान वाणिज्य दूतावासों ने उस निर्णय या ऐसे निर्णय पर अपनी आपत्ति व्यक्त की है। हम यह भी जानते हैं कि राजदूत की लंबे समय से अनुपस्थिति रही है।

### रायपुर में भू-पे ऐप लॉन्च

**रायपुर।** केंद्रीय खेल एवं युवक कल्याण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज रायपुर के एक होटल में भ्रष्टाचार स्कैनर भू-पे एप लॉन्च किया। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से लड़ने बीजेपी की ये अहम रणनीति मानी जा रही है। बीजेपी का दावा है कि वो इस स्कैनर के जरिए भूपेश बघेल सरकार के सभी भ्रष्टाचार को लोगों तक पहुंचाएगी। केंद्रीय मंत्री ने इस एप को लॉन्च करते हुए भूपेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने टेक्नोलॉजी का उपयोग करके भू-पे एप बनाया है, जो छत्तीसगढ़ की सरकार की भ्रष्टाचार की पोल खोलेगी। उन्होंने कहा कि पहले राज्य में भेदभाव होता था। हमने छत्तीसगढ़ को एक अग्रणी राज्य बनाया। राज्य की भूपेश सरकार ने 5 साल में छत्तीसगढ़ का हाल-खराब कर दिया है। गंगाजल हाथ में लेकर कांग्रेसियों ने कसम खाई थी शराबबंदी कराएंगे पर शराबबंदी तो दूर उल्टे छत्तीसगढ़ में शराब की नदियां बह रही हैं।

# चौपाल के जरिए खेत में खड़े होकर किसानों को पराली ना जलाने का संकल्प दिला रहे हैं अफसर

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के



लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा। डीएम के निर्देश पर सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपने तहसील क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर किसानों को पराली जलाने के दुष्प्रभाव बता रहे हैं। गांव में कहीं चौपाल के जरिए तो कहीं खेत में खड़े होकर किसानों को पराली ना जलाने का संकल्प दिला रहे हैं।राजस्व अधिकारी ग्राम चौपाल के जरिए पराली व फसल अवशेषों के बेहतर प्रबन्धन से भूमि की उर्वरा शक्ति में इज़ाफा करने के तौर तरीके बता रहे हैं। इनसीटू यंत्रों के उपयोग से खेतों में मिलाकर कम्पोस्ट खाद बनाई जा सकती है अथवा अवशेष पराली को आस-पास की गौशाला को दान किया जा सकता है। डीएम के निर्देश पर तहसील सदर में एसडीएम श्रद्धा सिंह, गोला में रत्नाकर मिश्रा, मोहम्मदी में डॉ अवनीश, धौरहरा में धीरेंद्र सिंह, निघासन में अश्विनी कुमार सिंह, मितौली में विनीत उपाध्याय, पलिया में कार्तिकेय सिंह जागरूकता की कमान स्वयं अपने हाथों में लिए हुए है। जागरूकता अभियान की प्रगति की डीएम स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं।तहसीलदार निघासन भीमसेन ने ग्राम गंगानगर में पराली प्रबंधन के लिए ग्रामवासियों से संवाद किया तथा शपथ दिलाई। तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल ने कई गांव में पराली प्रबंधन जागरूकता अभियान के तहत ग्रामवासियों से संवाद स्थापित कर शपथ दिलाई गई। मितौली तहसील में ग्राम कपासी, मितौली, रौतापुर, रहजानिया, लिधियायी, हरनहा में पराली जलाने के दुष्प्रभावों, एसएमएस/रीपर लगी कंबाइन हार्वेस्टर मशीन चलाने, डिकंपोज़र के प्रयोग , पराली प्रबंधन के बिंदुओं पर चर्चा और इस संबंध में जनसंकल्प हेतु बैठक की गई। पलिया तहसील के ऐठपुर गजरौरा में विभिन्न किसानों से धान कटाई हेतु पराली प्रबंधन पर वार्ता की गई एवं उन्हें पराली न जलाने का संकल्प भी दिलाया। तहसील सदर के ग्राम गुलरीपूर्वा, सेहरुआ, कीरतपुर, चकईपुरवा में पराली प्रबंधन के संबंध में तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह किसानों से संवाद करके जागरूक किया।

### पराली को जलाएं नहीं, करें इसका बेहतर उपयोगः डीएम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने किसानों से अपील की पराली-फसल अवशेषों को जलाए नहीं, वरना उसे इन सीटू यन्त्रों (मल्चर, रोटावेटर, रिवर्सेबल एम.वी. प्लाऊ अन्य उपयोगी कृषि यंत्रों ) का प्रयोग कर खेतों में मिलाकर कम्पोस्ट खाद बनाएं, इससे भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी। फसल का उत्पादन भी बढ़ेगा। डीएम ने किसानों को सुझाव दिया कि खेती के साथ-साथ फसल अवशेष व पराली प्रबन्धन में वैज्ञानिक विधि व अत्याधुनिक कृषि यन्त्रों का प्रयोग कर अपनी आय में इज़ाफे के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में सहयोग कर पृथ्वी के वातावरण को जीवन योग्य बनाए रखने में मदद करें।

## आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त पर कार्यवाही

**लखीमपुर खीरी।** थाना भीरा पुलिस द्वारा ग्राम चौखडा मे दिनांक 03.10.2023 की रात्रि मे राम औतार राज पुत्र सुरजबली द्वारा विवादित जमीन पर छप्पर डालकर अपने विपक्षी अन्नू त्रिवेदी व रामसेवक अवस्थी को फसाने के लिए स्वंय से छप्पर मे आग लगाने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 488/2023 धारा 182 भादवि पंजीकृत किया गया तथा विपक्षी अन्नू त्रिवेदी द्वारा रामसेवक अवस्थी के नाम पर रजिस्ट्रड लाईसेंसी शस्त्र विवादित जमीन पर लिए दिखाई देने के सम्बन्ध मे लाइसेंसी शस्त्र एक अदद 12 बोर ~~छक्कुरू~~ रायफल नं0 13725-98 मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद कर अभियुक्त रामसेवक अवस्थी पुत्र चन्द्रभाल निवासी ग्राम चौखडा थाना भीरा अन्नू त्रिवेदी पुत्र गुरुप्रसाद त्रिवेदी निवासी ग्राम बिलरिया थाना फरधान के विरूद्ध मु0अ0सं0 489/2023 धारा 29/30 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मोटे अनाज के उपभोग पर जोर देने के लिए निकाला रोड शो

# केंद्रीय मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मिलेट्स अंतरराष्ट्रीय वर्ष 2023 के क्रम में कृषि विभाग की ओर से उप्र मिलेट्स (श्री अन्न) पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिला स्तरीय मेगा रोड शो हुआ। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कलक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि सभी देश वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मना रहे हैं। श्री अन्न में ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, सांवा, रामदाना, कुट्टू, कंगनी, चेना व काकून शामिल है। श्री अन्न के सम्बन्ध में जन-जागरूकता के लिए रोड शो का आयोजन किया गया है।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मोटे अनाजों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए रैली का आयोजन किया जा रहा।




इसके माध्यम से लोगों को मोटे अनाज की उपयोगिता बताई जाएगी। जन-जागरूकता गोष्ठियों के जरिए आमजन को श्री अन्न से अवगत कराया जा रहा। आज के रोड शो में सम्मिलित कृषकों के हाथों में श्री अन्न से सम्बन्धित स्लोगन लिखे हुए थे। जिसमें से प्रमुख स्लोगन हमें हर्ष है, 2023 अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष है, उत्सव त्योहारों के व्यंजन, सम्मिलित हो इसमें श्री अन्न, भारत की पहल, भारत की शान, श्री अन्न को मिली वैश्विक पहचान÷ जैसे अनेक स्लोगन लिखे हुए थे। आज के रोड शो में जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से आए हुए 500 से अधिक कृषकों एवं कृषि विभाग से सम्बन्धित कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विनीत मनार, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, अंबरीश सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक सहित बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

## डीएम ने 72वीं जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित 72वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों को खेलकूद के लिए जरूर प्रोत्साहित करना चाहिए। ऐसी प्रतियोगिताओं से जहां बच्चों की प्रतिभा निकलकर आती है तो वही उनका सर्वांगीण विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि वे एक खिलाड़ी को कई चीजें सिखाते हैं जो उसे जीवन में एक बेहतर इंसान बनने में मदद करते हैं। मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने कहा कि खेल एक व्यक्ति के दिमाग को स्वस्थ और सक्रिय रखने में मदद करते हैं। जिसके कारण उनकी नकारात्मक ऊर्जा चली जाती है और सकारात्मक ऊर्जा हर जगह फैल जाती है। यह लोगों को मजबूत, आत्मविश्वास और कुशल बनाता है और इसके मानसिक और शारीरिक विकास और चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए जिला क्रीड़ा सचिव अजय सिंह चंदेल ने बताया कि इसमें लखनऊ मंडल के समस्त जनपदों से लगभग 625 प्रतिभागी भाग कर रहे हैं तथा साथ में उनके लगभग 90 शारीरिक शिक्षक टीम कोच मैनेजर के रूप में भी इस प्रतियोगिता में शिरकत कर रहे हैं।

इस मौके पर डीआईओएस ओमकार राणा, बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह, संयोजक जीआईसी के प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार श्रीवास्तव सह संयोजक गौरा प्रधानाचार्य मेजर हरिश्चंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गौ आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** खण्ड विकास अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने मंगलवार को गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। जिला अधिकारी के दिशा निर्देश के क्रम में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा गौ आश्रय स्थल पिपरिया कप्तान, मंजगवा, करौंदा का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में स्थापित सुविधाओं के अलावा पानी, भूसा, चोकर, उपस्थित सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। छोटी छोटी कमियां मिलने पर तत्काल सुधार करने के आदेश दिए और कहां कि ठण्ड का समय आ रहा है जिन गौशालाओं में पशुओं की मात्रा ज्यादा है वह सभी अभी से टीन सेड डाल ले। पशुओं को ठण्ड से बचाव के लिए सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। ठण्ड के समय सुविधा न मिलने पर निश्चित रूप से कार्यवाई की जाएगी। पशुओं के के लिए हरे चारे की बुवाई करवा दें ताकि पशुओं को हरा भरा चारा मिलता रहे। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। अगर कोई भी पशु बीमार होता है तत्काल डाक्टर को सूचना दें ताकि उसकी तत्काल प्रभाव से इलाज चालू हो। जो भी ब्लाक क्षेत्र में गौशाला हैं उनमें किसी भी हालत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिस कर्मचारी की लापरवाही पाई गई उस पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाई की जाएगी।



हम सभी को सरकार के मंशा के अनुरूप कार्य करना है और बताया कि जिला अधिकारी का सख्त निर्देश दिए हैं यदि किसी गौशाला में ठण्ड व भूख से मृत होती है तो जिम्मेदार कड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहे।

## एकीकृत निर्वाचक नामावलियों को आलेख्य प्रकाशन की तिथि बदली अब 27 अक्टूबर को होगा प्रकाशनः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में उपलब्ध करायी गई समय-सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 17 अक्टूबर को प्रस्तावित था, जिसे परिवर्तित करते हुये एकीकृत निर्वाचक नामावलियों को आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर को होगा। उक्त जानकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी।विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 का कार्य 27 अक्टूबर से शुरू होकर अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2024 तक चलेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अधिकारियों यथा-जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आयोग की अनुमति के बिना पुनरीक्षण अवधि आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर से अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2024 तक स्थानान्तरित करने पर रोक लगा दी गयी है।

### विमोचन व परिचर्चा आठ अक्टूबर को

**लखीमपुर खीरी।** सार्थक लाइब्रेरी एवं परिवर्तन फांउडेशन के सौजन्य से आठ अक्टूबर को सुबह दस बजे सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज मिश्राना में कथाकार सुरेश सौरभ की सद्यः प्रकाशित पुस्तक गुलाबी गलियाँ पर विमर्श होगा। कवयित्री डॉ. मृदुला शुक्ला मृदु की नवीनतम पुस्तक मधुवन में मधुमास-(हाइकु संग्रह) तथा युवा इतिहासकार डॉ.आदित्य रंजन की नई पुस्तक भारतीय संविधान की एक झलक का विमोचन होगा। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहेंगी। डॉ. राकेश माथुर, श्याम किशोर बेचैन, सत्य प्रकाश शिक्षक, अखिलेश कुमार अरूण, रमाकांत चौधरी, राम बाबू, विकास सहाय, आदि गणमान्य लोग विचार गोष्ठी में मौजूद रहेंगे।

### तेज रफ्तार पिकअप ने तीन बालकों को रौंदा एक की मौके पर मौत

**लखीमपुर खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र में पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर बृहस्पतिवार सुबह बसढ़िया चौराहा के पास तेज रफ्तार पिकअप ने तीन दोस्तों को रौंद दिया। इससे एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। दो घायल हो गए। इन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। तीनों दोस्त एक ही गांव के निवासी थे। सुबह-सुबह हाईवे पर टहल रहे थे थाना खमरिया क्षेत्र के महरिया गांव निवासी शत्रोहन लाल का 14 वर्षीय पुत्र मोहित भार्गव गांव के दो अन्य साथियों रामजीवन के 14 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार और अंगन के 12 वर्षीय पुत्र शोभित भार्गव के साथ बृहस्पतिवार सुबह करीब चार बजे पीलीभीत- बस्ती हाईवे पर टहलने निकले थे बताया जा रहा है कि तीनों दोस्त टहलने के बाद सड़क किनारे बैठकर सुस्ताने लगे इसी दौरान सिसैया से लखीमपुर जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने तीनों को टक्कर मार दी। हाईवे किनारे टहल रहे अन्य लोगों ने हादसा देखकर तीनों बच्चों को खमरिया सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मोहित भार्गव को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों बच्चों नीरज और शोभितको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया हादसे में मृत मोहित भार्गव उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा आठ का छात्र था जबकि घायल नीरज कक्षा आठ और शोभित कक्षा छह का छात्र है पिकअप चालक पिकअप छोड़ कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया।

## जिला अधिकारी ने किया महराजगंज तहसील का औचक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** नवागत जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने



बृहस्पतिवार को महराजगंज तहसील मुख्यालय तथा ब्लॉक का निरीक्षण किया तहसील में एसडीएम की अदालत में फाइलें ना दिखा पाने पर उन्होंने एसडीएम के पेशकार को जमकर लताड़ लगाई इसके अलावा तहसील के विभिन्न पटलों पर हो रहे कामकाज कि उन्होंने मौके पर जाकर समीक्षा की तथा राजस्व कर वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया ब्लॉक में उन्होंने वीडियो से कहा की जो भी एमबी उनके पास भुगतान स्वीकृत के लिए लाई जाती है, उनका भलीभांति देखकर ही अग्रिम कार्रवाई करें। आपको बता दे की वार्षिक मुआयने पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर लगभग 12:00 बजे तहसील परिसर पहुंची हालांकि इससे पहले उन्होंने एक टीम तहसील भेज रखी थी जो विभिन्न कार्यालयों में चल रही कार्यवाही का निरीक्षण करने में जुटे थे जब डीएम तहसील परिसर पहुंची तो मुआयने की शुरुआत उन्होंने एसडीएम कार्यालय व न्यायालय से शुरू की उन्होंने पेशकार शिशुपाल यादव से धारा 116 व24 की फाइलें मांगी लेकिन पेशकार समय पर दिखा नहीं पाए इस पर डीएम काफी गुस्से में आ गई और उन्होंने पेशकार को जमकर लताड़ लगाई इसके अतिरिक्त उन्होंने एसडीएम कार्यालय का भी निरीक्षण किया इसके उपरांत वह कोषागार नायब नाजिर कार्यालय नायब तहसीलदारों के न्यायालय के अलावा कलेक्शन ऑफिस पहुंची यहां भी उन्होंने कामकाज को देखा थोड़ी देर के लिए वह खतौनी काउंटर पर भी पहुंची और खतौनी ले रहे काश्तकारों से यह जानकारी की की खतौनी देने के ऐवज में कहीं ज्यादा पैसा तो नहीं वसूला जा रहा इसके उपरांत डीएम तहसील के कामकाज से संतुष्ट होकर ब्लॉक पहुंची जहां बीडीओ वर्षा सिंह ने उनकी अगवानी की यहां पर डीएम ने चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की तथा कई महत्वपूर्ण फाइलों को मंगा कर देखा बीडीओ को हिदायत दी की भुगतान के लिए जो भी एमबी उनके सामने लाई जाए उनका भलीभांति बारीकी से परीक्षण करके ही भुगतान करें डीएम ने एडीओ पंचायत शिखर शुक्ला को तलब कर उनसे उनके के कामकाज की जानकारी ली और निर्देश दिया की शासन के निर्देशों के तहत विकास कार्यों में गति लाएं इस दौरान एसडीएम राजितराम गुप्ता सीओ इंद्र पाल सिंह बीडीओ वर्षा सिंह कोतवाल बालेंदु गौतम एडीओ पंचायत शिखर शुक्ला सहित आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में छात्राओं को सुरक्षा सम्बंधी विभिन्न जानकारी प्रदान की गयी

**रायबरेली।** मिशन शक्ति अभियान के क्रम में 'शक्ति दीदी' कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सर्किल लालगंज नोडल अधिकारी निरीक्षक शिवा शुक्ला क़112 व उप-निरीक्षक श्रीमती सरोज सिंह चौकी प्रभारी कस्बा लालगंज व एण्टी रोमियो/महिला बीट अधिकारी द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत स्थित चन्द्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल, व बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में छात्राओं को साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा सम्बंधी विभिन्न जानकारी प्रदान करते हुये जागरूक किया गया । इस दौरान छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जैसे-(वूमेन पावर लाइन 1090), (महिला हेल्प लाइन 181), (एम्बुलेंस सेवा 108), (मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076), (पुलिस आपातकालीन सेवा 112), (चाइल्ड हेल्पलाइन 1098), (स्वास्थ्य सेवा 102), (ऑन लाइन साइबर फ्राड हेल्प लाइन नं-1930) आदि नम्बरों के सम्बंध में जानकारी भी प्रदान की गयी।

# सहकारिता में लोगों की बढ़ी सहभागिता

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** बुधवार को जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विष्णु मौर्य ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से सहकारिता अब उन्नति के पथ की ओर अग्रसर हो रही है। यही वजह है कि सहकारिता में आम जनमानस की सहभागिता बढ़ी है।

उन्होंने बताया कि 1 सितंबर से 30 सितंबर तक जिले में सदस्यता महाअभियान चलाया गया था। जिले को 54880 सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला था। सभी के सहयोग से हम लक्ष्य से भी आगे निकल गए। जिले में कुल 55526 सदस्य बनाए गए हैं। इतना ही नहीं कुल सदस्य वृद्धि करते हुए 13046282रुपए अंशदान भी जमा कराया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित के लिए सहकारी बैंक बढ़चढ़ का सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधान मंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप



सहकारिता को घर-घर तक पहुंचाना हैं। किसानों की आय को दोगुना करने के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाना है। इस मौके सहायक निबंधक नवीन चंद्र शुक्ला, कार्य पालक अधिकारी सुनील कुमार, धर्मेंद्र कुमार, भाजपा जिला महामंत्री रमेश भार्गव दीपू आदि मौजूद रहे।

### ईकेवाईसी का कार्य 15 अक्टूबर तक पूरा कराएं

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अर्न्तगत 15वीं किस्त से पूर्व सभी वंचित पात्र कृषकों का भूलेख अंकन, बैंक खाते की आधार सीडिंग की जाएगी। ई-केवाईस का कार्य 15 अक्टूबर तक पूर्ण कराया जाना है। योजनान्तर्गत पात्र कृषकों का भूलेख अंकन, बैंक खाते की आधार सीडिंग तथा ई-केवाईसी के कार्य की शतप्रतिशत एवं समयबद्ध सम्पूर्ति हेतु निम्नलिखित कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जनपद में सम्पूर्ण अभियान के अनुश्रवण हेतु मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। नोडल अधिकारी द्वारा ईकेवाईसी (राजस्व ग्रामवार नामित कर्मचारियों तथा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से सम्पन्न ईकेवाईसी) कार्य तथा पेन्डिंग लैण्ड सीडेड एवं बैंक आधार एकाउण्ट के लिंकिंग कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जायेगी। उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक एवं जन सेवा केन्द्रों से समन्वय स्थापित कर उपरोक्तानुसार सघन अभियान की माइक्रो प्लानिंग तैयार की जायेगी।

### संघर्ष समिति का किया गया गठन

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की संघर्ष समिति कसमंडा विकास खंड क्षेत्र मे का गठन किया गया। विकासखंड कसमंडा के ब्लॉक संसाधन केंद्र कसमंडा पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक की गई। बैठक में आगामी होने वाले आंदोलन में ब्लॉक स्तर पर संघर्ष समिति का गठन ब्लॉक अध्यक्ष गिरिजेश अवस्थी द्वारा किया गया। संघर्ष समिति में रमेश चंद को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं अचल सिंह को मंत्री मनोनीत किया गया है। अभिषेक सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं 11 पदाधिकारी का मनोनीत किया गया। बैठक में 9 अक्टूबर को होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन लखनऊ में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रणनीति भी बनाई गई। सभी अध्यापकों में धरने में प्रतिभाग करने को लेकर विचार विमर्श भी किया गया। इस अवसर पर पवन त्रिपाठी, जिला कार्य समिति ज्ञानेश बाजपेई, अजीत प्रताप सिंह, आदर्श पांडे, रोहित शुक्ला, हिमांशु, विनोद बिहारी दीक्षित, कमलेश कुमार, रेनू अवस्थी, भावना तिवारी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, 1 अभियुक्त मय आलात्कल सहित गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** अपराधियों के विरूद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत आज दिनांक 05 अक्टूबर 2023 को थाना खीरों व एसओजी टीम रायबरेली की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या-433/2023 धारा-302(विवेचना के दौरान बढोत्तारी धारा-392,411 भादवि) बनाम अज्ञात से संबंधित विवेचनात्मक कार्यवाही के आधार पर प्रकाश मे आये अभियुक्त मोनू पुत्र राम कुमार पासी निवासी ढकवा का पुरवा थाना खीरों रायबरेली को थाना क्षेत्र के ईंट भट्ठे वृहद ग्राम दुकनहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना स्थल के कुछ दूरी पर पानी से भरे हुए गढ्ढे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद बांका, झाडियों से अभियुक्त के कपडे व 1,50,300/- बरामद किया गया है।

अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है । पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 5000/- रुपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गयी। घटना इस प्रकार है कि दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को समय लगभग 3:45 बजे डायल 112 के माध्यम से थाना खीरों पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुकनहा के पास स्थित भट्ठे के निकट छंगालाल पासवान पुत्र सुखई पासवान उम्र लगभग 60 वर्ष (ग्राम चौकीदार) निवासी ग्राम अजीतपुर थाना खीरों रायबरेली का शव मिला था। मृतक के सिर पर चोट का निशान था। सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक रायबरेली, क्षेत्राधिकारी लालगंज द्वारा थानाध्यक्ष खीरों व फोरेंसिक टीम/पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था तथा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## यूपी बैंक वेलफेयर कमेटी ने टीबी के 60 मरीजों को गोद लिया

### टीबीमरीजों को गोद लेने वाली अन्य संस्थाओं को भी किया गया सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** क्षय रोगियों को पोषण, सामाजिक वभावनात्मक सहयोग करने के लिए बृहस्पतिवार को यूपी बैंक वेलफेयर कमेटी टीबी के 60रोगियों को गोद लिया। राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलनकार्यक्रम (एनटीईपी) और बड़ौदा यूपी बैंकवेलफेयर कमेटी के तत्वावधान में निजी होटल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में पिछलेवर्ष टीबी मरीजों को गोद लेने वाले स्वयंसेवी संगठनों एवं अन्य संस्थानों (निक्षयमित्रों) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.वीरेंद्र सिंह ने क्षय रोगियों को गोद लेने के निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर क्षय उन्मूलन मेंबढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि टीबी उन्मूलन में इंडियन डेंटल एसोसिएशन, रोटरीक्लब रायबरेली इनरवेल क्लब रायबरेली ऑस्कर प्लाई अतुल गुप्ता व्यापार मंडल व जनपदकी अन्य संस्थाएं जिस तरीके से इस नेक काम में शामिल हैं उसमें यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर उप जिला क्षय रोग अधिकारीडॉ शम्स रिजवान ने बताया कि टीबी के इलाजमें जितना महत्व नियमित दवाओं के सेवन का होता है, उतना ही महत्व प्रोटीन युक्तखाद्य सामग्री के सेवन का होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए क्षयउन्मूलन कार्यक्रम के तहत सरकार समाजसेवियों स्वयंसेवी संस्थाओं, औद्योगिक एवं शैक्षिक संस्थानों के माध्यम से टीबी रोगियोंको गोद लेकर पोषाहार तो वितरित करवा हीरही है साथ ही में उन्हें भावनात्मक सहयोग भी दे रही है। इसके साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज केदौरान टीबी मरीज को पोषण के लिए 500 रुपये की राशि प्रदान की जाती है। यह राशि उनकेबैंक खाते में आती है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने उपस्थितलोगों से कहा कि टीबी के इलाज में सबसे महत्वपूर्ण बात है समय से बीमारी की पहचानऔर इलाज। तभी हम प्रधानमंत्री के साल 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को पूरा करसकते हैं।

इस मौके पर राष्ट्रीय फैशनप्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) के निदेशक डॉ भरत शाह ने कहा कि टीबी मरीजों कीदेखरेख की जिम्मेदारी समाज के लोगों को लेनी पड़ेगी। हमें इनका सहयोग करना है जिससे कि उनका मनोबल न टूटे। कार्यक्रम में जिले की प्रसिद्ध स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. सुमेधा रस्तोगी ने कहा कि टीबी रोग से ग्रसित जो भी महिला उनकेचिकित्सालय में इलाज के लिए आएंगी, उनकाउपचार एवं परामर्श निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। बड़ौदा यूपी बैंक वेलफेयर कमेटी केअध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान मेंसभी को सहयोग करना चाहिए, तभी हम देश को टीबी मुक्त कर पाएंगे।

### दो शातिर चोर गिरफ्तार

सीतापुर। अटरिया थाना पुलिस टीम ने क्षेत्र के ग्राम अलहियापुर मोड़ पर छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने शिवनाथ पुत्र राममिलन निवासी ग्राम मझिगवा थाना सिधौली व मनोज पुत्र परमेश्वर निवासी अल्लीपुर मजरा पेड़रा थाना मानपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के 9 हजार रुपये, 4 बैट्री, एक मोबाइल व एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि इन चोरों ने थाना सिधौली, थाना कमलापुर क्षेत्र में चोरियां की हैं।


### चोरी की बाइकों समेत दो गिरफ्तार

सीतापुर। तालगांव थाना पुलिस टीम ने क्षेत्र के कसरैला तिराहे पर चेकिंग शुरू की। यहां पर पुलिस ने तालगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पारा सरांय निवासी सुरेश कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र पूरनलाल को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि सुरेश कुमार शातिर आटोलिफ्टर है। उसके कब्जे से चोरी की दो बाइकें बरामद की हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, पुलिसकर्मी नीरज, दीपक आदि शामिल हैं।

## मेरा हुनर मेरी पहचान कार्यक्रम नृत्य प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**गाजियाबाद।** 5 अक्टबर को राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोरी



गाजियाबाद में मेरा हुनर मेरी पहचान कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था में बच्चों द्वारा गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता 7 बच्चों को 08/10/2023 को आयोजित समापन समारोह में पुरुस्कार प्रदान किये जायेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित महिला कल्याण अधिकारी गाजियाबाद श्रीमती नेहा वालिया द्वारा बच्चों को बताया गया कि आज भारत की बेटियाँ खेल जगत संगीत जगत व हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही है। कार्यक्रम में प्रभारी श्रीमती अनुदिता सिंह, क्राफ्ट टीचर श्रीमती नीलम सिंह उपस्थित रही।

# किसान किसी भी दशा में फसल अवशेष न जलायें: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



- खेतों में फसल अवशेष जलाना दण्डनीय
- फसल अवशेष जलाने से मिट्टी की सेहत खराब होने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण पर भी पड़ता है विपरीत असर

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जनपद के कृषक बन्धुओं का आह्वान करते हुए कहा कि फसल अवशेष किसी भी दशा में खेतों में न जलाएं, फसल अवशेष जलाने से जहां एक और मिट्टी की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।


वहीं दूसरी ओर पर्यावरण प्रदूषण में बढ़ोतरी होती है, फसल अवशेषों के जलाने से पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ मिट्टी के पोषक तत्व को अत्याधिक क्षति एवं मिट्टी के भौतिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, फसल अवशेषों के जलाने से सामान्य वायु की गुणवत्ता में कमी, आंखों में जलन एवं त्वचा रोग तथा सूक्ष्म कणों के कारण हृदय एवं फेफड़ों की बीमारियों का खतरा बढ़ेगा, फसल अवशेष खेतों में जलाए जाने के कारण भूमि के बंजर होने की संभावना है। उन्होने कहा कि एन.जी.टी. ने फसल अवशेष जलने पर कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया है, 02 एकड़ में फसल अवशेष जलाने पर रू. 2500, 02 एकड़ से 05 एकड़ तक रू. 05 हजार एवं 05 एकड़ से अधिक के क्षेत्रफल में फसल अवशेष जलाने पर रु.10 हजार प्रति घटना जुर्माने का प्राविधान किया गया है, एक से अधिक बार पराली जलाने की घटना में शामिल कृषकों को शासन की किसी भी जन-कल्याणकारी योजना में लाभान्वित न किए जाने का भी प्राविधान है। उन्होने कहा कि सभी कृषक जिला प्रशासन का सहयोग करें, किसी भी दशा में ऐसा कृत्य न करें जिससे मजबूरन किसानों के विरूद्ध कार्यवाही करने पर मजबूर होना पड़े। श्री सिंह ने राजस्व, कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि ग्राम प्रधान के माध्यम से किसानों को किसी भी दशा में पराली, कृषि अपशिष्ट न जलाने के लिए जागरूक किया जाये, कृषकों को फसल अवशेष जलाने से मिट्टी, जलवायु एवं मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानि के विषय में कृषकों को अवगत कराया जाये, उन्हे यह भी अवगत कराया जाये कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशानुसार खेतों में फसल अवशेष जलाना दण्डनीय अपराध है। उन्होने उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन कृषकों के द्वारा पराली जलाए जाने की घटना सामने आती है उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाये।

# बुजुर्गों की सेवा व सुरक्षा में पुलिस कटिबद्ध: उदय



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** बुर्जुगों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के साथ ही उन्हे यथोचित सहयोग सुलभ कराने के आशय से शासन के निर्देशानुसार चलाये जा रहे आपरेशन सवेरा के अंतर्गत गुरूवार को पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने राधानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवीगंज इलाके में आवासित बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना साथ ही फ्ल व मिष्ठान का वितरण भी किया। बुजुर्गों से मुलाकात करते हुए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशन में मिशन आपरेशन सवेरा शुरू किया गया है। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों व बुजुर्गों का पंजीकरण कराया जायेगा। उन्होने बताया कि किसी भी बुजुर्ग को कोई समस्या है तो वह पुलिस से संपर्क कर सकता है। पुलिस बुजुर्गों की सेवा व सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है। उन्होने कहा कि परिजन भी बुजुर्गों के साथ सौतेला व्यवहार न करें। उन्हें घर से न निकालें। साथ ही उनके साथ अच्छा व्यवहार करते हुए जीवन के अंतिम पड़ाव में अकेला न छोड़ें। ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। उधर एसपी से मिलकर बुजुर्गों ने आभार जताया।

## अमेरिका में जालौन के चार लोगों की संदिग्ध मौत



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अमेरिका के न्यू जर्सी सिटी प्लेस बोरो से एक दुखद खबर सामने आई है। जालौन के उरई के रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर तेज प्रताप, उसकी पत्नी व दो नाबालिग बच्चों की शव घर में संदिग्ध हालत में मिले हैं। शव मिलने से जानकारी जैसे ही उरई में उनके परिजनों को मिली, पूरे घर में मातम छा गया। इस घटना के बाद परिवार के लोग भारतीय दूतावास के संपर्क में है, जिससे घटना की सही जानकारी मिल सके। तेज प्रताप सिंह (45) ने कानपुर आईआईटी से बीटेक किया। उनका घर उरई कोतवाली के मोहल्ला राजेंद्र नगर बंबी रोड पर है। साल 2009 में वो अमेरिका के न्यू जर्सी सिटी प्लेंसबोरो शिफ्ट हो गए। वहां तेज प्रताप एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। वह अपनी पत्नी सोनल (40), बेटे आयुष (10) और बेटी ऐमी (7) के साथ रह रहे थे। बुधवार रात को न्यूजर्सी स्थित आवास पर चारों लोगों के संदिग्ध हालात में शव पाए गए। इस जानकारी पर वहां की पुलिस और जांच एजेंसी ने भारतीय दूतावास को दी। वहीं, स्थानीय पुलिस घर को सीज कर मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है। इधर, तेज प्रताप सिंह के पड़ोसियों ने बताया कि भारतीय दूतावास की तरफ से ही तेज प्रताप सिंह के परिजनों को जानकारी दी गई है। इसके बाद पूरा परिवार दिल्ली के लिए रवाना हो गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## चैतन्य उत्सव का होगा आयोजन

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** प्रेम शक्ति सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा आयोजित 13 अक्टूबर को चैतन्य उत्सव मनाया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान गोमतीनगर में उत्सव का कार्यक्रम होगा। श्री प्रेम शक्ति सेवा संस्थान के सदस्य सीलम श्रीवास्तव ने बताया ने वृक्षारोपण स्वच्छता अभियान के साथ नाम जप और खाना पानी देने का आवाहन किया गया है।

## अपहृत पुत्री की बरामदगी को पिता ने लगाई गुहार



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** एक सप्ताह से गायब पुत्री की बरामदगी के लिए दर-दर भटक रहे पिता ने एसपी से मिलकर पुत्री की बरामदगी कराने व अपहरणकर्ताओं पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। गुरुवार को मलवां थाने के तेलियानी विकास खंड के एक ग्राम के निवासी पिता ने पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि शहर के आबूनगर मुहल्ले स्थित एक अस्पताल में इलाज के लिये आयी पुत्री को अगवा कर लिया गया। उन्होंने सुशील उर्फधन्नू पुत्र मूलचन्द्र विनय कुमार पुत्र सुखराम, कैलाश पुत्र टाई, मूलचन्द्र पुत्र सुखराम, अनिल पुत्र मूलचन्द्र पर पुत्री के अपहरण करने का आरोप लगाते हुए बताया कि प्रकरण की मलवां पुलिस को सूचना देने पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली लेकिन आज तक पुत्री को बरामदगी करने की कोई कार्रवाई नही की गई। साथ ही बताया कि अपहरणकर्ताओं द्वारा लगातार उनके परिवार को धमकियां दी जा रही है जिससे उनके परिवार को लगातार जानमाल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी एसपी कार्यालय में उनके द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था लेकिन कार्रवाई नही हुई। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अपहृत पुत्री की बरामदगी व दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस सात को

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस दि. 07 अक्टूबर को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह तहसील घिरोर में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से समय से तहसील घिरोर में आयोजित सर्म्पूण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील सदर में एवं अपर जिलाधिकारी तहसील कुरावली में उपस्थित रहकर जन-समस्याएं सुनेंगे।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म में दो को बीस साल की सजा

अवधनामा संवाददाता

- दोनों अभियुक्तों पर तीस-तीस हजार का जुर्माना भी लगाया

**फतेहपुर।** नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गुरुवार को पॉक्सो कोर्ट नंबर एक के न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने टेंट संचालक सहित दो आरोपियों को 20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों अभियुक्तों पर अदालत ने 30-30 हजार का जुर्माना भी ठोका है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि 1 जून 2018 को हथगाम थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि गांव के संजय उर्फसंजीव व टेंट संचालक वकील सहित दोनों लोग सुबह करीब 8 बजे उसकी 15 वर्षीय बेटी को अगवाकर शहर के पक्का तालाब स्थित एक मकान में ले गए। यहां दोनों दरिंदों ने मानवता को शर्मसार करते हुए किशोरी के साथ बारी-बारी से बलात्कार किया। इतना ही नहीं दोनों आरोपियों ने लड़की से घटना को किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दबते हुए मौके से भाग गए। दूसरे दिन शाम को रोती बिलखती किशोरी घर पहुंच कर आपबीती सारी दास्तां परिजनों से बयां की। इस पर 6 जून 2018 को पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। घटना की विवेचना के बाद पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की अंतिम सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीडिता सहित पांच गवाहों को अदालत में पेश किया गया। साक्ष और पत्रावलियों के आधार पर कोर्ट ने घटना का दोषी ठहराते हुए आरोपियों को 20-20 साल की सजा के साथ 30-30 हजार रुपये अर्थदंड देने का फैसला सुनाया है।

# एनआईए ने बाप-बेटे सहित तीन को उठाया

अवधनामा संवाददाता



- आतंकवादियों से तार जुड़े होने की आशंका

**फतेहपुर।** बीते दिनों दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल टीम ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। इनमें लखनऊ से गिरफ्तार किया गया 28 वर्षीय मोहम्मद रिजवान अशरफ नाम का युवक भी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रिजवान अशरफका जन्म सऊदी के जेद्दा में हुआ था। पिता का नाम नजीब है। वह फ्तेहपुर का रहने वाला है। यूपी एटीएस की टीम मंगलवार को दिल्ली पहुंच कर रिजवान से पूछताछ की।

पूछतांछ के आधार पर फ़्तेहपुर में एनआईए ने बुधवार सुबह छापेमारी की। इस दौरान टीम बाप-बेटे समेत 3 लोगों को हिरासत में लेकर लखनऊ चली गई। रिजवान अशरफसे पूंछतांछ के आधार पर जिले को आंतकी नेटवर्क के तार से जोड़कर देखा जा रहा है। इसको लेकर बुधवार सुबह पहुंची एनआईए की टीम ने रिजवान की गतिविधियों में लिप्त आरोपियों की तलाश में शहर के तीन अलग-अलग जगहों में छापेमारी की। सूत्रों की मानें तो सुबह करीब नौ बजे एनआईए की चार सदस्यीय टीम शहर के खेलदार मुहल्ले पहुंचकर एक रिटायर जेलर के रिश्तेदार के यहां पहुंची। बताया जा रहा है कि लंबे अरसे से हैदराबाद में रहने वाले इस युवक से टीम ने पूछतांछ की। उसके बाद साथ लेकर शहर के सैय्यदवाड़ा स्थित एक मस्जिद के मुतवल्ली के घर पहुंची। इसके बाद एनआईए की टीम बाकरगंज निवासी सिमी में प्रतिबंधित रहे एक व्यक्ति के आवास पहुंची और हैदराबाद से मंगलवार को लौटे उसके बेटे से पूछतांछ की। करीब आधे घंटे की पूछतांछ के बाद पिता-पुत्र को साथ लेकर लखनऊ चली गई।

### एनआईए टीम के आने की नहीं जानकारी

सीओ सिटी वीर सिंह ने बताया कि एनआईए टीम की शहर में आने की कोई जानकारी नहीं है। टीम द्वारा छापेमारी के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों के बारे में पता किया जा रहा है।

## निबंध प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**अलीगढ़।** अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज़ ने आज अखिल भारतीय उच्च शिक्षा शिक्षक निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र द्वारा 'मिशन लाइफ': पर्यावरण के लिए जीवन शैली विषय पर जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट इवेंट के अंतर्गत किया गया था। कुलपति प्रोफेसर गुलरेज़ ने ग्लोबल वार्मिंग से निपटने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए शक्तिशाली उपायों की आवश्यकता को रेखांकित किया। यूजीसी एचआरडीसी के निदेशक डॉ. फ़ायज़ा अब्बासी ने बताया कि मदुरै के लेडी डोक कॉलेज से डॉ. जे. जयमथी, अमुवि के कानून विभाग से डॉ. मोहम्मद नासिर, शिक्षा विभाग से डॉ. मोहम्मद शाकिर, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक में सिविल इंजीनियरिंग अनुभाग के डॉ. अहमद बिलाल और एएमयू में भौतिकी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर भानु प्रकाश सिंह को सम्मानित किया गया।

## सेवामित्र पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते हैं

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि सेवायोजन विभाग द्वारा सेवामित्र पोर्टल का संचालन किया जा रहा है, इस पोर्टल के माध्यम से जनपद के ऐसे नियोजक, दुकानदार जो जन-सामान्य सेवाएं यथा प्लम्बर, ब्यूटीशियन, टेलर्स, कारपेन्टर, ड्राइवर, टूर एण्ड ट्रेवल्स, मोटर मैकेनिक, इलैक्ट्रीशिन, फ्रिज, ए.सी. मैकेनिक, आर.ओ. टेक्नीशियन, हेयर कटिंग एवं सैलून, मसाज आदि प्रकार की सेवाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। उन्होने बताया कि संस्थान सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित सेवामित्र पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते हैं, पंजीयन कराने के उपरांत विभाग द्वारा उनको एक आई.डी.-पासवर्ड उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके माध्यम से वह अपने संस्थान में काम करने वाले कारीगरों को सेवामित्र के रूप में जोड़ सकते हैं, उक्त प्लेटफार्म पर कोई भी आम व्यक्ति अपनी आवश्यकतानुसार पोर्टल के माध्यम से उक्त सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नम्बर-155330 या जिला सेवायोजन कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

## करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मौहार गांव में बीती शाम घर में करंट की चपेट आकर युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मौहार गांव निवासी रामरतन का 35 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार घर में बिजली के करंट की चपेट आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# धन उगाही की शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई: समीर



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले आवासों के सर्वेयर व अवर अभियंता की बैठक नगर पालिका परिषद के ईओ कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि धन उगाही की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। योजना में पात्र लाभार्थियों को शामिल किया जाये। बैठक में सर्वेयर व अवर अभियंता योगेश तिवारी व डीसी योगेंद्र प्रताप सिंह ने शिरकत की। इसके अलावा पालिका के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए अधिशाषी अधिकारी/प्रधानमंत्री आवास योजना के परियोजना अधिकारी समीर कुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की सर्वोच्च प्राथकिताओं में से एक है। इसलिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होने कहा कि धन उगाही की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि योजना में पात्र लाभार्थियों को शामिल किया जाये। अपात्रों को सूची से बाहर करके नये पात्र लाभार्थियों को शामिल कर पुनः चस्पा कराई जाये। इस मौके पर पालिका के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# अच्छा वैद्य बनने को पाठ्यक्रम की पूर्ण जानकारी आवश्यक: डॉ राजपूत

अवधनामा संवाददाता



- गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज में दीक्षा पाठ्यचर्या का दूसरा दिन

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज, आयुर्वेद कॉलेज में वाग्भट्ट (सत्र 2023-24) बैच के दीक्षा पाठ्यचर्या के द्वितीय दिन बीएएमएस विद्यार्थियों को संबोधित करने हेतु बतौर मुख्य वक्ता महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर के परीक्षा नियंत्रक डॉ सीके राजपूत उपस्थित रहे। डॉ राजपूत ने अपने उद्बोधन मे कहा कि आप यहां चिकित्सक बनने आये हैं। अच्छा वैद्य बनने के लिए अपने पाठ्यक्रम की पूर्ण जानकारी, सतत अध्ययन, प्रायोगिक ज्ञान की आवश्यकता होती हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में वैद्य, औषध, परिचारक और रोगी ये सभी महत्वपूर्ण स्तम्भ की तरह होते हैं। इनके श्रेष्ठ गुणों का संहिताओं मे वर्णन मिलता है। किसी एक के भी गुणहीन होने पर चिकित्सा में पूर्ण सफलता प्राप्त नहीं होती है। इन सबमें वैद्य सर्वोच्च होता है जिसके दिशानिर्देश पर सब कार्य करते हैं। औषध भी रस, गुण, वीर्य, विपाक आदि से पूर्ण होने पर चिकित्सा कार्य मे सिद्धि देने वाला होता है। परिचारक वैद्य के निर्देश पर कार्य करने वाला और रोगी के प्रति करुणा रखने वाला, और रोगी अपने लक्षणों को बताने वाला और सहनशील हो तो चिकित्सा आसान होती है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा कार्य मे सफल होने के लिए मानव शरीर के शरीर रचना और शरीर क्रिया का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही आयुर्वेद चिकित्सक बनना बिना संहिता ज्ञान के सम्भव नहीं है। संहिताओ के अध्ययन के लिए संस्कृत ज्ञान भी अति आवश्यक है। कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ मंजूनाथ एनएस, कक्षा समन्वयक डॉ पीयूष वर्षा सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# राजस्व व पुलिस प्रशासन सीएम के जीरो टॉलरेंस नीति की निकाल रहे हवा

अवधनामा ब्यूरो

- जिले में सैकड़ों से ज्यादा लंबित है भूमि विवाद का मामला
- सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस मात्र कोरमपूर्ती के अलावा कुछ नहीं

**कुशीनगर।** देवरिया स्थित रुद्रपुर के गांव के लेहड़ा टोला में हुए जमीन को लेकर वर्षो से चला आ रहा विवाद ने 6 जिंदगी लील गई। समय रहते प्रशासन के लोग इस विवाद को समाप्त करवा दिए होते तो खूनी संघर्ष नही होता। जिस तरह देवरिया में भूमि विवाद को लेकर नरसंहार हुआ उसके पीछे पुलिस की नाकामी दर्शाती है। पुलिस सक्रिय रहती तो घटना घटित नही होती। देवरिया की घटना को अलग कर कुशीनगर जिले में भी ध्यान दिया जाय तो यहां भी बड़ी संख्या में भूमि विवाद है। बड़ी संख्या में भूमि विवाद होने के बावजूद निस्तारण के लिए कोई ठोस उपाय नही किए जाते है। यूपी के सीएम के भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को कुशीनगर के राजस्व विभाग व पुलिस के लोग हवा निकाल रहे है। पैमाईश के लिए लेखपाल को हजारों चाहिए तो वही पुलिस पशु तस्करी, शराब तस्करी जैसे घिनौने कार्य में संलिप्त है।

बता दें कि तमकुहीराज थाना क्षेत्र के रामपुर राजा में गाटा संख्या 214/215 विद्यावती देवी सेवा न्यास की रजिस्ट्रीकृत भूमि है। जिसके कुछ अंश पर गांव के ही कुछ लोग दबंगई से कब्जा किए हुए है। विद्यावती देवी सेवा न्यास के जिम्मेदार लोग सीएम पोर्टल से लेकर सम्पूर्ण समाधान दिवस/थाना दिवस में दर्जनों बार फरियाद लगा चुके है लेकिन पुलिस व राजस्व विभाग की लापरवाही से भूमि अतिक्रमण मुक्त नही हो पा रही है। इसी तरह का एक और गम्भीर मामला नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नम्बर 7 पटेल नगर का है बेवा अमिता देवी व सुनील कुमार को 2-2 डिसमिल जमीन आवासीय पट्टा के रूप 2014 में दी गई थी लेकिन दबंग किस्म के लोग उक्त पट्टे की भूमि पर काबिज नही होने दे रहे है। पीड़ित पक्ष दर्जनों बार पुलिस व राजस्व विभाग से फरियाद लगा चुका है लेकिन न्याय नही मिला है। एक और मामला राजेश गुप्ता व बलिराम गुप्ता का है। तहसील गेट के बगल में बैनामे की भूमि पर दूसरे लोग काबिज है। उल्लेख किया गया कुछ मामला सिर्फ बानगी है विवाद तो सैकड़ो है।

प्रश्न उठता है कि भूमि विवाद को तमकुहीराज पुलिस व राजस्व विभाग के लोग गम्भीरता से क्यो नही लेते है। किसी मामले को गम्भीरता से नही लिया जाना अपराध है कि नही, अगर अपराध है तो लापरवाह सरकारी मुलाजिम लोगो पर कार्यवाही क्यो नही होती है। भूमि विवाद से सम्बंधित मामलों को गम्भीरता से नही लिया गया तो देवरिया जैसी घटना से इंकार नही किया जा सकता। आंकड़ों पर नजर दौड़ाया जाये तो सम्पूर्ण समाधान दिवस/थाना दिवस में अधिकांश मामले भूमि से सम्बंधित आते है लेकिन सड़ी हुई न्याय व्यवस्था के कारण सैकड़ो लोग परेशान है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस/ थाना दिवस ढाक के तीन पात साबित हो रहे है तो इस आयोजन को बंद कर देना चाहिए। क्योंकि इस आयोजन के माध्यम से अधिकारी कर्मचारी जनता के पैसे से मलाई काटते हैं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में गलत आंकड़ा पेश कर बड़े अधिकारियों को दिग्भर्मित करने वाले स्थानीय अधिकारी समस्या की गठरी खुद बनाते है और दोष आम जनता को देते है।

### राजस्व विभाग के अलावा पुलिस भी कम दोषी नहीं

भूमि विवाद में राजस्व विभाग के साथ पुलिस भी कम दोषी नही है। पुलिस पैसे के लिए कुछ भी कर सकती है इनको पैसे की भूख इस कदर हावी है कि गलत को सही और सही को गलत बनाने में इनको देर नही लगती है। भूमि विवाद सहित अन्य मामलों का निष्पादन समय पूर्व हो और विवाद जस से समाप्त हो जाय इसके लिए तमकुहीराज, हाटा, कसया, पडरौना, कप्तानगंज व खड्डा जैसे तहसीलों व थानों पर जमीनी विवाद से संबंधित मामले लंबित पड़े है। अगर प्रशासन चाह दे तो ससमय मामले का मौके से निस्तारण करा सकती है लेकिन प्रशासन ऐसा न कर मामले को उलझाने में हवा दे देती है और आने वाले समय में यही मामला नरसंहार का रूप ले लेता है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत में ग्रामीणों ने बिछाई पलके

## घर-घर आवभगत, केंद्र व प्रदेश सरकार की बताई उपलब्धियां

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के स्वागत का सिलसिला जारी है। गुरुवार को एकारी ग्राम के ग्रामीणों ने जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल के स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया।

जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल का काफिला जैसे ही गा़ंव में प्रवेश किया लोगों ने घरों से निकलकर जिलाध्यक्ष का स्वागत किया तत्पश्चात स्वागत स्थल पर ग्रामीणों ने चांदी का मुकुट पहनाकर व फूल-मालाओं से लादकर जमकर स्वागत किया। ग्रामीणों द्वारा आल्हा गायन का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कलाकार ने आल्हा प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास नीति पर चलती है। केंद्र एव प्रदेश सरकार द्वारा विकास परख योजनाओं को लागू करने व पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओ को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समाज के सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त है। 2024 में एक बार फ्रि जनता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा सरकार बनाने का काम करेगी। इस मौके पर अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी, पंकज त्रिवेदी, डा. शिव प्रसाद त्रिपाठी, मोहन पाल, विजय यादव, विनय श्रीवास्तव, शैलेंद्र पाल, अश्वनी कुमार, ओम प्रकाश लोधी, तौसीफ उद्दीन, गुलाब मौर्या, मुन्ना पाल, शंकर वर्मा आदि रहे।

# डीएम ने किया सीएचसी कटरा का औचक निरीक्षण

**गोण्डा अवधनामा संवाददाता।** बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार का औचक निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले जिलाधिकारी ने वहां का उपस्थिति रजिस्टर चेक किया, जिसमें पाया गया कि राज मिश्रा आरोग्य मित्र पिछले एक माह से अनुपस्थित चल रहे हैं। इसके साथ ही पर्चा काउंटर पर जाकर जानकारी की गई कि यहां पर पर्चा काटने व देने में किसी प्रकार की मरीजों व तीमारदारों को कोई दिक्कत तो नहीं होती है। इसके बाद उन्होंने प्रसव कक्ष , जननी सुरक्षा वार्ड, रिकॉर्ड रुम, दवा वार्ड, कोल्डचेन वार्ड, वैक्सीनेशन वार्ड, कम्प्यूटर कक्ष आदि का पूरी गहनता के साथ निरीक्षण किया। साथ ही निरीक्षण के दौरान सभी जगहों पर साफ-सफाई की और बेहतर करने के निर्देश सीएचसी अधीक्षक को दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पर्चा काउंटर पर उपस्थित मरीजों / तीमारदारों से वार्ता करते हुए जानकारी ली कि यहां पर पर्चा देने में कोई समस्या तो नहीं होती है। इसके साथ ही उन्होंने जननी सुरक्षा वार्ड में जाकर वार्ड में भर्ती जच्चा व बच्चा के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑनलाईन, ई–टेण्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण, नियम एवं शर्तें भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्रम सं.-01, ई–निविदा संख्या: 50235771, निविदा खुलने की तिथि: 30-10-2023, सामग्री का विवरण: डीजल लोको स्टार्टर बैटरी, 8 वोल्ट, 450 ए यच (एल एम) विथ पीपीसीपी सेल असेंबली हाउस्ड इन एफआरपी आउटर कंटेनर टू आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या-MP. 0.24.00.65 (REV 00) DEC-2009, मांगी गई मात्रा: 12 Nos., बयाना राशि (रू.): ₹23,510/-,

नोट: इच्छुक फर्मे सीसीए द्वारा जारी क्लास-III डिजीटल सर्टिफिकेट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकृत कर सकते हैं। मैनूअल ऑफर स्वीकार्य नहीं है।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक

मुजाधि/एस–76 वाराणसी

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो० नं० : 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# हजरत मोहम्मद मुस्तफ़ा, इमाम ए जाफ़र ए सादिक़ की विलादत पर हुआ जश्ने सादिक़ैन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** करबला सिविल लाइन में हजरत मोहम्मद मुस्तफ़ा व



इमाम ए जाफ़र ए सादिक़ की विलादत पर जश्ने सादिक़ैन हुआ। जश्ने सादिक़ैन में अक़ीदत के फूल बरसे।

इमाम ए जुमा मौलाना मो. रज़ा ज़ैदपुरी ने महफ़िल को ख़िताब करते हुए कहा जो अपनी आखेरत बख़ैर चाहते हैं महफ़िल ए नूर में आते है। दरे सरवर पे बिगड़े मुकद्दर संवर जाते हैं। महफिल की सदारत इमाम ए जमाअत मौलाना हिलाल ने की। आग़ाज़ तिलावते कलामे इलाही से किया और इज़हार ए तशक्कुर भी मौलाना हिलाल ने किया।आलिम साहब ने इमामे जुमा की गुलपोशी की। शायरों ने नज़रानये अकीदत पेश किये। मौलाना हिलाल अब्बास ने पढ़ा बशर क्या करेगा सना ए मोहम्मद, ख़ुदा जब है मिदहत सरा ए मोहम्मद। मौलाना इब्ने अब्बास ने पढ़ा- अहमद की गुलामी पे बहोत नाज़ है मुझको, दौलत की गुलामी मेरा ईमान नहीं है। दुश्मन ये समझता है कि मिट जायेंगे हम लोग इस ख़ाम ख़याली में कोई जान नहीं है। डा. शारिब मौरानवी ने पढ़ा- बरसात की मानिंद हैं रहमत की घटाएं कौसैन से गिरती हुई खुशबू की हवाएं। कशिश संडीलवी ने पढ़ा आज महफिल मेंअदा अज्रे रिसालत क्यूं न हो ज़िक्रे सादिक़ महफ़िल ए मिदहत की ज़ीनत क्यूं न हो। अजमल किन्तूरी ने पढ़ा नबी का नूर जहाँ को मिला मदीने से ये किसने अर्श मिलाया ज़मीं के ज़ीने से। आरिज़ जरगांवीं ने पढ़ा सभी अंजान हैं अब तक मक़ामे मुस्तफ़ा क्या है अबू तालिब बताएंगे नबी क्या हैं ख़ुदा क्या है। अहमद रज़ा ने पढ़ा -मक्के की सर ज़मीन पे भेजा रसूल को ताज़ीम करने आ गया काबा रसूल को। हिलाल ज़ैदी ने पढ़ा ये न कहिये तीरो ख़ंजर नेज़ा ओ तलवार से दीन फैला है फ़क़त सरकार के किरदार से। डा. मुहिब रिज़वी ने पढ़ा हमने दुनियां तेरी दौलत की जुलेख़ा के लिये, यूसुफ ए ज़िक्र को बेचा न तिजारत की है। जिना जफ़रा बादी ने पढ़ा सरहदे इदराक से बाहर है नूरे मुस्तफ़ा आइने पैदा हुए हैं सिर्फ़ हैरत के लिए। मेहदी नक़वी ने पढ़ा आसमां में अब्र रहमत के नज़र आने लगे, अब परिन्दों का फ़िज़ा में चहचहाना देखिये। हाजी सरवर अलीकरबलाई ने पढ़ा- ज़मीं को यूं मोहम्मद ने दिया एख़लाक़ का तोहफ़ा। जेहालत थी जहां घर घर वही अब इल्म का घर है। फ़राज़ बाराबंकवी ने पढ़ा चुप भी हो जाएं अगर हम तो कलम बोलेगा मितहते मुरसले आज़म में सनम बोलेगा। मेहदी ने भी नज़रानये अक़ीदत पेश किया। बानियाने महफिल ने शायरों व आलिमों को तोहफा देकर शुक्रिया अदा किया।

# शौर्य जागरण यात्रा को लेकर विहिप प्रखण्ड की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**देवा बाराबंकी।** विश्व हिंदू परिषद प्रखंड देवा की शौर्य जागरण यात्रा के स्वागत आदि को लेकर दुर्गा धाम मंदिर देवा में आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय गौ रक्षा प्रमुख पूरनजी भाई का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विभाग मंत्री इंद्रेश विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष अनूप सिंह जिला विशेष संपर्क प्रमुख तुलसीराम चौहान प्रखंड अध्यक्ष देवा रामप्रकाश मंत्री वीरेंद्र कुमार बजरंग दल संयोजक हिमांशु सहसंयोजक राजवीर चौहान बजरंग दल विद्यार्थी प्रमुख पीतांबर चौहान विशाल सोनी सहित सैकड़ो उत्साहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 10 दिवसीय रामलीला मंचन का शुभारंभ

**बीकापुर- अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के उमरनी पिपरी चौराहे पर आयोजित होने वाले 10 दिवसीय रामलीला मंचन का बुधवार देर शाम को शुभारंभ किया गया। पहले दिन रावण की तपस्या एवं भगवान शंकर और रावण के प्रसंग का मंचन किया गया। पुरोहित पंडित चंद्रप्रकाश की मौजूदगी में आदर्श रामलीला समिति के प्रबंधक विश्राम वर्मा द्वारा फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित करके रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। डायरेक्शन मोहम्मद जहीर द्वारा किया गया। रामलीला मंत्र का शुभारंभ करते हुए प्रबंधक विश्राम वर्मा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने अपने सामाजिक जीवन में सामाजिक समरसता का संदेश दिया है।

## आवारा सांड के हमले से किसान गंभीर रूप से घायल



**बेलहरा बाराबंकी।** आवारा सांडों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन लोग इन सांडो के हमलों का शिकार हो रहे हैं। बुधवार को खेत की रखवाली करने गए एक किसान पर आवारा सांड ने किया हमला बोल दिया। जिसमें किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की बेलहरा चौकी अंतर्गत ग्राम चिरैया पुरवा निवासी 50 सुरेश पुत्र राजाराम बुधवार की दोपहर अपने खेत में लगी धान की फसल की रखवाली कर करने गए थे। इसी बीच आवारा सांडो का एक झुंड उनके खेत में दाखिल हो गया और फसल को चरना शुरू कर दिया। यह देख सुरेश उन्हे खदेड़ने के लिए दौडे। इसी बीच एक सांड ने उन पर हमला बोल दिया। सांड के हमले से सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गये और उनके बाएं पैर में गंभी चोट आई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और सुरेश को आनन-फानन में इलाज हेतु एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी है। आवारा मवेशियों के आतंक से किसानों में भय का माहौल बना हुआ है। आवारा मवेशियों के पकड़े न जाने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

## बुलेट नही मिली तो विवाहिता के गर्भपात पर उतारू हुए ससुराली, रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी।** दहेज में बुलेट बाइक नही मिली तो गर्भवती विवाहिता का गर्भपात कराने पर उतारू ससुराल वालों के डर से विवाहिता मायके भाग आई। पीड़िता की तहरीर पर ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अजीजमऊ मजरे प्यारेपुर निवासी रामनरेश की पुत्री रूबी यादव ने बताया कि 28 फरवरी को उसका विवाह मनीष यादव पुत्र ननकऊ यादव निवासी भिखारी मिया पुरवा मजरे रसूलपुर किदवाई थाना जहांगीराबाद के साथ हुआ था। उसका पति मनीष यादव व सास रेखा, ननद रेनू पत्नी रोहित जो मायके में ही रहती है। प्रत्येक दिन कम दहेज का ताना देकर मारते पीटते रहते। 18 सितम्बर को 9 बजे सुबह पति मनीष यादव ने मारा पीटा और घर में बन्द करके काम से बाहर चला गया। तभी ननद रेनू व सास रेखा व ननकाऊ पुत्र नामालूम ने दरवाजा खोलकर उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। उसके बाल पकड़कर ससुर ननकऊ ने पटक दिया और सास ननद ने गला दाबकर लात घूसों से मार रहे थे तभी वह किसी तरह से जान बचाकर आंगन की तरफ भागी। मोहल्ले के लोग आवाज सुनकर 112 नम्बर पर फोन कर दिया पुलिस आ गयी और थाने से ही भाई के साथ पार्थिनी को बचाकर मायके वालो के यहां भेज दिया तभी से वह मायके में है। उसके गर्भवती होने की जानकारी होने पर उक्त जन जान से मारकर गर्भपात करना चाहते है और कहते है जबतक बुलट नही देगे तबतक बच्चा नही चाहिये।

## मिनी ओलम्पिक खेलों के लिए डॉ.संदीप बने मण्डल संयोजक

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में आगामी 16 नवम्बर को होने वाली मिनी ओलम्पिक खेलों के लिए डॉ.संदीप गुप्ता को मण्डल संयोजक बनाया गया है। आज जेवी जैन कॉलेज के सभागार में आयोजित बैठक में खेल अधिकारियों ने आयोजन को लेकर अपनी रूपरेखा तय की, जिसमें बताया गया कि वाराणसी क्षेत्रीय खेल ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में मिनी ओलंपिक 16 नवंबर से आयोजित हो रहा है। इस मिनी ओलंपिक में साथ खेलों के खेल खेले जाएंगे। यह प्रतियोगिता सिर्फ अन्डर 19 बालिका वर्ग में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी मंडल भाग लेंगे। सहारनपुर मंडल का संयोजक डॉ.संदीप गुप्ता को बनाया गया है। बैठक में खिलाड़ियों के चयन किए जाने का निर्णय लिया गया और मु.नगर ओलम्पिक एसोसिएशन के आग्रह पर 8 अक्टूबर को मु.नगर के स्पोर्टस स्टेडियम में चयन प्रक्रिया की जायेगी। खेलो में नेटबॉल योग, थ्रो बॉल, ताइक्वांडो, कबड्डी, खो-खो तथा वॉलीबॉल के खेल खेले जाएंगे, क्योंकि ताइक्वांडो कि राज्य स्तर की प्रतियोगिता 8 और 9 को कानपुर में होनी है।

## सड़कों पर लगेंगी सोलर स्ट्रीट लाइटें,अनुदान पर उपलब्ध कराई जा रही स्ट्रीट लाइट

**अयोध्या।** प्रदेश की योगी सरकार ने पूरे प्रदेश में सोलर लाइटों का जाल बिछाने की योजना तैयार की है। जिसके तहत अनुदान पर स्ट्रीट लाइट वितरित की जा रही है। सड़कों एवं ग्रामीण क्षेत्र के मार्गों पर बिजली की व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए यूपी नेडा की ओर से प्रोजेक्ट मोड कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम में अनुदान पर स्ट्रीट लाइट वितरित की जाएगी। सांसद, विधायक, एमएलसी व अन्य जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के लिए मुख्य विकास अधिकारी को प्रस्ताव भेजकर अनुदान पर स्ट्रीट लाइट प्राप्त कर सकते हैं।

परियोजना अधिकारी यूपी नेडा प्रवीण नाथ पांडेय ने बताया मार्ग प्रकाश व्यवस्था के लिए यूपी नेडा की ओर से जैम पोर्टल पर प्रति लाइट 19981 रुपया में उपलब्ध कराई जाती है।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति की हुई बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त अध्यक्ष गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति की बैठक मण्डलायुक्त कार्यालय में आयोजित की गयी। जिसमें पूर्व की बैठक के अनुपालन आख्या की बिन्दुवार समीक्षा की गयी तथा अयोध्या स्थित भजन संध्या स्थल,राम कथा संकुल में ऑडीटोरियम मुक्ताकाशी प्रेक्षागृह के व्यवसायिक संचालन हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से चयनित फर्मो के साथ एमओयू के निष्पादन हेतु प्रारूप पर चर्चा की गयी। समिति द्वारा अयोध्या में दीपोत्सव के आयोजन में राम की पैड़ी एवं अन्य प्रमुख मंदिरों पर विभिन्न अवसरों पर प्रज्जवलित दीपों को संकलित कर ई-दीपोत्सव प्रसाद मोबाइल एप्लीकेशन का निर्माण कर विक्रय करने की सेवाओं के सम्बंध में भी चर्चा की गयी। अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित म्युजिकल एलबम बनाये जाने के सम्बंध में विचार किया गया। मण्डलायुक्त ने म्यूजिक एलबम निर्माण में जिलाधिकारी संतकबीरनगर महेंद्र सिंह तंवर एवं प्रसिद्व साहित्यकार,लेखक यतीन्द्र मोहन मिश्र एवम अन्य प्रमुख साहित्यकारो से भी सहयोग लिये जाने के लिए कहा।

# नाराज अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने दिया धरना

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर- अयोध्या।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी बीकापुर विशाल कुमार की कार्यप्रणाली से गुरुवार को तहसील के अधिवक्ताओं में नाराजगी फैल गई। नाराज अधिवक्ताओं द्वारा गुरुवार दोपहर उप जिलाधिकारी न्यायालय के सामने धरने पर बैठकर प्रदर्शन किया जाने लगा और अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाए जाने लगा। बताया गया कि गुरुवार सुबह रजिस्ट्री कार्यालय के 55 वर्षीय दस्तावेज लेखक प्रेमचंद राय के निधन हो जाने के चलते बार एसोसिएशन बीकापुर के अधिवक्ताओं ने शोक सभा का आयोजन कर एक दिन शोक मनाने का निर्णय लेते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आबाद अहमद खां ने बताया कि शोक सभा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिए जाने के बाद बीकापुर तहसील के सभी अदालतों को शोक प्रस्ताव भेजकर यह अवगत कराया गया कि गुरुवार को बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता शोक मनाते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। तथा सभी अदालतों से सामान्य तिथि निर्गत किए जाने की अपील की गई। जिसके बाद बीकापुर तहसील के उपजिलाधिकारी न्यायालय को छोड़कर शेष सभी अदालतों द्वारा गुरुवार के मुकदमो में सामान्य तिथियां निर्गत कर दी गई। जिसकी जानकारी मिलने पर बार उपजिलाधिकारी विशाल कुमार अपने न्यायालय से उठकर सरकारी वाहन से जिला मुख्यालय की तरफ चले गए। धरना प्रदर्शन के बाद बार अध्यक्ष आबाद अहमद खा ने बताया कि उपजिलाधिकारी का कार्य व्यवहार गलत है। उनकी कार्यप्रणाली को देखते हुए



अध्यक्ष आबाद अहमद खा ने उपजिलाधिकारी को स्थिति से अवगत कराते हुए वादों में सामान्य तिथि लगवाए जाने का आग्रह किया। लेकिन उपजिलाधिकारी द्वारा न्यायालय पर बैठकर वादों की सुनवाई प्रारंभ कर दी गई। जिसे लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया। तहसील के अधिवक्ता बार अध्यक्ष आबाद अहमद खान की अध्यक्षता में उप जिलाधिकारी न्यायालय के सामने ही धरने पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन तथा नारेबाजी के बाद शुक्रवार को सभी अदालतो पर कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। धरना प्रदर्शन में मंत्री ब्रह्मानंद मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम नारायण पांडे, पूर्व अध्यक्ष राम तेज वर्मा, सदानंद पाठक, अरुण कुमार मिश्रा, पुष्पेंद्र मिश्रा, बृजेश तिवारी उमेश पांडे, राम जगत तिवारी, आलोक सिंह ,मोइनुद्दीन, बैजनाथ तिवारी , बृजेश यादव, अरविंद पांडेय, अंबिका मिश्रा, सुशील पांडेय , संजय पांडेय, अखिल यादव कालिंदी पाल सहित तहसील के तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।

# फ़सल अवशेष जलाने से रोकने को तहसील स्तर पर मोबाईल स्क्वाईड्स का गठन

## पराली को जलाएं नहीं, उसकी कार्बनिक खाद बनाकर खेत की उर्वरा शक्ति को बढाएं: जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने तहसील स्तर पर फ़सल अवशेष न जलायें जाने के लिए उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसीलवार मोबाईल स्क्वाईडस का गठन किया है। उन्होंने उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित मोबाईल स्क्वाईड्स को निर्देश दिये है कि फ़सल अवशेष जलाते हुए पाये जाने पर नियमानुसार दण्डित करने की कार्यवाही करने एवं फ़सल अवशेष जलाये जाने की स्थिति में किसी प्रकार की वसूली निर्धारित होती है, तो ऐसी स्थिति में समस्त नायब तहसील व तहसीलदार के द्वारा प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी।

जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील सदर के विकास खण्ड पुंवारका एवं बलियाखेडी में पर्यवेक्षण अधिकारी एवं अध्यक्ष उप जिलाधिकारी सदर, तहसील नकुड के विकास खण्ड नकुड, गंगोह एवं सरसावा में पर्यवेक्षण अधिकारी एवं अध्यक्ष उप जिलाधिकारी नकुड, तहसील बेहट के विकास खण्ड मुजफ्फ़राबाद एवं सढौली कदीम में पर्यवेक्षण अधिकारी एवं अध्यक्ष उप जिलाधिकारी बेहट, तहसील देवबन्द के विकास खण्ड देवबन्द एवं नागल में पर्यवेक्षण अधिकारी एवं अध्यक्ष उप जिलाधिकारी देवबन्द तथा तहसील रामपुर के विकास खण्ड रामपुर मनिहारान एवं नानौता में पर्यवेक्षण अधिकारी एवं अध्यक्ष उप जिलाधिकारी रामपुर मनिहरान होंगे। तहसीलवार मोबाईल स्वाईड्स में सदस्य ग्राम्य विकास से संबंधित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी, राजस्व विभाग से संबंधित तहसील के तहसीलदार, कृषि विभाग से तहसील सदर में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर, तहसील नकुड में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी नकुड, तहसील बेहट में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी बेहट तथा तहसील देवबन्द एवं रामपुर में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी देवबन्द, गन्ना विभाग से संबंधित ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक और पुलिस विभाग से संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष है।

जिलाधिकारी ने कहा कि फ़सल अवशेष को जलाये जाने से रोकने के लिए कृषि विभाग द्वारा फ़सल कटाई से पूर्व प्रत्येक न्याय पंचायत, ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर, जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठियों एवं मेलों का आयोजन करते हुए अवशेष प्रबन्धन योजना का प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि न्याय पंचायतवार कृषकों के व्हाट्सएप ग्रुप पर फ़सल अवशेष प्रबन्धन के विषय में कृषकों को जागरूक करें। उन्होंने राजस्व विभाग को कृषि अपशिष्ट जलाने वाले व्यक्ति के विरूद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अथवा अर्थदण्ड वसुले जाने के निर्देश दिए।

## मुख्य विकास अधिकारी करें नियमित समीक्षा

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र द्वारा कृषि एवं राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों को अपने क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से कृषकों को ई केवाईसी कराने तथा उनके खाते में आधार सीडिंग करने के लिए जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में जनपद के अधिक से अधिक किसानों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी इस कार्य की नियमित समीक्षा करें। डॉ. दिनेश चन्द्र ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाना है। इसलिए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होने कहा कि राजस्व और कृषि तथा संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य में गति लाते हुए योजना से वांछित पात्र कृषकों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। ई-केवाईसी, भूमि सत्यापन और पोस्ट आफ़िस तथा बैंक में खाता खोलने की लम्बित गतिविधियों को पूर्ण करते हुए लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करें।

# श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य लगभग 90% पूरा

## डे और नाइट दोनों लैंडिंग की सुविधा और 45 मीटर चौड़ा रनवे तैयार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सीएम योगी का लक्ष्य जल्द ही पूर्ण होने वाला है क्योंकि श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य लगभग 90त्न पूरा हो गया है। एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग का काम बाकी है। निर्माण कार्य को तीन फेस में किया जा रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले भक्त हवाई यात्रा के माध्यम से श्रीराम एयरपोर्ट में उतरेंगे। जिसके बाद रामलला का दर्शन करेंगे।श्रीराम एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग राम मंदिर की तर्ज बनाया जा रहा है। टर्मिनल बिल्डिंग में 500 यात्रियों के रुकने की सुविधा होगी। एयरपोर्ट में 22 50 मीटर की रनवे बनकर तैयार है। यह एयरपोर्ट कई सारी अत्यधिक खूबियों से लैस होगा। इस एयरपोर्ट को डे और नाइट लैंडिंग के लिए तैयार किया जा रहा है।



एयरपोर्ट का निर्माण तीन फेस में किया जा रहा है। पहले फेस में श्री राम एयरपोर्ट के रूप में जाना जाएगा। जिसमें घरेलू उड़ान की सुविधा होगी। पूरे देश के एयरपोर्ट से अयोध्या की कनेक्टिविटी होगी। यहां पर 500 यात्रियों के एक बार में आने और जाने की सुविधा होगी। टर्मिनल 1 की बिल्डिंग में 250 यात्री आ-जा सकते है। इस तरीके की 500 यात्रियों की सुविधा होगी। श्री राम एयरपोर्ट में आठ एयरक्राफ्ट खड़ा होने की व्यवस्था की गई है। इस तरीके के एप्रेन बनाए गए हैं। इस एयरपोर्ट में भगवान श्री राम के मंदिर के मॉडल पर आधारित टर्मिनल वन की बिल्डिंग होगी। 6600 स्क्वायर मीटर में फेस वन की बिल्डिंग का निर्माण किया गया है।

संयुक्त महाप्रबंधक परियोजना राजीव कुलश्रेष्ठ के अनुसार फेस वन के बाद फेस टू की बिल्डिंग के लिए निर्माण कार्य शुरू होगा। यह बिल्डिंग 50 हजार स्क्वायर मीटर की होगी । जिसमें अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरी जाएगी। इसके लिए रनवे 3750 मी के करीब का होगा। सबसे पहले घरेलू उड़ानों को शुरू किया जाएगा। उसके बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एयरपोर्ट का विस्तार कर निर्माण किया जाएगा।

एयरपोर्ट के संयुक्त महाप्रबंधक राजीव कुलश्रेष्ठ के अनुसार घरेलू उड़ान के लिए बने श्री राम एयरपोर्ट में 2250 मीटर का रनवे बनकर तैयार है। जब यह एयरपोर्ट मिला था तो 1500 मी का रनवे मिला था।

## स्वास्थ्य एवं आजीविका में औषधीय पौधों का अधिक महत्व

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय द्वारा औषधीय सगंध एवं पान शोध परियोजना अंतर्गत अनुसूचित जाति के किसानों को पौध वितरण एवं जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में यह कार्यक्रम छेतारी, गाजनपुर गांव में आयोजित किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. संजय पाठक ने कहा कि एलुवेरा, सतावर, अश्वगंधा के प्रयोग को प्रतिदिन करें। उन्होंने कहा कि औषधीय एवं सुगंधित पौधे स्वास्थ्य और आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डा. पाठक ने किसानों से आहवान किया कि वे औषधीय पौधों की खेती करें इससे उनकी आय में भी वृद्धि हो सकती है।

# जनसंपर्क कर केंद्र सरकार के उपलब्धियां गिनाए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** पनियरा विधान सभा क्षेत्र के कई गांवों में गुरुवार को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जनसवांद रैली की। इसमें उन्होने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों के संबंध में बताया। श्री चौधरी ने कहा कि भारत में जी 20 सम्मेलन के सफल आयोजन ने राष्ट्र के गौरव को बढ़ाया है। भारत विश्व गुरु की राह पर अग्रसर है। कहा कि 2014 से पहले महाराजगंज की स्थिति और 2023 में क्या स्थिति है इसका तुलनात्मक अध्ययन करें तो पता चलेगा कि विकास क्या होता है। कोई ऐसा गाँव या टोला नहीं है जहाँ विद्युत न पहुँचा हो। आज बिना किसी भेदभाव के सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सभी धर्म और जाति के लोगो को मिल रहा है। प्रधानमन्त्री के जनधन खाता योजना का लाभ यह है कि गरीब का पैसा गरीब के खाते मे जा रहा है। बिचौलिए बेबस हो गए है। प्रधानमंत्री ने गरीब परिवारो के मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड योजना बनाई।जिससे हर गरीब परिवार अपना ईलाज अच्छे से करा सके।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन के साथ ही पात्र गृहस्थी कार्ड के माध्यम से लगभग अस्सी करोड लोगो फ्री राशन, उज्वला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास का लाभ हर पात्र और गरीब परिवारो तक मोदी सरकार ने पहुंचाने का काम किया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि माफिया राज का खात्मा कर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन्वेस्टमेंट की राह खोल दी है। तमाम उद्यमियो ने अपना उद्योग लगाने के लिये यूपी का रुख किया है। जिससे प्रदेश मे रोज़गार की संभावनाए बढ गई है।

इस अवसर पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, परतावल प्रमुख आनंद शंकर बर्मा, उमेश गुप्ता, सतीश मद्देशिया, राजेश गुप्ता, अर्जुन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य केंद्र पर खामी देख नाराज हुए जिलाधिकारी, दिया निर्देश

## चौक बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरिक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** नव सृजित नगर पंचायत चौक में निर्माणधीन परियोजनाओं का गुरुवार को जिलाधिकारी अनुनय झा ने निरिक्षण किया। जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का गहनता से निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

जिलाधिकारी श्री झा ने स्वास्थ्य केंद्र में जांच किट खत्म होने कारण हेल्थ एटीएम के कार्यरत न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और सीएमओ को तत्काल किट की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए हेल्थ एटीएम को शुरू करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल की रसोई को भी देखा और भर्ती मरीजों के डाइट की जानकारी ली। उन्होंने ईओ चौक को नगर क्षेत्र में सड़क व सार्वजनिक कार्यालयों के सुंदरीकरण हेतु अशोक वृक्ष लगवाने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर क्षेत्र में सामुदायिक शौचालयों के बारे में पूछा। इसके उपरांत उन्होंने निर्माणाधीन ग्रामीण स्टेडियम चौक का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम के ले-आउट प्लान को देखा और परियोजना के लागत की जानकारी ली। जेई पीसीएल अशोक कुमार ने बताया कि परियोजना की लागत 9 करोड़ 55 लाख है और इसमें मल्टीपर्पज हाल, बैडमिंटन कोर्ट, कब्बडी कोर्ट, शूटिंग रेंज व फिटनेस सेंटर सहित अन्य सुविधाएं मौजूद रहेंगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर दिनेश कुमार मिश्रा, जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह, ईओ चौक दिनेश कुमार, चिकित्साधिकारी चौक डॉ राम स्वरूप सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गड्ढ़ा मुक्ति अभियान का नगरायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**सहारनपुर।** शासन के निर्देश पर नगर निगम द्वारा गड्ढ़ा मुक्ति अभियान के दौरान बुधवार की रात कचहरी पुल पर गड्ढ़ों को भरा गया। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने रात दस बजे कार्य स्थल पर पहुंच कर कार्य का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।उधर नेहरु मार्किट में डीएलसी बिछाने (विशेष सड़क निर्माण) का कार्य शुरु कर दिया गया है।

शासन के निर्देश पर शहर में नगर निगम द्वारा गड्ढ़ा मुक्ति अभियान के तहत बीती रात मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह के निर्देशन में कचहरी पुल पर रोबोट की मदद से गड्ढे भरने का कार्य शुरु किया गया। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने रात दस बजे कार्यस्थल पर पहुंच कर कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह ने बताया कि दो-तीन दिन बाद कचहरी पुल पर मैस्टिक लेयर बिछाने का कार्य शुरु किया जायेगा।

# नवोदय में चयन पर लोगों ने दी बधाई

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा (महराजगंज)।** स्थानीय कस्बे में स्थित मलवरी कॉन्वेंट स्कूल के छात्र अभिषेक कुमार का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ हैं। जिसको लेकर परिजनों और विद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की हैं। विद्यालय की प्रबंधक शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी स्कूल में कराई जाती है। उन्होने बताया कि इसके पहले एक छात्र नवोदय में जबकि एक छात्र सैनिक



स्कूल में तथा एक छात्र ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र की प्रवेश परीक्षा में सफलता पाई है। छात्र की सफलता पर अमित अंजन, शिक्षिका सत्या जायसवाल, सहित कई लोगों ने बधाई दी हैं।

## आज माताएं रखेंगी जीवित्पुत्रिका व्रत का उपवास

**फरेन्दा (महराजगंज)।** आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जीवित्पुत्रिका का व्रत किया जाता है। इस दिन महिलाएं अपने संतान की लंबी आयु व खुशहाली की कामना के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। जीवित्पुत्रिका व्रत को सबसे कठिन व्रतों में से एक माना गया है। जीवित्पुत्रिका व्रत के पारण में महिलाएं लाल रंग का धागा गले में पहनती हैं। जीवित्पुत्रिका व्रत की पूजा के दौरान सरसों का तेल और खल चढ़ाया जाता है। व्रत पारण के बाद यह तेल बच्चों के सिर पर आशीर्वाद के तौर पर लगाया जाता है। माताएं ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करती हैं और व्रत का संकल्प लेती हैं। इसके बाद मड़वे की रोटी, दही, चूड़ा, चीनी और अन्य वस्तुओं से तैयार प्रसाद को देवी देवताओं और अपने पूर्वजों को अर्पित किया जाता है। तत्पश्चात पूरा परिवार इस प्रसाद को ग्रहण करता है।

# जिले के कम्बाइन धारको के साथ डीएम ने की बैठक




**कम्बाइन के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम का अवश्य करें प्रयोगः डीएम**

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** फसल अवशेष प्रबंधन योजनान्तर्गत जिले के कम्बाइन धारको के साथ गुरुवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कम्बाइन धारको से कहा कि कम्बाइन के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम का प्रयोग अवश्य करें। जो कम्बाइन द्वारा काटी गयी फसल के अवशेष को छोटे-छोटे टुकड़ों में करके खेत में विखेर देता है। जिससे फसल अवशेष को आसानी से मृदा में मिलाया जा सकता है। इसके अलावा मल्चर, सुपर सीडर, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल का भी प्रयोग करे। पराली से आग नही लगनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कन्ट्रोल रूम स्थापित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मु. मुजम्मिल, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भाई चारा से मनायें दुर्गा पूजा व दशहरा त्योहारः सीओ सदर

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** आगमी दुर्गा पूजा व दशहरा त्योहार को लेकर बृहस्पतिवार को लोटन थाना परिसर मे वरिष्ठ नागरिकों के साथ पीस कमेटी की मेटिंग हुई जिसमे उपजिलाधिकारी डा. ललित कुमार मिश्र ने बताया आगामी दुर्गा पूजा व दशहरा त्योहार में बैगर अनुमति के नयी मूर्ति की स्थापना नही होनी चाहिए। अभी कुछ समय बाकी है। जिसको मूर्ति रखना है वो अनुमति ले ले रोड छोड कर ही मुर्ती स्थापित करे रोड जाम न हो।

सीओ सदर अखिलेश वर्मा ने कहाँ कि दुर्गा पूजा मे मूर्ति बैठाने वालों की एक कमेटी होना जरूरी है। जिसमें तीस वर्ष से कम उम्र के लोग न हों एसे लोगो को कमेटी मे रखे जिसकी बात गांव के बच्चे माने। जहां विजली से समस्या लगा रहा हो उसकी सूचना मुझे या यस ओ को दे ताकी समय रहते सही हो सके।अक्सर जनरेटर का तार कटा होने से दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है।इस पर सावधानी बरती जाये। मुर्ती विसर्जन के समय छोटे बच्चो को पानी में न जाने दे। मूर्ति विसर्जन के दौरान नशा करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जायेगी। प्रभारी निरीक्षक लोटन चन्दन कुमार ने कहाँ कि त्योहार को भाई चारा से मनाना चाहिए हर धर्म के लोगों को त्योहार मनाने का अधिकार है। यदि कोई व्यक्ति उपद्रव करना चाहता है तो उसकी सूचना पुलिस को दे ताकी कार्यवाही किया जा सके। विघुत समस्याओं को लेकर सन्नी सिंह ग्राम निवासी नेतवर ने एस डी एम को शिकायती पत्र देकर बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारी द्वारा विद्युत आपूर्ति को लेकर घोर लापरवाही कि जाती है। जिससे रात विद्युत सप्लाई ठप हो जाती है। एसडीएम ने समस्या का निदान करने का अश्वासन दिया है। इस दौरान चौकी प्रभारी हरिवंशपुर मनोज कुमार सिंह,उप निरीक्षक ओमप्रकाश वसीम अहमद, दिवान मैनेजर यादव, देव पाल दुबे, फुल चन्द यादव,अरुण कुमार पाण्डेय, कलामुद्दीन, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नरायन सिंह, सन्नी सिंह, अरविन्द पाण्डेय, वसीर मोहम्मद, निसार अहमद, अब्दुल हकीम, मनोज कुमार, अन्नू सिंह, प्रवेश शुक्ला, मुसे सिंह, अमितेश्वर शुक्ला, अरबाज खान, दिग्विजय सिंह, रबीश अली,राम बहादुर यादव, अभिषेक द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित हुसैनी चौक पर अली अमीर खान राजा महमूदाबाद को खिराजे अक़ीदत पेश करने के लिए एक दिशा वेलफेयर सोसायटी के बैनर तले एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सोसायटी अध्यक्ष राहिब रिज़्वी ने कहा राजा महमूदाबाद 18 भाषाओं के जानकार थे और शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया लखनऊ विश्वविद्यालय, किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज, कॉल्विन तालुकदार कॉलेज, अमीर-उद-दौला लाइब्रेरी, अमीर-उद-दौला कॉलेज, करामत हुसैन गर्ल्स स्कूल आदि जैसे विभिन्न स्कूल, पुस्तकालय और संस्थान उनके परिवार की मदद और संरक्षण के माध्यम से अस्तित्व में आए इसी कड़ी में समाजसेवी काज़िम रज़ा ने कहा राजा साहब का इस दुनिया से जाना समाज का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। इस अवसर पर नौशाद अहमद, सरफराज़ मनसब, रेहान, अली अब्बास, महफ़ूज़ अली, परवेज़, फ़ज़ल, ज़ैगम शजर आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# एसडीएम ने किया आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** एसडीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खेसरहा और बांसी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं को परखा। हालांकि उन्हें सब कुछ ठीक ठाक मिला।

ठेकेदार को चेतावनी दी गयी कि जरा भी खाद्य सामग्री के गुडवत्ता में कमी मिली तो कठोर कार्रवाही की जाएगी। एसडीएम प्रमोद कुमार ने गुरुवार की सुबह बांसी, खेसरहा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति पंजिका देखी। वार्डन, शिक्षिका, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रसोइया उपस्थित मिली। एसडीएम ने विद्यालय की साफ सफाई व्यवस्था व रसोईघर में बन रहे खाने की गुणवत्ता को भी परखा। इसके बाद छात्राओं के आवासों की व्यवस्था को भी देखा। उन्हें हॉल की कुछ खिड़कियों के दरवाजे खराब मिले, जिसे बदलवाने के आदेश दिए। इसके अलावा विद्यालय में पेयजल, भवन व्यवस्था, के साथ कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, मनोरंजन के लिए रखा टीवी सेट, पढ़ने के लिए उपलब्ध सोलर लाइट आदि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। इस दौरान एसडीएम ने छात्राओं से पढ़ाई को लेकर भी प्रश्न पूछे। छात्राओं ने संतोषजनक जवाब दिए।

**सपा महासचिव शिवपाल यादव का जनपद में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत**

# देवरिया हत्याकांड एक दुखद घटना हैः शिवपाल

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** अंबेडकरनगर के प्रदेश सचिव फरहत अब्बास के भतीजे वासिल अब्बास के बहु भोज में शामिल शिवपाल यादव होने आए थे। कार्यक्रम में प्रेस वार्ता को संबोधित करते देवरिया हत्याकांड पर समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव ने प्रतिक्रिया दी है। शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा के लोग केवल एक ही के घर जा रहे हैं जबकि उन्हें दोनों परिवारों के यहां जाना चाहिए था।

देवरिया हत्याकांड पर समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव ने प्रतिक्रिया दी है। शिवपाल यादव ने कहा कि यह एक दुखद घटना है। जब हम घटनास्थल जाएंगे तो दोनों पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे। शिवपाल ने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग केवल एक ही के घर जा रहे हैं जबकि उन्हें दोनों परिवारों के यहां जाना चाहिए। अम्बेडकर नगर में समाजवादी पार्टी के नेता आगे कहा कि भाजपा वालों को देवरिया में दोनों परिवार के बच्चों से मिलना चाहिए और उन्हें सांत्वना देनी चाहिए. मगर ऐसा नहीं हुआ. हम जब वहां जाएंगे तो दोनों (प्रेम यादव और सत्य प्रकाश दुबे) के यहां जाएंगे. दोनों के परिवारों से मिलेंगे. इसके साथ ही शिवपाल यादव ने देवरिया में हुए जघन्य हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग भी की. उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। देवरिया हत्याकांड पर समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव ने प्रतिक्रिया दी है. शिवपाल यादव ने कहा कि यह एक दुखद घटना है. जब हम घटनास्थल जाएंगे तो दोनों पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे।

शिवपाल ने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग केवल एक ही के घर जा रहे हैं. जबकि उन्हें दोनों परिवारों के यहां जाना चाहिए। अम्बेडकर नगर में समाजवादी पार्टी के नेता आगे कहा कि भाजपा वालों को देवरिया में दोनों परिवार के बच्चों से मिलना चाहिए और उन्हें सांत्वना देनी चाहिए. मगर ऐसा नहीं हुआ. हम जब वहां जाएंगे तो दोनों (प्रेम यादव और सत्य प्रकाश दुबे) के यहां जाएंगे. दोनों के परिवारों से मिलेंगे. इसके साथ ही शिवपाल यादव ने देवरिया में हुए जघन्य हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग भी की. उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। आज पूरा देश महंगाई और भ्रष्टाचार से जूझ रहा है। जिसे देश के कर्ज को कम करने का इन्होंने वादा किया था वह कम होने की बजाए बढ़ गया है और सीमाओं पर भी कब्जा बढ़ा है। यह सरकारें हर मोर्चे पर विफल हुई हैं। इन्होंने जनता से झूठ बोला था और जनता इनके बहकावे में आ गई। उक्त बातें सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने मंगलवार को प्रदेश सचिव फरहत अब्बास के भतीजे वासिल अब्बास के बहु भोज में शामिल होने मयूर रिसोर्ट होटल आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया से कही।

# अंतरराष्ट्रीय अहिंसा सप्ताह के प्रति जागरूकता रैली का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** अंतरराष्ट्रीय अहिंसा सप्ताह के प्रति जागरूकता की पहल में प्रद्युमन सिंह कॉलेज आफ नर्सिंग के बच्चों ने आगे की ओर कदम बढ़ाकर समाज में हो रही तमाम प्रकार की हिंसा को नष्ट करने का आह्वान किया। कर्मा देवी ग्रुप में उपस्थित प्रद्युमन सिंह कॉलेज आफ नर्सिंग जिसमें 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक अहिंसा सप्ताह को मनाया तथा समाज में हो रही बुराइयों पर ध्यान दिया और उसे खत्म करने का निर्णय लिया जिसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता पर कई भिन्न-भिन्न प्रकार की कला प्रदर्शनी हुई तथा साथ ही युवा विचार पर विमर्श और बढ़ावा देना शिक्षा अधिकार जैसे मुद्दों पर अध्यापक तथा उपस्थित अध्यापिकाएं उन बच्चों ने मिलकर कई तरह से समुदाय के लोगों से बातें की अंतरराष्ट्रीय अहिंसा सप्ताह के प्रति जागरूकता की पहल में प्रद्युमन सिंह कॉलेज आफ नर्सिंग के बच्चों ने आगे की ओर कदम बढ़ाकर समाज में हो रही तमाम प्रकार की हिंसा को नष्ट करने का आह्वान किया। कर्मा देवी ग्रुप में उपस्थित प्रद्युमन सिंह कॉलेज आफ नर्सिंग जिसमें 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक अहिंसा सप्ताह को मनाया तथा समाज में हो रही बुराइयों पर ध्यान दिया और उसे खत्म करने का निर्णय लिया जिसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता पर कई भिन्न-भिन्न प्रकार की कला प्रदर्शनी हुई तथा साथ ही युवा विचार पर विमर्श और बढ़ावा देना शिक्षा अधिकार जैसे मुद्दों पर अध्यापक तथा उपस्थित अध्यापिकाएं उन बच्चों ने मिलकर कई तरह से समुदाय के लोगों से बातें की प्रोग्राम को सफल बनाने में सबसे बड़ा कर्मा देवी ऑफ ईंस्टिट्यूट के चेयरमैन ओ एन सिंह तथा सीईओ अंशु सिंह गौतम का हाथ रहा तथा उपस्थित सभी फैकल्टी प्रद्युमन सिंह कॉलेज आफ नर्सिंग के प्रिंसिपल मुथुकुमार कर तथा उपस्थित एडमिनिस्ट्रेटर श्री राकेश और साथ ही प्रद्युमन सिंह कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की प्राचार्य महोदय उपस्थित श्रीमती प्रिया तथा उनके साथ कई अध्यापक एवं अध्यापिकाएं भी उपस्थित रहे।

## पालिका सभासद के विरुद्ध अवैध वसूली का आरोप

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर जिला मुख्यालय के टांडा रोड पर स्थित कांशीराम आवास कालोनी में बुधवार देर रात जमकर हंगामा हुआ। बताया जाता है कि नगर पालिका वार्ड नंबर 9 के सभासद और डायल 112 पुलिसकर्मियों ने कांशीराम आवास कालोनी में पंहुचकर वहां रहने वाले लोगो से कागज मांगने लगे तथा आवास खाली करने के लिए कहने लगे, जिसके बाद कालोनी में रहने वाले लोगो ने हंगामा कर दिया। अकबरपुर जिला मुख्यालय के टांडा रोड पर कांशीराम आवास कलोनी स्थित है, यंहा देर रात वार्ड नंबर 9 के सभासद एवं भाजपा के कार्यालय प्रभारी अतुल वर्मा डायल 112 के सिपाहियों के साथ पंहुचे और वहां रहने वाले लोगो से आवास का डॉक्यूमेंट मांगने लगे और आवास खाली करने को कहने लगे। इस दौरान पैसे की डिमांड भी लोगों से की गई, जिससे नाराज लोग इकट्ठा हो गए और हंगामा करने लगे। लोगो के गुस्से और हंगामे को देखते हुए सभासद अतुल वर्मा वहां से भाग खड़े हुए।

## अध्यक्ष नगर पंचायत ने वृद्धाश्रम में भोजन करवाने के बाद सीएचसी पर मनाया जन्मदिन



**किछौछा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** फैशन के चकाचौध में जहां युवा अपना जन्मदिन मनाने के लिए आलिशान पार्टी कर रुपया पानी की तरह बहाते हैं।वही इस चकाचौध से इतर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एवं नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने अपना जन्मदिन धार्मिक अनुष्ठान के साथ वृद्ध आश्रम में भोजन कराकर, नगर पंचायत कर्मचारी को वस्त्र वितरित कर व अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर मनाया। नगर प पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने गुरुवार की सुबह अपने जन्मदिन के अवसर पर हरैया में स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर व अकबरपुर में सुप्रसिद्ध शिव बाबा मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके बाद जिला मुख्यालय पर स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचकर लोगों को भोजन कराया और आशीर्वाद लिया। इसके बाद ओमकार गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी पहुंचकर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया। नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर नगर पंचायत के 10 कर्मचारियों को वस्त्र भी वितरित किया।इस दौरान उनके साथ युवा मोर्चा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता, शिवम् गुप्ता, अभिषेक उपाध्याय, शिवम पटेल, सूरज सोनी ,हिमांशु सोनी, पवन जायसवाल, पवन मद्धेशिया, राहुल पांडे,सूरज प्रतीक उपाध्याय, पूर्व सभासद राम आधार यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अमृत कलश यात्रा की तैयारी को लेकर इटवा बीडीओ ने सचिवों के साथ की बैठक

एजाज़ सिद्दीक़ी



**इटवा सिद्धार्थनगर।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश, मिट्टी को नमन, वीरों का वन्दन अभियान के तहत अमृम कलश यात्रा का आयोजन होना है। अमृत कलश यात्रा के सफलता हेतु खण्ड विकास अधिकारी के अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को ब्लाक में बैठक आयोजित कर बीडीओ ने जरूरी दिशा निर्देश दिये।

अमृत कलश यात्रा इटवा विकास खण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों से होते हुए गाजे बाजे और सजावट के साथ ब्लॉक मुख्यालय पर लाया जाएगा। आजादी का अमृत महोत्सव, मेरा माटी मेरा देश, मिट्टी को नमन, वीरों का वन्दन अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए गुरूवार दोपहर खंड विकास अधिकारी इटवा राजकुमार ने विकास खंड के सभी सचिवों के साथ आवश्यक बैठक करके सभी तैयारियों को अन्तिम रूप दिया है। राजकुमार ने आगे बताया गया कि कलश यात्रा विकास क्षेत्र के 05 रूटों से ब्लॉक मुख्यालय पर आएगी। जिसमें औरहवा, इटवा बक्शी, खडसरी, लमुईया, झकहिया से होते हुए अमृत कलश यात्रा अपने आकर्षक रूप में ब्लॉक मुख्यालय पर आएगी। इसके लिए समस्त एडीओ. तथा जेईएमआई को पर्यवेक्षणीय अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंप गई है। इसी के साथ सभी सचिवों को नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। इसमें ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, ग्रामवासी, विद्यालयों के बच्चे आदि शामिल होंगे। इस अवसर पर बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय पटेल, सचिवगण मनोज कुमार, अजय चौधरी, जावेद खां, विजय साहनी, अशोक कुमार, मुख्तार अली, विजय पाल मौर्य, रितेश विश्वकर्मा, नियाज अहमद आदि उपस्थित रहे।

## नशे में धुत व्यक्ति ने घर में घुसकर महिलाओं को किया अपमानित

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** शराब के नशे में धुत्त व्यक्ति ने घर पहुंच माता को भद्दी भद्दी गाली गलौज देकर अपमानित करना शुरू कर दिया। बीच बचाव को पहुंचे भाई और वहन को दांत से काट लिया। हल्ला गुहार पर जब तक अन्य लोग पहुंचते युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित परिवार थाना पहुंच युवक के विरुद्ध तहरीर दिया है। प्रकरण मालीपुर थाना के ज्योतिपुर समैसा गांव का है। गुरुवार दोपहर को गांव निवासी विशाल घर पर बैठा था। इसी दौरान गांव का एक व्यक्ति शराब के नशे में घर पहुंचा और माता के सामने भद्दी भद्दी गाली गलौज देकर अपमानित करने लगा।जब विशाल ने बीच बचाव शुरू किया तो विपक्षी अंगुली को दांत से काट लिया। हल्ला गुहार सुन बहन आ गई उसने बहन के हाथ में भी काट लिया। पीड़ित परिवार थाना पहुंच तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

**नाला निर्माण में धांधली का लगाया आरोप**


# ब्लॉक प्रमुख निधि के रुपए को जमकर पलीता लगा रहे ठेकेदार

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** खण्ड विकास टाण्डा के अंतर्गत ग्राम



बिहरोजपुर में नाले का निर्माण कार्य कराया गया जिसमें ब्लॉक प्रमुख निधि से कार्य करवाया गया ठेकेदार सहित जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारी का खेल सामने आया है बताते चले की नाला निर्माण की अंकित शिला पट्ट पर दर्शाया गया है कि नाले का निर्माण मो जावेद के घर से वसी अहमद के घर तक कराया गया है परंतु सच्चाई कुछ और है नाला वास्तविक निर्माण विभागीय मिलीभगत व ठेकेदार के कारनामे से मुन्दर यादव के मकान को जावेद अहमद का मकान दर्शाया गया है जबकि नाला बीच रास्ते मे ही अधूरा छोड़ दिया गया है वसी अहमद के घर तक निर्माण नही किया गया है तथा नाले का निर्माण घटिया सामाग्री से किये जाने कारण ही मात्र ट्रैक्टर ट्रॉली के गुजरने से धंस गया जिससे साफतौर पर देखा जा सकता है गौर तलब है कि ब्लॉक प्रमुख निधि से रुपया खर्च तो किया जाता है लेकिन ब्लॉक प्रमुख कभी अपने साइडों पर जाकर नहीं देखे कि ठेकेदार कैसा कार्य करवा रहा है जबकि ब्लॉक प्रमुख ऐसा एक पद है जनता के बीच में रहकर जनता हिक ही सेवा सुविधा पहुंच सकते हैं लेकिन ऐसा ना करके ब्लॉक प्रमुख निधि से ठेकेदारों को ठेका देकर कार्य को कराया जाता है आप समझ सकते हैं भ्रष्टाचार कमीशन खोरी की वजह से ऐसा भ्रष्टाचारी ठेकेदार करते हैं कि जिस नाले निर्माण की अवधि पांच होनी चाहिए वह 6 महीने में टूटने फूटने लगती है यही है गुणवत्ता की पहचान मुख्यमंत्री योगी भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने में लगे हुए हैं लेकिन अंबेडकर नगर भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड तोड़ते हुए आज भ्रष्टाचार युक्त कहा जाए या फिर मुक्त कहा जाए यह सोचने पर जनता मजबूर है उपरोक्त कारणों से निर्माण कार्य की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी या नहीं या फिर ठेकेदार को काली सूची में डाला जाएगा यह तो आने वाला समय बताएगा या फिर खुला छोड़ दिया जाएगा भ्रष्टाचार करने के लिए।

# कलेक्ट्रेट भवन में स्थापित विभिन्न विभागों का डीएम ने किया निरीक्षण



**जिला प्रोबेशन अधिकारी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी को स्पष्टीकरण देने का निर्देश**

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी पवन अगवाल द्वारा अपर जिलाधिकारी उमाशंकर के साथ गुरुवार को कलेक्ट्रेट भवन में स्थापित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने राजस्व अभिलेखागार, अभियोजन, प्रोबशन कार्यालय, खाद्य सुरक्षा वं औषधि प्रशासन विभाग, जूडिसीयल अभिलेखागार, कोषागार कार्यालय, आपदा केन्द्र तथा कलेक्ट्रेट में बने गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजस्व अभिलेखागार एवं ज्यूडिशियल अभिलेखागार में रखी बस्ता फाइलो को सूचीबद्ध करते हुए रखने का निर्देश दिया गया। प्रोबेशन कार्यालय में उपस्थित महिलाओ से पेंशन के बारे में जानकारी प्राप्त की। महिलाओ द्वारा अवगत कराया गया कि 14 माह पेंशन नही मिला है। इस पर जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी ने बताया कि आधार प्रमाणीकरण के पश्चात पेशन की धनराशि संबधित के बैंक खाते में प्रेषित की जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने क्लाक टावर ठीक कराने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर उप जिलाधिकारी कुणाल, प्रशासनिक अधिकारी रविन्द्र श्रीवास्तव, नाजिर सदर कलेक्ट्रेट गिरीश मिश्रा, नाजिर कैश रमाकान्त पाठक आदि मौजूद रहे।

# शहर में साफ-सफाई का बेहतर इंतजाम करेंः डीएम

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** जिलाधिकारी अंद्रा वामसी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे नगर की जीओं स्पेशल मैपिंग कराना, नगर क्षेत्र में टू लेन से फोर लेन उसकी ओवरहाल लेन्थ, सड़क सुरक्षा सीबी, आउटलुक की काष्ट, पेडिशियन पार्क के बीच घाट जैसा बनाने का कार्य बैठक एजेण्डा बिन्दु में शामिल किया जाये। समीक्षा बैठक में उन्होने जिला अस्पताल के पास लगने वाले जाम से निपटने के लिए अधिशासी अभियन्ता विद्युत तथा ईओ नगरपालिका को निर्देशित किया है। उन्होने शहर में टैक्सी स्टैण्ड बनाये जाने के लिए ईओ नगरपालिका को निर्देश दिया है। इसके साथ ही शहर में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों की संख्या के बारे में ईओ नगरपालिका से जानकारी लिया और निर्देशित किया कि शहर में साफ-सफाई का बेहतर इंतजाम करें। उन्होने हाईवे पर मानक के विरूद्ध स्थापित शराब की दुकानों पर कार्यवाही करने के लिए आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है। नेशनल हाईवे, टोल प्लाजा, हाईवे के किनारे नाली निकासी, कूड़ा जाम की समीक्षा करते हुए उन्होने संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होने अयोध्या से बस्ती हाईवे पर गड्ढा पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि सड़को को तत्काल ठीक किया जाय। परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग गोरखपुर बैठक में स्वयं उपस्थित ना होकर अपने अधीनस्थ को भेजे जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगायी है और कहा है कि अगर अगली बैठक में ऐसा पाया जाता है तो इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की जायेंगी। जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में लिए गये निर्णय की अनुपालन आख्या की समीक्षा किया।

# वीरांगना महारानी दुर्गावती की मनी जयन्ती

अवधनामा संवाददाता




**आलापुर (अंबेडकरनगर)।** गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती का जयंती समारोह आलापुर पुरानी तहसील के प्रांगण में भव्य रूप में हजारों लोगों की उपस्थित में मनाया गया जिसमें गोंड धुरिया समाज के वरिष्ठ लोगों एवं कार्यकर्ताओं ने महारानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मालूम हो हजारों लोगों की उपस्थित में जयंती समारोह के मुख्य अतिथि सुआल प्रसाद गोंड आजमगढ़ और विशिष्ट अतिथि शिवशंकर धुर्वे धर्माचार्य प्रयागराज रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद गोंड ने किया जबकि शानदार संचालन प्रदेश महासचिव विंदेश्वरी गोंड ने किया। गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती के जयंती के शुभ अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद गोंड लोकगीत पारंपरिक गोडिया वाद्य यंत्रों के साथ हजारों लोगों की उपस्थित में किया गया जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था।इस मौके पर धुरिया गोंड समाज को जगाने के लिए कार्यक्रम को महेन्द्र प्रसाद गोंड, लक्ष्मीकांत गोंड, रामू गोंड, लालमणि गोंड पत्रकार, सुनील कुमार गोंड, रंजू गोंड, राममिलन गोंड, बालमुकुंद धुरिया, अर्पित गोंड, भेजूराम गोंड, प्रीतम गोंड, वीरेन्द्र गोंड, सोहनलाल, राकेश विजय आदि लोगो ने कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर शिक्षा और संघर्ष की बदौलत ही अपने हक अधिकार को पाया जा सकता है।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि गोंड की उपजाति कहांर, धुरिया, धीमर, बाथम कश्यप, आदि लोगो को प्रशासन द्वारा परेशान किया जा रहा है और शासन के निर्देशों के बावजूद गोंड, धुरिया, कहांर को। अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी न कर उन्हे पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है लेकिन अब इसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। शासन के निर्देशों को यदि प्रशासन द्वारा सुगमता पूर्वक नही किया गया तो पूरे प्रदेश में गोंड समाज धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जायेगा। जयंती समारोह के बाद अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ उत्तर प्रदेश ने पांच सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री जी को संबोधित उप जिलाधिकारी आलापुर को सौंपा।

## हबीब तनवीर की याद में

नाटककार, लेखक अभिनेता तनवीर के यह जन शताब्दी का साल है। ऐसे में लोक से जुड़े इस महान नाटककार, लेखक, अभिनेता की याद अपने आप आ जाती है। हबीब तनवीर के बारे में यह बात बार-बार कही जाती है कि रंगमंच और नाटक में मौजूद लोकतत्व भारत ही नहीं पूरी दुनियां के रंगमंच में ऐसे किसी नाटककार की उपस्थिति नहीं मिलती है। क्योकि हबीब तनवीर ने लगातार एक ही दिशा में एक नाटयदल के साथ एक तरह के एक ही अभिनेता समूह के साथ ता उम्र नाटक किया है। ये उनके विलक्षण प्रतिभा की गवाही देते है। उन्होंने भारतीय और पश्चिमी नाटय परम्पराओं और रंग शैली के आपसी मेल जोल से अपनी एक निजी शैली तैयार करते है। इसके बाद कई मशहूर और महत्वपूर्ण प्रस्तुतियां लेकर अपने ही नहीं दूसरे देशों में भी मकबूल बना दिया। जैसी रंगशैली की अपने मुल्क को जरूरत थी तनवीर ने अपने नाटको के लेखन और प्रस्तुतियों के ज़रिये इजाद कर लिया था। यह कमाल तब हुआ जब भारतीय रंगमंच में भारतीय और निजी पहचान, शैली और फार्म जैसी बातें अनजान थी। जिस दौर में भारतीय रंगमंच पश्चिम के यथार्थवादी सम्मोहित लेखन और प्रस्तुति दोनो में सक्रिय था। उसी दौर में हबीब अपनी रंगमन्डली के साथ एक नई रंगशैली की प्रस्तुति कर रहे थे जो आगे चलकर भारतीय रंगमंच में मील का पत्थर बनी। यह भी सच है 70, 90 की दशक में बहुत से महत्वपूर्ण निर्देशकों ने इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रयोग किये। पर उनकी तुलना हबीब तनवीर से नहीं की जा सकती। क्योंकि उन्होंने उन अभिनेताओं को लेकर कभी काम नही किया। जिनके क्षेत्रों से जुड़े नाटयशलियों के तत्व अपनी प्रस्तुतियां में इस्तेमाल करते रहे है। यह सच है कि उनके अभिनेता शहरी और पढ़े लिखे नहीं थे। वे अप्रक्षित भी रहे। इन अभिनेताओं का चर्चित शैलियों का दूर की भी रिश्ता नहीं था। लोक शैलियों का उपयोग आधुनिक रंगमंच में उन शहरी प्रशिक्षित निर्देशकों की मदद से आई भी तो महज सजावटी उपकरण लेकर इसने कुछ देर तक दर्शकों को लुभाया भी पर इनका कोई दूरगामी प्रभाव भारतीय रंगमंच पर नहीं पड़ा। हबीब तनवीर की बात की जाये तो वे जमीन से जुडे लोग थे, स्कूली शिक्षा की लिहाज से अनपढ़ थे पर उनके काम से इससे कोई भी बाधा पैदा नहीं होता था। उनके अनपढ़ अशिक्षा ने संस्कृत नाटकों पश्चिमी नाटको और समकालीन नाटकों की बेहद ताजा और नई व्याख्या और प्रस्तुति शैली की जमीन तैयार कर दी। ऊपर से अनपढ़ दिखती पर भीतर जाकर अस्थायी असर छोड़ती है।

हबीब तनवीर ने क्षत्तीसगढ़ में प्रचलित नृत्य नाटय शलियों मांच के तत्वो को अपने रंगमंच के लिये इस्तेमाल किया। वह उस क्षेत्र के थे जहां उनके कला का क्षेत्र था। उनके कलाकार छह महीने क्षेत्र में खेती बाड़ी और अपने परिवार से जुड़े रहते थे। दिल्ली आकर छह महीने हबीब तनवीर के साथ रंगमन्डल से जुड़े रहते थे। हबीब ने अपने कलाकारों को उनके क्षेत्र से उखाड़ कर शहर में स्थापित नहीं किया। उन्होंने लोकशैलियों को अपने प्रस्तुतियों में प्रसतुत किया। उन्हें थोपने की कोशिश नहीं की। अगर प्रस्तुतियों में लोकशैली की जरूरत पड़ी नये आलेख को रचा। जब उन्होंने पश्चिमी नाटकों को प्रस्तुत किया तो अभिनेताओं को पश्चात्य शैली से बचाये रक्खा। अभिनेता अपने क्षेत्र के व्याहार को ही लेकर उपस्थिति हुये। इसीलिये पश्चिमी प्रस्तुतियां भारतीय रूप में खासा सफल रहीं। जिसके लिये उन्हें याद किया जाता है। हर स्थिति हर पात्रों भारतीय सम्बन्धित स्थानीय शैलियो में प्रस्तुत होकर बेहद सफल रहें। हबीब अपनी प्रस्तुतियों में लोक नाटय शैलियों के अभिनेता केन्द्रित शिल्प को सामने लाते है। अपने नाटकों को उन्होंने भी जब कभी अभिनय किया। ग्रामीण अभिनेता समूह को हिस्सा बन कर प्रस्तुत हुये। यह उनके प्रतिभा को दर्शाता है। अपने अभिनय से चरित्र को स्मरणीय बना दिया। उनके कामों में तीन पड़ाव नजर आते है। पहला पड़ाव मुद्राराक्षस, रूस्तम सोहराब जैसे नाटकों का था। जिसमें शहरी और शौकिया कलाकारों ने भाग लिया। दूसरे पड़ाव में आगरा बाजार और मिट्टी के गांड़ियों के रूप में आता है। जिसमें शहरी और लोक अभिनेताओं का संगम है। तीसरे पड़ाव में सबकुछ छत्तीसगढ़ी अभिनेओं के साथ किया गया। भाषा के प्रयोग के लिहाज़ से पड़ावों में अंग्रेजी, उर्दू या हिन्दुस्तानी के साथ छत्तीसगढ़ी में लेखन और प्रस्तुतीकरण किया गया है।

उनके लेखन में ब्रेंख्त का प्रभाव स्पष्ट झलकता है। ब्रेख्त के नाटक की मेन आफ सजुआन को शजीपुर की शान्तिबाई के नाम से छत्तीसगढ़ी में प्रस्तुत करते रहे है। रंगमंच लोक भाषा के लिये नाटकों का कथाश्रोत रंगमंच के मौखिक परम्परा पर निर्भर करते है।

विलक्षण नाटय लेखक, निर्देशक अभिनेता, रंगमंच के सज्जा के कलाकार को विनम्र श्रद्धान्जली। ऐसे आंचलिक, भारतीय पश्चात्य नाटकों को आंचलिकता भारतीय, पश्चात्य नाटकों का आंचलिकता में प्रयोग कर उत्कृष्ट बनाने वाले कलाकार को विनम्र श्रद्धान्जली।

हज़रों साल नरगिस अपने बेनूरी पर रोते रहे है।
बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीवार पैदा

## भारत-अमेरिका की यारी

**किशन भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर जी20 नई दिल्ली 2023 दो दिवसीय महासम्मेलन का आगाज़ पूरी दुनियां में वर्चुअल छाया रहा। पूरा विश्व टकटकी नजरों से इसपर नज़रें गड़ाए हुए था। पूरे विश्व की मीडिया में जबरदस्त कवर देकर सम्मेलन की तारीफ की। कुछ विदेश नीति के जानकारविपक्षियों ने भी सम्मेलन की तारीफ की और सब ने यहमहसूस किया कि भारत के नेतृत्व में सम्मेलन होने से भारत की प्रतिष्ठा, नाम सहित पूरी दुनियां के बड़े-बड़े लीडरों से बढ़ती प्रगाढ़यता से सम्मेलनमें भारत का जबरदस्त आगाज़ दिखा और डंका बजा विशेष रूप से पहले ही दिन घोषणा पत्र पर सहमति, अफ्रीकी यूनियन को सदस्यता और इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनामिक कॉरिडोर पर संबंधित देशों के हस्ताक्षर होकर एक राय से परियोजना को आगे बढ़ानां जिसमें भारत को अमेरिका का जबरदस्त साथ मिला जो रेखांकित करने वाली बात है,जिसमें हम यह दिखा किभारत अमेरिका की यारी, व्यापार का भूगोल बदल कर इतिहास रचने की बारी आई है, क्योंकि यह आर्थिक गलियारा 6000 किलोमीटर लंबा होगा, जिसमें 3500 किलोमीटर समुद्री मार्ग होगा, इससे भारत 40 प्रतिशत कम समय में अपना सामान यूरोपीय देशों तक पहुंचाने में सफ़ल होगा और लॉजिस्टिक कीमतों का बहुत बड़ा समाधान इसके सहारे होगा। मुंबई से शुरू होकर यह गलियारा चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव का विकल्प भी होगा।भारत में आयात निर्यात बहुत सस्ता होगा। आज भारत के किसी भी कार्गो शिपिंग से जर्मनी पहुंचने में 36 दिन लगते हैंजिसमें अब 14 दिन की बचत होगी वहीं चीन इस समझौते सेबौखलाया हुआ है, क्योंकि इस कॉरिडोर से विकास के अनेक दूरगामी परिणाम होंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से, इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,नए आर्थिक गलियारा रूपी मज़बूत वैश्विक कनेक्टिविटी, सतत विकास में नया अध्याय जोड़ेगी, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी विकास का मूल आधार होगा।

साथियों बात अगर हम इस आर्थिक गलियारा समझौते (आईईसीसीईसी) के उद्देश्य की करें तो, इसका उद्देश्य मध्य पूर्व के देशों को रेलवे से जोड़ना और उन्हें बंदरगाह के माध्यम से भारत से जोड़ना है। इस कॉरिडॉर के बनने के बाद से शिपिंग समय, लागत और ईंधन का इस्तेमाल कम होगा और खाड़ी से यूरोप तक ट्रेड फ्लो में मदद मिलेगी।इसके अलावा रेल और शिपिंग कॉरिडोर देशों को ऊर्जा उत्पादों सहित ज्यादा व्यापार के लिए सक्षम बनाएगा। इसकी घोषणा से पहले अमेरिकी अधिकारी ने कहा था कि अमेरिका की नजर से ये समझौता पूरे क्षेत्र में तनाव कम करेगा और हमें ऐसा लगता है कि इससे टकराव से निपटने में मदद मिलेगी। बता दें कि इस कॉरिडोर की अगुवाई भारत और अमेरिका साथ मिलकर करेंगे।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,


एम.एस. स्वामीनाथन को 'विज्ञान एवं अभियांत्रिकी' के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा सन् 1967 में 'पद्मश्री', 1972 में 'पद्म भूषण' और 1989 में 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया था। उन्हें 1971 में मैगसेसे एवं 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड अवार्ड भी प्रदत्त किये गये। विभिन्न पुरस्कारों और सम्मानों के साथ प्राप्त धनराशि से एम. एस. स्वामीनाथन ने वर्ष 1990 के दशक के आरंभिक वर्षों में 'अवलंबनीय कृषि तथा ग्रामीण विकास' के लिए चेन्नई में एक शोध केंद्र की स्थापना की।

# कृषि-क्रांति एवं खाद्यान्न आत्मनिर्भरता के महानायक

भारत में कृषि-क्रांति के जनक, विश्व खाद्य पुरस्कार पाने वाले पहले व्यक्ति, कृषि में नवाचार के ऊर्जाघर एवं कृषि विज्ञानी डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन का देह से विदेह हो जाना एक स्वर्णिम युग की समाप्ति है, एक अपूरणीय क्षति हैं। भारत को अन्न के अकाल से मुक्त कर अन्न का भंडार बनाने वाले इस कृषि-युगपुरुष के अवदान इतने बहुमुखी और दीर्घायुष्य है कि वे सदिया तक कृतज्ञ राष्ट्र की धमनियों एवं स्मृतियों में जीवित रहेंगे। वे अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ गये हैं कि भारतीय कृषि एवं वैश्विक खाद्य के संकट उभरने का नाम नहीं लेंगे। 'कृषि क्रांति आंदोलन' के वैज्ञानिक नेता के रूप में उनके अवदानों की शुरुआत 1943 के भीषण दुर्भिक्ष के दौरान हुई, जब चावल के एक-एक दाने के लिये लाखों लोगों ने दम तोड़ दिया था। इस घोर मानवीय त्रासदी एवं संकट ने केरल विश्वविद्यालय के इस अठारह वर्षीय युवा स्वामीनाथन में देश की भूख मिटाने की प्रतिबद्धता एवं संकल्प को जाग्रत किया और इसके लिये कृषि अनुसंधान के प्रति एक जुनून एवं जिजीविषा पैदा की। उन्होंने गेहूं एवं चावल की उच्च उपज वाली किस्मों को विकसित करने के मिशन पर काम शुरु कर भारत की कृषि में नव स्वस्तिक उकेरे। उनकी कृषि क्रांति ने भारत को दुनिया में खाद्यान्न की सर्वाधिक कमी वाले देश के कलंक से उबारकर 25 वर्ष से कम समय में आत्मनिर्भर बना दिया था। उस समय से भारत के कृषि पुनर्जागरण ने सदाबाहर कृषि क्रांति की ओर उन्मुख अवलंबनीय कृषि की वकालत ने उन्हें अवलंबनीय खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में विश्व नेता का दर्जा दिलाया।



ललित गर्ग

मनकोम्बु संबासिवन स्वामिनाथन का जन्म 7 अगस्त 1925 को हुआ। उन्होंने 1966 में मैक्सिको के बीजों को पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ मिश्रित करके उच्च उत्पादकता वाले गेहूं के संकर बीज विकसित किए। एम. एस. स्वामीनाथन को 'विज्ञान एवं अभियांत्रिकी' के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा सन् 1967 में 'पद्मश्री', 1972 में 'पद्म भूषण' और 1989 में 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया था। उन्हें 1971 में मैगसेसे एवं 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड अवार्ड भी प्रदत्त किये गये। विभिन्न पुरस्कारों और सम्मानों के साथ प्राप्त धनराशि से एम. एस. स्वामीनाथन ने वर्ष 1990 के दशक के आरंभिक वर्षों में 'अवलंबनीय कृषि तथा ग्रामीण विकास' के लिए चेन्नई में एक शोध केंद्र की स्थापना की। एम. एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य भारतीय गांवों में प्रकृति तथा महिलाओं के अनुकूल प्रौद्योगिकी के विकास और प्रसार पर आधारित रोजग़ार उपलब्ध कराने वाली आर्थिक विकास की रणनीति को बढ़ावा देना है। स्वामीनाथन और उनके सहयोगियों द्वारा पर्यावरण, कृषि एवं खाद्यान्न प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है। स्वामीनाथन दक्षिण एशिया के उत्तरदायित्व के साथ



पर्यावरण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में यूनेस्को में भी पदासीन रहे हैं। उनकी महान विद्वत्ता को स्वीकरते हुए इंग्लैंड की रॉयल सोसाइटी और बांग्लादेश, चीन, इटली, स्वीडन, अमरीका तथा सोवियत संघ की राष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों में उन्हें शामिल किया गया है। वह 'वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंसेज़' के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। 1999 में टाइम पत्रिका ने स्वामीनाथन को 20वीं सदी के 20 सबसे प्रभावशाली एशियाई व्यक्तियों में से एक बताया था। भारत के भाल पर अनूठा एवं विलक्षण करने वाले महान् व्यक्तियों में स्वामीनाथन एक थे। स्वामीनाथन सच्चे भारतीय एवं राष्ट्रीयता से ओतप्रोत व्यक्तित्व थे। जब देश राजनीतिक आजादी के लिए संघर्षरत था, तब युवा स्वामीनाथन ने देश को भूख से आजादी दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष किया एवं सफलता का नया इतिहास रचा। उन्होंने आजाद भारत में अनाज की पैदावार बढ़ाने की अनूठी एवं प्रभावी तकनीक को आकार दिया। यह उन्हीं का सपना था कि भारत जैसे देश में अनाज इतना ज्यादा मात्रा में पैदा हो कि यहां किसी को भूखे न सोना पड़े बल्कि दूसरे देशों की भूख मिटाने में भी अग्रसर हो। आज आजादी के अमृतकाल में भारत कई देशों को अनाज का निर्यात करता है, यह उन्हीं की देन हैं। उन्होंने कृषि में नवाचार लाते हुए अनेक प्रयोग किये, आलू की एक ठंड-प्रतिरोधी किस्म विकसित की थी। चावल और गेहूं की उपज में क्रांति ही ला दी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनके सुझावों एवं प्रयोगों पर बल दिया और अपने देश के अनाज भंडार भरने लगे। आज अगर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह बोलने की स्थिति में हैं कि भारत दुनिया को खिला सकता है, तो निस्संदेह, इसका सर्वाधिक श्रेय स्वामीनाथन को जाता है।

भारत लाखों गाँवों का देश है और यहाँ की अधिकांश जनता कृषि के साथ जुड़ी हुई है। इसके बावजूद अनेक वर्षों तक यहाँ कृषि से सम्बंधित जनता भी भुखमरी के कगार पर अपना जीवन बिताती रही। इसका कारण कुछ भी हो, पर यह भी सत्य है कि ब्रिटिश शासनकाल में भी खेती अथवा मजदूरी से जुड़े हुए अनेक लोगों को बड़ी कठिनाई से खाना प्राप्त होता था। लम्बा दौर अकाल की चपेट में रहा। भारत के सम्बंध में यह भावना बन चुकी थी कि कृषि से जुड़े होने के बावजूद भारत के लिए भुखमरी से निजात पाना कठिन है। इसका कारण यही था कि भारत में कृषि के सदियों से चले आ रहे पुरातन उपकरण और बीजों का प्रयोग होता रहा था। फसलों की उन्नति के लिए बीजों में सुधार की ओर किसी का ध्यान ही नहीं गया था। भारत की कृषि में अभिनव-क्रांति की अपेक्षा थी, जिसे स्वामीनाथन ने अंजाम दिया। गांवों की दशा एवं दिशा बदलने, किसानों के कल्याण और समाज के सबसे गरीब लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध स्वामीनाथन की जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी। उन्होंने कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए अपने जीवन का एक लंबा समय लगा दिया था। उन्होंने 1960 के अकाल के दौरान अमेरिकी वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग एवं अन्य वैज्ञानिकों के साथ मिलकर गेहूं की उच्च एवं उन्नत पैदावार वाली किस्म के बीज विकसित किये।

स्वामीनाथन के प्रयत्नों का ही परिणाम है कि भारत खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भर बन चुका है। उन्होंने अनेक अहम पदों पर रहते हुए भारत की कृषि को नये आयाम दिये। उन्नत कृषि के नये दरवाजों को उद्घाटित किया। कृषि नीतियां बनाने में विभिन्न सरकारों के मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत रहे। पैदावार के न्यूनतम मूल्य निर्धारण से लेकर खेती को घाटे से उबारने के लिये उनकी कमेटी की सिफारिशें भविष्य में मार्गदर्शक एवं आधार-दृष्टि बनी रहेगी। खेती में बने लैंगिक भेदभाव को दूर कर महिला मजदूरों के सशक्तिकरण के वे पहले प्रयोगकर्ता थे। यह कितना सुखद है कि देश के करोड़ों लोगों के लिए आशा की किरण बने एवं भोजन जुटाने में सहायक रहे कृषि वैज्ञानिक को 98 वर्ष का लंबा जीवन नसीब हुआ और उनकी पुत्री व डब्ल्यूएचओ में पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने देश को बहुत गर्व के साथ बताया कि स्वामीनाथन बहुत शांति से दुनिया से विदा हुए हैं। किसानों के कल्याण और समाज के सबसे गरीब लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध स्वामीनाथन की जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी।

# जागरूकता ही स्वस्थ जीवन का आधार

महिलाओं के मुकाबले पुरुषों को ज्यादा हार्ट अटैक आ रहे हैं। मोटापा,ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, तनाव, कोलेस्ट्रॉल, जैसे फैक्ट इसके लिए ज्यादा जिम्मेदार हैं। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक सबसे खतरनाक हार्ट अटैक सेगमेंट एलिवेशन माइक्रो कार्डिनल इंफक्शन (स्टेमी) होता है। इसके चलते व्यक्ति की बॉडी की धमनियां ब्लॉक हो जाती हैं। जिससे दिमाग में ऑक्सीजन की सप्लाई रुक जाती है और पेशेंट की मृत्यु हो जाती है। वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर दिल के दौरे से होने वाली 17.9 मिलियन मौतों में से लगभग पांचवा हिस्सा भारत में होता है।

नई नई तकनीकों ने केवल इंसान की ज़िंदगी को ही नहीं बदला है बल्कि उसके रहन सहन और खानपान के तौर तरीकों को भी पूरी तरह से बदल दिया है। इस बदलाव ने मनुष्य के शरीर को बीमारियों का घर बना दिया है। आजकल एक के बाद एक ऐसी कई बीमारियां हैं जिसने मानव जाति पर कहर बरपा कर रखा है। इन्हीं बीमारियों में से एक हार्ट डिजीज है। यह इतनी तेजी से बढ़ रही है कि अब तो इसकी कोई आयु सीमा नहीं रह गई है। जवान हो या बुजुर्ग, सभी आयु वर्ग के लोग इसका शिकार हो रहे हैं।



भारती देवी

भारत में 28 प्रतिशत मृत्यु का कारण दिल का दौरा पड़ना बताया जा रहा है। हर वर्ष भारत में हृदय रोग संबंधी होने वाली मृत्यु के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। वर्ष 2016 में हृदय रोग से होने वाली मौतें 21914 थी। वहीं वर्ष 2017 में यह आंकड़ा 23249 पर पहुंच गया। वर्ष 2018 में यह आंकड़ा और बढ़ा और 25764 पर पहुंच गया। वर्ष 2019 में 28005 हो गया जबकि वर्ष 2020 में यह आंकड़ा 29000 को पार कर गया। अभी भी कई ऐसे शोध हैं, जो हृदय संबंधी रोगों से हो रही मौतों के आंकड़ों में बढ़ोतरी का दावा कर रहे हैं। साल 2022 में छपे एक शोध में तो प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सी एन मंजूनाथ ने चिंता जाहिर करते हुए चेतावनी दे डाली है। उन्होंने दावा किया कि युवाओं में हृदय संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं जोकि एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत में हर चौथा व्यक्ति हृदय संबंधी रोग से पीड़ित होगा। दूसरे देशों की तुलना में यहां इस बीमारी की चपेट में शुरुआती उम्र में ही लोग आ जाते हैं।

आखिरकार भारत में हार्ट अटैक का मुख्य कारण क्या है? यदि इस पर गौर करें तो इसकी कई वजह सामने आती हैं। जैसे युवाओं की गलत लाइफस्टाइल, अनहेल्दी खान पान, अत्यधिक तनाव, स्मोकिंग, ब्लड प्रेशर की समस्या और मोटापा दिल की सेहत को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। स्वयं इंडियन हार्ट एसोसिएशन इस बात की पुष्टि कर रहा है कि नौजवानों में हार्ट अटैक के मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं। महिलाओं के मुकाबले पुरुषों को ज्यादा हार्ट अटैक आ रहे हैं। मोटापा,ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, तनाव, कोलेस्ट्रॉल, जैसे फैक्ट इसके लिए ज्यादा जिम्मेदार हैं। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक सबसे खतरनाक हार्ट अटैक सेगमेंट एलिवेशन माइक्रो कार्डिनल इंफ्रक्शन (स्टेमी) होता है। इसके चलते व्यक्ति की बॉडी की धमनियां ब्लॉक हो जाती हैं। जिससे दिमाग में ऑक्सीजन की सप्लाई



रुक जाती है और पेशेंट की मृत्यु हो जाती है। वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर दिल के दौरे से होने वाली 17.9 मिलियन मौतों में से लगभग पांचवा हिस्सा भारत में होता है। यानि हृदय रोग अब केवल बुजुर्गों तक ही सीमित नहीं रह गया है।

केवल आम आदमी या बुजुर्ग ही नहीं, बल्कि बीते कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि भारत के कई जानी-मानी युवा हस्तियों का भी दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हुई है। जिसमें सिद्धार्थ शुक्ला, राजू श्रीवास्तव और सतीश कौशिक जैसे जाने माने कलाकार भी हैं। वहीं जम्मू के बिषणा इलाके के रहने वाले 20 वर्षीय एक स्थानीय कलाकार की उस समय मृत्यु हो गई जब वह स्टेज पर माता पार्वती का रोल कर रहे थे। ऐसे में अब यह प्रश्न उठता है कि आखिरकार हमें कैसे पता चलेगा कि हमें हार्ट अटैक वाली स्थिति बनी हुई है? कोई व्यक्ति कैसे समझेगा कि वह हृदय रोग से पीड़ित हो चुका है और उसे दिल का दौरा पड़ सकता है? इसके लिए भी डॉक्टर ने कुछ विशेष जानकारी देते हुए कहा है कि यदि कभी सीने में दर्द, जकड़न, कंधों में दर्द, थकान, नींद में दिक्कत, दिल की धड़कन का तेज होना जैसे लक्षण हार्ट अटैक के संकेत हैं जिन्हें भूलकर भी नजरअंदाज नहीं करनी चाहिए। लेकिन ज़्यादातर लोग इसे नज़रअंदाज़ करने की भूल करते हैं।

इस संबंध में डॉक्टरों का कहना है कि मनुष्य को आने वाले हार्ट अटैक के अलग अलग चरण हैं। जब हार्ट पंपिंग 45 प्रतिशत से ऊपर होती है तो इसे माइल्ड हार्ट अटैक के रूप में जाना जाता है, जबकि यही पंपिंग 45 प्रतिशत से कम होती है तो इसे मेजर हार्ट अटैक कहा जाता है। इसके बाद हार्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर विमल छाजर कहते हैं कि भारत में हर 10 सेकंड में एक पेशेंट की मौत हार्ट अटैक से होती है। अर्थात 1 मिनट में 6 मौतें केवल हार्ट अटैक से होती हैं। एक दिन में लगभग 9000 डेथ हार्ट अटैक के कारण होती है। यानी एक करोड़ मौत में अकेले 35 लाख लोग केवल हार्ट अटैक से मर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि हमें क्या करनी और क्या नहीं करनी चाहिए कि हम इससे बच सकें?

इस बारे में कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर नवीन अग्रवाल कहते हैं कि हमें रेगुलर बेस पर एक्सरसाइज करनी चाहिए। हमें अपनी डाइट में नमक, शुगर और कोलेस्ट्रॉल वाली चीज़ें कम लेनी चाहिए। नियमित रूप से हार्ट चेकअप करवाते रहना चाहिए। अगर किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आ जाए तो उसे सीधा लेटकर लगभग 1 मिनट में 100 बार पंपिंग करें। जिससे उसे थोड़ी राहत मिल सकती है। डॉक्टर अग्रवाल युवाओं सलाह देते हुए कहते हैं कि उन्हें क्षमता से अधिक जिम में पसीना नहीं बहाना चाहिए। वहीं युवाओं को जंक फ़ूड और कोल्ड ड्रिंक के अत्यधिक सेवन से भी परहेज़ करनी चाहिए। शाकाहारी भोजन स्वस्थ्य शरीर का परिचायक होता है। वहीं आर्युवेद के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने वाले भारत के मशहूर आचार्य मुनीश देसी दवाओं को हार्ट अटैक के खिलाफ कारगर मानते हैं। उनका कहना है कि इस परिस्थिति में अदरक को चबाना हार्ट अटैक की गंभीरता को बहुत हद तक कम कर देता है। वास्तव में, लोगों विशेषकर युवाओं को अपनी सेहत के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है क्योंकि जागरूकता ही स्वस्थ जीवन का आधार हो सकता है। (चरखा फीचर)


# चुनावी मौसम में पुरानी पेंशन बहाली की मांग तेज

पुरानी पेंशन योजना में कर्मचारी के आखिरी वेतन का 50 फीसदी धनराशि पेंशन होती थी, इसकी पूरी राशि का भुगतान सरकार करती थी वहीं, एनपीएस उन कर्मचारियों के लिए है जो 1 अप्रैल 2004 के बाद सरकारी नौकरी में शामिल हुए, ऐसे कर्मचारी अपनी सैलरी से 10 फीसदी हिस्सा पेंशन के लिए योगदान करते हैं, इसके अलावा राज्य सरकार 14 फीसदी योगदान देती है, पेंशन का पूरा पैसा पेंशन रेगुलेटर पीएफआरडीए के पास जमा होता है जो इसे निवेश करता है, वर्ष साल 2004 में केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन योजना शुरू की थी जिसके अंतर्गत एनपीएस सरकारी कर्मचारियों के धनराशी को निवेश की मंजूरी देता है और इसके तहत वो अपने पूरे करियर में पेंशन खाते में नियमित तौर पर योगदान करके अपने पैसे के निवेश को अनुमति दे सकते हैं।

देश में बीते पांच साल में देश में जो भी चुनाव हुए हैं उनमें कई राजनैतिक दलों ने पुरानी पेंशन को बहाल करने की मांगों को अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किया है। गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक राज्य के विधान सभा चुनाव में पुरानी पेंशन बहाली एक बड़ा चुनावी मुद्दा बना था। जबकि उत्तरप्रदेश में 2022 में सम्पन्न हुए विधान सभा चुनाव में भी इसका काफी असर भी देखने को मिला। अब नए सिरे से पुरानी पेंशन योजना को लेकर बहस शुरू हो गई है। पुरानी पेंशन योजना को 1 अप्रैल 2004 को बंद कर दिया गया था और इसे राष्ट्रीय पेंशन योजना से बदल दिया गया था। हाल ही में दिल्ली के रामलीला मैदान में पुरानी पेंशन योजना लागू करने को लेकर एक बड़ा प्रदर्शन किया गया। 2004 के बाद सरकारी सेवा में आये सरकारी कर्मचारियों की मांग है कि इसे दोबारा से लागू किया जाए। पुरानी पेंशन योजना बहाली के लिए नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के जरिए पूरे देश में राष्ट्रीय आंदोलन चलाया जा रहा है। राज्यों में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग जारी है। वर्ष 2018 में हुए राजस्थान, छत्तीसगढ़ राज्य का विधान सभा चुनाव याद कीजिए जहाँ चुनावी वादों में पुरानी पेंशन थी और इसे कांग्रेस की सरकार बनने पर लागू भी किया गया। पंजाब में ओपीएस को लागू करने के लिए भगवंत मान सरकार की कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है और हिमांचल प्रदेश में भी पुरानी पेंशन योजना को राज्य सरकार ने लागू कर दिया है। अब दूसरे राज्यों में भी पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग उठ रही है। देश में होने वाले पांच राज्यों के चुनाव में ओपीएस को लागू करने का वादा किसी के भी पक्ष में बाजी पलट सकता है। हालाँकि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ये योजना पहले ही शुरू हो चुकी है। पुरानी पेंशन योजना यानि Old Pension Scheme को दिसंबर 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने समाप्त कर दिया था और इसके बाद राष्ट्रीय पेंशन योजना यानि National Pension Scheme NPS लागू की गई जो कि 1 अप्रैल, 2004 से प्रभावी है। पुरानी पेंशन योजना में कर्मचारी के आखिरी वेतन का 50 फीसदी धनराशि पेंशन होती थी, इसकी पूरी राशि का भुगतान सरकार करती थी वहीं, एनपीएस उन कर्मचारियों के लिए है जो 1 अप्रैल 2004 के बाद सरकारी नौकरी में शामिल हुए, ऐसे कर्मचारी अपनी सैलरी से 10 फीसदी हिस्सा पेंशन के लिए योगदान करते हैं, इसके अलावा राज्य सरकार 14 फीसदी योगदान देती है, पेंशन का पूरा पैसा पेंशन रेगुलेटर पीएफआरडीए के पास जमा होता है जो इसे निवेश करता है, वर्ष साल 2004 में केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन योजना शुरू की थी जिसके अंतर्गत एनपीएस सरकारी कर्मचारियों के धनराशी को निवेश की मंजूरी देता है और इसके तहत वो अपने पूरे करियर में पेंशन खाते में नियमित तौर पर योगदान करके अपने पैसे के निवेश को अनुमति दे सकते हैं। रिटायरमेंट के बाद पेंशन राशि का एक हिस्सा एकमुश्त निकालने की छूट है। जबकि बाकी रकम के लिए एन्युटी प्लान खरीद सकते हैं, एन्युटी एक तरह का इंश्योरेंस प्रोडक्ट है इसमें एकमुश्त निवेश करना होता है। इसे मासिक, त्रय-मासिक या सालाना विड्रॉल कर सकते हैं। रिटायर्ड कर्मचारी की मृत्यु तक उसे नियमित आमदनी मिलती है और मृत्यु के बाद पूरा पैसा सेवानिवित्त कर्मचारी के नॉमिनी को मिल जाता है, ओल्ड पेंशन और नेशनल पेंशन स्कीम के बीच के अंतर को यूँ समझते हैं, ओपीएस के तहत सरकारी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के समय मिल रहे वेतन की आधी रकम पेंशन के रूप में जीवित रहने तक दी जाती है, पलड पेंशन में कर्मचारियों के वेतन से पेंशन के लिए कोई पैसा नहीं कटता है, पुरानी पेंशन योजना के तहत भुगतान सरकार अपने खजाने से पेमेंट करती है, इस स्कीम में 20 लाख रुपये तक ग्रेच्युटी मिलती है और ओल्ड पेंशन में इसमें जनरल प्रोविडेंड फंड का प्रावधान है साथ ही साथ इसमें हर छह महीने बाद महंगाई भत्ता बढ़ाने का प्रावधान है। नई पेंशन योजना यानि नेशनल पेंशन स्कीम में क्या है अब इसको समझते है, एनपीएस में कर्मचारी की बेसिक सैलरी और डीए का 10 फीसदी हिस्सा कटता है, नई नेशनल पेंशन योजना शेयर बाजार पर आधारित है जिस कारण ये धारणा है कि यह उतना सुरक्षित नहीं है जितना कि ओल्ड पेंशन, नेशनल पेशन योजना में हर छह महीने बाद महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का प्रावधान नहीं है और रिटायरमेंट के बाद निश्चित पेंशन की गारंटी नहीं है साथ ही साथ यह टैक्स कटौती के तहत भी आता है। नेशनल पेंशन योजना में रिटायरमेंट के बाद पेंशन पाने के लिए आपको 40 फीसदी एनपीएस का हिस्सा एन्युटी में निवेश करना होगा। नई पेंशन योजना के विरोध में देश के पांच राज्यों में पुरानी पेंशन योजना बहाल की गई है जिसका मतलब है कि इन राज्यों के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के तहत हर महीने बिना किसी कटौती के पेंशन का लाभ मिलेगा। पुरानी पेंशन योजना को सबसे पहले राजस्थान में लागू किया गया इसके बाद छत्तीसगढ़ झारखंड और हिमांचल प्रदेश जबकि पंजाब में भी आम आदमी पार्टी कि सरकार ने इसे मंजूर कर दिया है। सरकारी कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर विपक्षी दलों की ओर से पूरा समर्थन मिल रहा है। पिछले कई दिनों में पलड पेंशन को लेकर जिस तरह से प्रदर्शनों ने जोर पकड़ा है उससे ये साफ है कि ये मामला इस बार के लोकसभा चुनाव में भी हावी रहेगा और विपक्षी पार्टियां बीजेपी को इस मुद्दे पर चौतरफा घेरने का काम करेंगी।



श्रेय शुक्ला



# पीसीएफ का सहकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान

अवधनामा संवाददाता



■ पीसीएफ द्वारा नये व्यवसाय संचालित किये जाने की कार्य योजना बनायी गयी : जेपीएस राठौर

**लखनऊ।** सहकारिता राज्यमंत्री, (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने पीसीएफ के विगत छः वर्षों में किये गये कार्यों की प्रशंसा करते हुये कहा कि सहकारिता विभाग तथा पीसीएफ नये आयामों को छू रहा है। चाहे बात उर्वरक या बीज उपलब्ध कराने की हो, मूल्यसमर्थन योजनान्तर्गत कृषकों की उपज जैसे गेहूँ, धान दलहन-तिलहन का क्रय करने की हो अथवा वेयर हाउसिंग की हो पीसीएफ द्वारा सभी क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

श्री राठौर ने ये बाते आज इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान में आयोजित पीसीएफ की 50वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक में कही। इस अवसर पर पीसीएफ के नये वेब पोर्टल एवं मोबाईल एप्लीकेशन का विमोचन भी किया गया। उन्होंने कहा कि पीसीएफ का सहकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान है, बिना पीसीएफ के कृषक हित एवं सहकारिता अभियान को गति देना असम्भव है। पीसीएफ द्वारा सहकार से समृद्धि की संकल्पना को चरितार्थ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों ने बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान में बढ़-चढ़कर सदस्यता ली है, जिसके परिणामस्वरूप सितम्बर माह में आयोजित सदस्यता महाअभियान में 29 लाख नये सदस्य बने, बल्कि लगभग 70 करोड़ रूपये की अंशपूंजी भी संचित की गयी। उन्होंने कहा कि किसानों के इस भरोसे को कायम रखते हुए उनके हित के लिए हरसम्भव प्रयास किये जायेंगे।

श्री राठौर ने कहा कि पीसीएफ द्वारा कुछ नये व्यवसाय संचालित किये जाने की कार्य योजना बनायी गयी है।कृषक सेवा केन्द्रों को आधुनिक सेवाओं व संसाधनों युक्त करते हुए आधार का कार्य, प्रधानमंत्री जन औषधि योजनांतर्गत औषधि वितरण का कार्य, जनसेवा केन्द्रों (सीएससी) के रूप में कार्य करना कृषक सेवा केन्द्रों तथा जनपद में संचालित एफपीओ के माध्यम व्यावसायिक विविधिकरण योजना के अन्तर्गत कार्य, माइक्रो एटीएम के संचालन का कार्य, पीसीएफ के निष्प्रयोज्य सम्पत्तियों पर 26 पेट्रोल पम्प संचालन किये जाने की योजना तैयार की गयी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पीसीएफ 11.48 करोड़ रूपये के लाभ में है, अगले वर्ष तक इसे 100 करोड़ रूपये करने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दया शंकर सिंह द्वारा पीसीएफ के माध्यम से सहकारिता क्षेत्र में कृषक हित में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पीसीएफ अत्यन्त तत्परता के साथ समितियों तथा उर्वरक बिकी केन्द्रों पर उर्वरक उपलब्ध करा रहा है। आज कृषक उर्वरक मात्र सहकारी समितियों व पीसीएफ कृषक सेवा केन्द्रों के माध्यम से ही क्रय करना चाहता है। क्योंकि कृषकों को पीसीएफ द्वारा आपूर्ति की जा रही इफको व कृभको उर्वरक, वजन एवं गुणवत्ता पर पूर्ण विश्वास है।

इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सहकारिता हमारे सामाजिक जीवन का अभिन्न अंग है। सभी सहकारी संस्थायें आमजन व किसानों के बेहतरी के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। हमारी सभी सहकारी संस्थायें आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है।

पीसीएफ के चेयरमैन श्री बाल्मिकी त्रिपाठी ने कहा कि पीसीएफ संस्था सहकारिता क्षेत्र की शीर्ष संस्था है, जिसकी नींव 1943 में मात्र 30 व्यक्तियों के कार्यदल एवं 13600 रुपये की प्रारम्भिक पूँजी से रखी गयी थी। वर्तमान में पीसीएफ के पास लगभग 1400 व्यक्तियों का कार्यदल व 79.95 करोड़ रुपये की अंश पूँजी है। प्रबन्ध निदेशक इफ्को श्री उदय शंकर अवस्थी ने कहा कि हमें कृषि क्षेत्र में पूर्णतः आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है न केवल उपज के क्षेत्र में बल्कि कृषि सम्बन्धी उपकरणों व उर्वरकों में भी आत्मनिर्भर बनना है। इसी को ध्यान में रखते हुए इफको द्वारा दुनिया मे पहली बार नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का अविष्कार करते हुए इसका उत्पादन शुरू किया गया, जिससे उर्वरक के आयात में काफी कमी आयी है। साथ ही साथ इसकी लागत कम होने के कारण किसानों को भी आर्थिक लाभ हो रहा है।

# बैठक: महिला और अनुसूचित वर्ग के लोगों में सम्मेलन करने का टारगेट



■ बीजेपी की अवध क्षेत्र की बैठक, अवध क्षेत्र के मंत्री और विधायक शामिल हुए

**लखनऊ।** बीजेपी की अवध क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक राजधानी लखनऊ के बीजेपी मुख्यालय में बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की। 2024 लोकसभा चुनाव की रणनीतियां इस बैठक में तैयार की गई। जिसमें अवध क्षेत्र से आने वाले सभी सांसद, विधायक, परिषद सदस्य भी शामिल हुए। बैठक में महिलाओं और अनुसूचित जनजातियों के सम्मेलन करने को चर्चा हुई।

2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यूपी बीजेपी की अवध क्षेत्र की बैठक बहुत ही अहम मानी जा रही है। राज्य सरकार के 8 मंत्री , यूपी विधान परिषद के 20 सदस्य, 61 विधायक,13 लोक सभा सांसद, 3 राज्यसभा सदस्य इसी क्षेत्र से आते है जो आज इस बैठक में शामिल हुए ।

यूपी बीजेपी के पदाधिकारियों ने पहले दिन काशी और पश्चिम क्षेत्र की बैठक की । जिसमे दलित बस्तियों और महिलाओ के बीच सम्मेलन करने और ज्यादा से ज्यादा युवाओं और महिलाओं को जोड़ने पर चर्चा की गई।इस अभियान में स्थानीय सांसद ,विधायक, मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के साथ ही पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए जिसमें 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीतियां तैयार की गई।

भाजपा क्षेत्रवार अनुसूचित जातियों को जोड़ने के लिए अभियान चलाएगी साथ ही इसी माह से अनुसूचित जाति सम्मेलन करवाएगी । यूपी मे कुल 17 लोकसभा सीटें हैं जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है और अगर लोकसभा चुनाव मे 80 सीटें हासिल करने है तो इसके लिए अनुसूचित जाति के 50 फीसदी जरुरी है इसी लिए बीजेपी अब अनुसूचित जातियों के बीच अपना जनाधार बढ़ाएगी। और प्रदेश के सभी क्षेत्र में सम्मेलन करगी ।

# उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति में हुआ संशोधन

अवधनामा संवाददाता

■ शासनादेश में आरक्षित भूमि के श्रेणी परिवर्तन शुल्क में मिलेगी छूट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के दुग्धशाला विकास विभाग द्वारा प्रदेश में स्थापित होने वाले दुग्ध उद्योग की इकाईयों को अनुमन्य वित्तीय अनुदान, रियायतें एवं सुविधाओं के सम्बंध में दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 में संशोधन करते हुए आदेश जारी कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव, दुग्ध विकास विभाग डा0रजनीश दुबे की तरफ से जारी शासनादेश में आरक्षित भूमि के श्रेणी परिवर्तन शुल्क में छूट तथा भू-उपयोग परिवर्तन एवं वाह्य विकास शुल्क में छूट के सम्बंध में व्यवस्था की गई है।

आरक्षित भूमि के श्रेणी परिवर्तन शुल्क में छूट के संबंध में व्यवस्था की गयी है कि इस नीति के अन्तर्गत स्थापित होने वाले परियोजना स्थल के मध्य आने वाली आरक्षित श्रेणी की भूमियों जैसे चकरोड आदि का श्रेणी परिवर्तन निःशुल्क किया जायेगा तथा आरक्षित श्रेणी की भूमि चकरोड, नाली इत्यादि के विनिमय के फलस्वरूप दी जाने वाली भूमि पर चकरोड, नाली इत्यादि का निर्माण निवेशक, संस्था द्वारा स्वयं कराकर दिया जायेगा। भू-उपयोग परिवर्तन एवं वाह्य विकास शुल्क में छूट के संबंध में कहा गया है कि इस नीति के अन्तर्गत आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण उ0प्र0 एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के क्षेत्र में स्थापित होने वाले उद्योगों के लिए कृषि भूमि में स्थापित होने की स्थिति में भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क की दर में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

# निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो

## आयुष मंत्री ने आयुष विभाग की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



■ आयुष चिकित्सालयों के निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट मुख्यालय को अवश्य भेजें : डा दयाशंकर मिश्र दयालु

**लखनऊ।** प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एमओएस) डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने आज उप्र राज्य आयुष सोसाइटी कार्यालय के सभागार में प्रदेश के 50 बेड शैय्यायुक्त चिकित्सालयों के अधीक्षक, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा करायें। निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों में हर स्तर पर गुणवत्ता तथा समयबद्धता का पालन किया जाय। घटिया सामग्री का प्रयोग पाये जाने पर सम्बंधी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन अस्पतालों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उसका लोकार्पण कराने की कार्यवाही पूर्ण की जाय।

आयुष मंत्री ने निर्देश दिये दिये कि आयुष चिकित्सालयों के निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट मुख्यालय को अवश्य भेजें। उन्होंने कहा कि वे अपने चिकित्सालयों को माडल अस्पताल बनाएं, जिससे कि आयुष विभाग द्वारा मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार मिल सके। उहोंने कहा कि 50 बेड वाले आयुष चिकित्सालयों में किचन की सुविधा सुनिश्चित किया जाय ताकि मरीजों को पौष्टिक भोजन मिल सके। उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों में पानी की भी व्यवस्था नियमित रूप से की जाय। डा दयालु ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने जनपदों की चिकित्सालयों की जमीनों की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों की खाली जमीनों पर पेड़-पौधे लगाकर उनकी देखरेख की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने हर्बल गार्डेन की स्थापना को प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिये हैं। चिकित्सालयों में साफ-सफाई, स्वच्छ पानी, विद्युत आपूर्ति आदि की व्यवस्था सुचारू रूप से किया जाय। उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों में कैमरे व बायो मैट्रिक मशीन को लगवाने की कार्यवाही शीघ्र करायी जाय।

आयुष मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे जन-प्रतिनिधियों को अपने चिकित्सालयों में हैनीमैन दिवस, धनवंतरी दिवस व अन्य कार्यक्रमों में आमंत्रित करें। कैम्प लगाकर जन-प्रतिनिधियों से उद्घाटन भी कराएं। उन्होंने निर्देश दिये कि दवाओं की लैब में जांच की रिपोर्ट शीघ्र मंगवा लें। प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने मंत्री को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर भेजे। इस कार्य में विलम्ब नहीं होना चाहिए। चिकित्सालयों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने मंत्री जी को आश्वस्त किया उनके द्वारा दिये गये आदेशों का अनुपालन कड़ाई से कराया जायेगा।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 05 अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने शिष्टाचार भेंट की।

## राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश की बैठक 30 अक्टूबर को होगी : ममता शर्मा

**लखनऊ।** राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश की बैठक दिनांक 30 अक्टूबर को अपराह्न 04:00 बजे से कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, टेहरी कोठी, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ के सभा कक्ष में होगी। यह जानकारी देते हुए सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण उ0प्र0 सुश्री ममता शर्मा ने बताया कि उक्त बैठक में प्राधिकरण की गत बैठक में स्थगित प्रकरणों, परमिटों के नवीनीकरण एवं हस्तान्तरण हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्रों एवं अन्य तात्कालिक प्रकरणों पर विचार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि संबंधित व्यक्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

# टीएमयू केंद्रीय पुस्तकालय में पुस्तक मेले का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



■ कुलाधिपति सुरेश जैन ने फीता काटकर शुभारम्भ किया

**लखनऊ।** कहते हैं, पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं। इनका साथ आपके जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन ला सकता है। अगर आपके पास एक अच्छी पुस्तक होगी तो आप उसके ज्ञान से दुनियाभर के ज्ञान को अपने अंदर समेट सकते हैं। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के केंद्रीय पुस्तकालय मेडिकल में यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सुरेश जैन ने फीता विधिवत शुभारम्भ किया। तीन दिनी इस पुस्तक मेले के उद्घाटन मौके पर वीसी प्रो. रघुवीर सिंह, निदेशक प्रशासन डॉ. अभिषेक कपूर, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनके सिंह, डीन डॉ. एसके जैन, मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. वीके सिंह, पैथोलॉजी की एचओडी डॉ. सीमा अवस्थी आदि भी मौजूद रहे।

कुलाधिपति के संग सभी अतिथियों ने पुस्तक मेले का भ्रमण किया। विश्वविद्यालय पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. विनीता जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यहां मेडिकल विद्यार्थियों को एक साथ उनकी पसंद की सारी पुस्तकें मिल जाएंगी। साथ ही बोलीं, यह पुस्तक मेला मुख्य रूप से नवांगुतक छात्रों और छात्राओं के लिए है। उन्होंने भविष्य में विशाल पुस्तक मेले के आयोजन का भी संकेत दिया। लाइब्रेरी की ओर से डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. संजीव कुमार, डॉ. आलोक गुप्ता, श्री पवित्र त्यागी, श्री पंकज कुमार, श्री विनोद शुक्ला, श्री विपिन कुमार, श्रीमती आंचल शर्मा और श्री अक्षय कुमार भी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र 'नेशनल टॉपर'

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) के कक्षा-2 के प्रतिभाशाली छात्र वांग्था वांग्शुल ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित 'ब्रेनोब्रेन वण्डरकिड्स कम्पटीशन' में अपने शानदार प्रदर्शन से 'द्वितीय नेशनल टॉपर' खिताब अर्जित कर लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। इस शानदार उपलब्धि हेतु वांग्शुल को एक भव्य सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र, मेडल, ट्राफी व आठ हजार रूपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस मेधावी छात्र को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के 5000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया, तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में बहुमुखी प्रतिभा का परचम लहराया है।

श्री शर्मा ने बताया कि यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

# 'चार मिनट में एक्सीडेंट की वजह से हो जाती है एक व्यक्ति की मौत'

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** वर्ल्ड बैंक के अनुसार भारत में हर 4 मिनट पर एक व्यक्ति की मौत एक्सीडेंट की वजह होती है। एक्सीडेंट से मारे जाने वाले लोगों की संख्या में, भारत विश्व में पहले स्थान पर है। देश में सबसे ज्यादा लगभग 20000 लोग प्रतिवर्ष यूपी में एक्सीडेंट की वजह से जान गंवाते हैं। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा हादसे ओवर स्पीडिंग , मोबाइल फोन का गलत इस्तेमाल करते हुए गाड़ी चलाना और नशे में गाड़ी चलाने की वजह से होते हैं। जितने लोग करोना से मरते हैं उससे कहीं ज्यादा लोग रोड एक्सीडेंट में मारे जाते हैं।

इस भीषण त्रासदी को रोकने के लिए सरकार की ओर से कई कदम उठाए जा रहे हैं। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज, ट्रांसपोर्ट प्रभाग द्वारा, देश में इन दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एक ध्यान एवं योग का अभ्यासी व्यक्ति मानसिक रूप से अधिक एकाग्र और तनाव रहित रहता है और उसके अच्छे मानसिक संतुलन की वजह से, सड़क पर दुर्घटना होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। राजयोग हमें नशे से भी पूर्ण मुक्ति दिलाने में भी सहायता करता है। यह बात मधुबन माउंट आबू से आई दिव्यप्रभा बहन ने अपने लखनऊ के तीन दिवसीय दौरे के दौरान विभिन्न संस्थाओं एवं प्रशिक्षण अनुभागों में बात करते हुए कही। फिर चाहे वह बस चलाने वाला ड्राइवर हो, कंडक्टर हो, पैसेंजर हो, ट्रैफिक पुलिस वाला हो या रोड पर चलने वाला साधारण व्यक्ति, रोड डेवलपर या वाहन बनाने वाला, हम सब इस ट्रांसपोर्ट सिस्टम में शामिल होते हैं और सड़क हादसों रोकने में सबकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ब्रह्माकुमारीज के देश भर में फैले व्यापक नेटवर्क के द्वारा, सभी वर्ग के लोगों को राजयोग में प्रशिक्षण देकर आत्मिक शक्ति बढ़ाने, तनाव रहित जीवन जीने और एकाग्रतापूर्वक कार्य करने का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है।

# डा. रोजर डेविड ने बॉल लाइटनिंग की रोचक जानकारियों से कराया रूबरू

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के वाइस-प्रेसीडेन्ट डा. रोजर डेविड किंगडन ने लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों को सम्बोधित करते हुए बॉल लाइटनिंग की रोचक व सारगर्भित जानकारियों से रूबरू कराया। इंग्लैण्ड के इंपीरियल कालेज से पधारे

डा. रोजर 14वें टी.पी. पांड्या मेमोरियल लेक्चर में बोल रहे थे, जिन्हें बतौर वक्ता विशेष रूप से आमन्त्रित किया गया था। व्याख्यानमाला का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के संयोजकत्व में हुआ। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि 'बॉल लाइटनिंग' विषय पर अपने सारगर्भित संबोधन में डा. रोजर डेविड किंगडन ने इस प्राकृतिक घटना को विस्तार से समझाया और इसके रोचक व वैज्ञानिक पहलुओं से छात्रों को अवगत कराया, जिससे छात्रों का काफी ज्ञानवर्धन हुआ। डा. रोजर ने बिजली गिरने से उत्पन्न सिलिकॉन वाष्प की भूमिका पर अपनी परिकल्पना दी, साथ ही सैद्धांतिक गणना द्वारा प्रकृति के इस अद्भुद करिश्मे पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्रों ने डा. रोजर से कई सवाल भी पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी ने भी अपने विचार व्यक्त किये और छात्रों को एक अच्छा शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया।

# टीएमयू एजुकेशन की पोस्टर प्रतियोगिता में प्रेरणा अव्वल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की ओर से गांधी जयंती पर एक राष्ट्र, एक दृष्टि, एक पहचान-गांधी जी पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी-बीएड की प्रेरणा ने प्रथम, सौम्या और अंशिका सिंधु ने द्वितीय एवम् उजाला कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा मीनाक्षी सैनी, निहारिका सिंह, मीनाक्षी गंगवार, श्रुति पांडे, मेघा प्रकाश, सनफ नाज, सोफिया परवीन, सफीफा, प्रियांशी, बीएससी-बीएड और अमर्सन जॉय बीए-बीएड को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इससे पूर्व कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट के प्राचार्य श्री रविन्द्र देव ने बतौर मुख्य अतिथि, डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि, डॉ. विनोद कुमार जैन आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि श्री रविंद्र देव ने स्टुडेंट्स को पोस्टर बनाने की बारीकियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने पोस्टर चित्रण कला की सूक्ष्मता को ध्यान रखने पर जोर दिया। डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने स्टुडेंट्स को सत्य और अहिंसा के पुजारी बापू की चारित्रिक विशेषताओं को अंगीकार करने को कहा। उन्होंने बताया, कोई भी उपदेश तब तक प्रभावित नहीं होता, जब तक वे गुण हम में नहीं होते।

प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन ने कहा, आजादी की लड़ाई में बापू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बापू इस आंदोलन के महानायक थे। उन्होंने भारत वासियों को एकत्रित कर अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलकर देश को आजाद कराने में अहम योगदान दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुगंधा जैन, सह समन्वयक डॉ. शैफाली जैन, शिवांकी रानी के संग-संग फैकल्टीज़ और बीएससी-बीएड एवम् बीए-बी.एड के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जातिगत जनगणना में निषादों के साथ हुई साज़िश : लौटन राम

**लखनऊ।** बिहार सरकार द्वारा जातिगत जनगणना के आँकड़े सार्वजनिक करना सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक साहसिक व न्यायसंगत कदम है।भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता लौटन राम निषाद ने बिहार सरकार द्वारा जातिगत आँकड़ों को सार्वजनिक करने की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि जो लोग अपनी जाति 10 से 12 प्रतिशत बताकर राजनीतिक दबाव बना रहे थे, उनकी असलियत सामने आ गयी है। उन्होंने बताया कि जनसंख्या के अनुसार टापटेन जातियों में यादव-14.27 प्रतिशत, निषाद-10.3959 प्रतिशत, दुसाध, पासवान-5.31 प्रतिशत, मोची, चमार-5.26 प्रतिशत, कुशवाहा (कोईरी)-4.21 प्रतिशत, शेख-3.82 प्रतिशत, ब्राह्मण-3.66 प्रतिशत, राजपूत- 3.45 प्रतिशत, मुसहर, माँझी-3.09 प्रतिशत और कुर्मी-पटेल-2.88 प्रतिशत हैं।

# आचार्य श्री का गोमतीनगर में मंगल प्रवेश





अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जैन आचार्य विशद सागर जी महाराज व मुनिश्री विशाल सागर महाराज इंदिरानगर जैन मंदिर में अहिंसा दिवस समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न करने के बाद आज गोमतीनगर जैन मंदिर के लिए पद बिहार किया। विहार से पूर्व जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन व अन्य श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री व पूरे संघ से आशीर्वाद लिया और आचार्य श्री के जयकारों के साथ महाराज जी को प्रस्थान कराया। विदाई के समय सबकी आंखें नम हो गई। उधर गोमती नगर जैन मंदिर के अध्यक्ष पीके जैन, मंत्री आलोक जैन, कोषाध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि गोमती नगर में 6 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक आनंद दायक समोशरण विधान शुरू होगा। विधान सुबह 6 से 10बजे 10 बजे तक होगा। मंत्री आलोक जैन ने बताया कि गोमती नगर पहुंचने पर महाराज जी का भव्य स्वागत हुआ, आरती प्रवचन हुआ। आचार्य श्री ने अपने उद्बोधन में जैन धर्म की महत्व को बताया और आज आचार्य विमल सागर जी का जन्म जयंती वर्ष होने के कारण उनको याद किया गया।

# गिरनार पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं: संजय जैन

अवधनामा ब्यूरो

■ इटावा पहुंचे विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**इटावा।** विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सर्वोच्च जैन तीर्थ श्री सम्मेद शिखर के संरक्षण हेतु देशव्यापी आंदोलनकर्ता संजय जैन शताब्दी एक्सप्रेस से दिल्ली से इटावा पहुंचे। जहां उनका विश्व जैन संगठन इटावा इकाई अध्यक्ष आकाशदीप जैन, महामंत्री राजीव जैन, कोषाध्यक्ष मनोज जैन, मीडिया प्रवक्ता नितिन जैन, विकास, नीरज, मन्नू, अंशू, सुशील जैन सहित समाज के लोगों ने रेलवे स्टेशन पर उनका फूलमालाओं से भावभीना स्वागत किया। लालपुरा जैन मन्दिर आते समय रास्ते में उनका जगह जगह स्वागत किया गया। लालपुरा स्थित जैन मन्दिर पहुंचने पर मन्दिर समिति के महामंत्री महेश चन्द्र जैन रपरिया, गौरव कान्त, शेखर जैन, चन्द्रप्रकाश जैन, शुभम जैन, गुड्डू जैन, अशोक जैन, पीडी जैन ने उनकी आगुवानी की। जहॉ संजय जैन ने मुखातिब होते हुए कहा कि गुजरात राज्य में स्थित जैन क्षेत्र गिरनार पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कहा कि पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित गिरनार की पांचवी टोंक पर पुलिस, प्रशासन और पुरातत्व विभाग की मिलीभगत से कोर्ट के 17 फरवरी 2005 के आदेशों को ताक पर रखकर वहां अवैध निर्माण, अतिक्रमण करवाया गया। जैनों के साथ मारपीट, दुर्व्यवहार किया जाता हैं, 1 अक्टूबर 2023 को जैन यात्रियों द्वारा जयकारा लगाने पर गाली गलौच करने के साथ उन्हें जानलेवा हथियारों से डराया गया, जिसकी विडियो प्रचारित की गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की और अवैध रूप



से बैठे इन लोगो ने जैन यात्रियों पर ही उनके पूज्य तीर्थंकर चरणों को क्षति पहुंचाने के प्रयास का झूठा आरोप लगाकर लोगो को भड़काया जो दुखद, असहनीय और निंदनीय है।

उन्होंने मांग करते हुए कहा कि कोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए अविलंब पांचवी टोंक पर से अवैध अतिक्रमण और निर्माण हटाकर किसी को भी रहने की अनुमति न दी जाएं और 5वी टोंक पर पाषाण पर उकेरे हुए प्राचीन नेमीनाथ चरण और नेमीनाथ प्रतिमा को खुले रूप में दर्शन हेतु रखा जाए, 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था हो, कोर्ट के आदेशों का पालन न करने वाले दोषी अफसरों के विरुद्ध कार्यवाही हो, केंद्रीय पुलिस बल की नियुक्ति के साथ चौथी व पांचवी टोंक के मध्य पुलिस चेक पोस्ट बने ताकि कोई भी श्रद्धालु सुरक्षित रूप से दर्शन कर सके। संगठन की इटावा शाखा अध्यक्ष आकाशदीप जैन ने गिरनार पर जैन यात्रियों से दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए केंद्र और गुजरात सरकार से संरक्षण की मांग करते हुए जानकारी दी कि संगठन द्वारा जैन तीर्थ बचाओ धर्म बचाओ के अंतर्गत रविवार, 17 दिसंबर 2023 को नई दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान और इटावा सहित देशव्यापी शांतिपूर्ण जन आंदोलन आरंभ होगा।

इस दौरान संगठन की इटावा शाखा एवं इटावा सकल जैन समाज के लोगों ने संजय जैन को तीर्थ क्षेत्र रक्षक सम्मान से विभूषित किया। इस अवसर पर देवेन्द्र जैन, कमल जैन, रवि जैन, रीना जैन, विमल जैन, नन्दू जैन सहित सकल जैन समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश चन्द्र जैन एवं आभार आकाशदीप जैन ने व्यक्त किया। इसके बाद संजय जैन बरही एवं भिण्ड में आयोजित कार्यक्रमों के लिए रवाना हो गए।

## कमेटी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व सिटी मजिस्ट्रेट का किया सम्मान



**इटावा।** जुलूस ईद मीलादुन्नबी सल्ल.के जुलूसों में पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था एवं शांति पूर्ण ढंग से जुलूसों को पूरा कराने लिए ज़िला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सम्मान कर आभार व्यक्त किया। जुलूस कमेटी के अध्यक्ष कुँवर रफत अली खान आदि ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार व सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गौड़ का आभार व्यक्त करते हुए प्रतीक चिन्ह एवं शाल उड़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर व्यापर मंडल के ज़िला अध्यक्ष अलोक दीक्षित, रहमत अली बल्लू फरहान आदि उपस्तिथ रहे।

# जनपद में लंपी बीमारी से कोई भी पशु प्रभावित नही

अवधनामा संवाददाता

■ जिलाधिकारी लगातार कर रहे पशुओं के टीकाकरण की समीक्षा

**हरदोई।** पशुओं में आजकल लंपी बीमारी की चारों ओर चर्चा है। ऐसे में जनपद हरदोई के लिए खुशी की बात यह है कि जनपद में अभी तक कोई भी पशु लंपी बीमारी से संक्रमित नही मिला है। संदिग्ध लंपी बीमारी से संबंधित कुछ प्रकरणों में टीम मौके पर पहुची है और पशु की तत्काल जांच की है। कोई भी पशु लंपी बीमारी से ग्रसित नही मिला। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के निर्देशन में जनपद में पशुओं के टीकाकरण का काम जोरों से चल रहा है। जिलाधिकारी लगातार टीकाकरण की समीक्षा कर रहे हैं। पशुपालन विभाग की टीमों द्वारा माह अगस्त-सितंबर में लंपी बीमारी के कुल 284400 टीके लगाए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि लंपी बीमारी का कोई भी संदिग्ध मामला जानकारी में आने पर तत्काल पशुपालन विभाग की टीम को सूचित करें। उन्होंने विभाग को निर्देश दिया है कि यदि कोई पशु लंपी से ग्रसित पाया जाता है तो तत्काल उसके आइसोलेशन व सैनिटाइजेशन की उचित व्यवस्था की जाए। तत्काल रोगी पशु की चिकित्सा की व्यवस्था की जाए। एहतियात के तौर पर जनपद में 31 अक्टूबर तक गोवंश/महिशवंश के अंतर्जनपदीय एवं अन्तर्राज्यीय परिवहन पर रोक लगायी गयी है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रचना दीक्षित कहती हैं कि पशुपालन विभाग की टीमें लंपी की रोकथाम के लिए निरंतर सक्रिय हैं।

# उर्से-ए-वाहिदी तैय्यबी ताहिरी को लेकर बैठक का आयोजन

■ सभी जिम्मेदार उर्स में आए हुए जायरीनों का रखेंगे ख्याल -सैय्यद सुहैल मियां.

■ 06,07 व 08 अक्टूबर को होगा सालाना उर्से ए वाहिदी तैय्यबी ताहिरी

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज से होने जा रहे सालाना उर्से वाहिदी तैय्यबी ताहिरी को लेकर बिलग्राम कस्बे में मोहल्ला सुलहाडा स्थित दरगाह मीर अब्दुल वाहिद बिलग्रामी में एक उर्स ए वाहिदी तैय्यबी ताहिरी को लेकर मीटिंग की गई जिसमें बिलग्राम कस्बे के सम्मानित व जिम्मेदार लोग तशरीफ़ लाये और सभी जिम्मेदार लोगों को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिम्मेदारी सालाना उर्स ए वाहिदी तैय्यबी ताहिरी में काम करने की दी गई और इस दौरान हजरत सैय्यद सुहैल मियां ने जानकारी देते हुए बताया है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी लोग अपनी जिम्मेदारी से काम को बखूबी अंजाम देंगे। जैसे आशिफ भाई को लंगर की जिम्मेदारी दी गई इनके साथ कम से कम 20 लोग के साथ रहेंगे एवम उर्स में आने वाले उलेमाओ को खाना खिलाने की जिम्मेदारी दी गई और कई उल्मा इनके साथ रहेंगे। तथा उर्स में आने वाले सभी जायरीनो के वाहन पार्किंग में खड़ी कराने की भी जिम्मेदारी दी गई। सभी गुलामाने वाहिदी अपने अपने काम को अंजाम देंगे। इस मीटिंग की सरपरस्ती हजरत सैय्यद सुहैल मियां ने की।हजरत सैय्यद सुहैल मियां वाहिदी ने सभी मिम्बरान को बताया गया की 06 ,07 व 08 मार्च को सुबह तशरीफ़ ले आएं अपने काम को बखूबी अंजाम दे जिससे दूर दराज से आए मेहमान तारीफ करने को मजबूर हो जाए इस मौके पर बिलग्राम कस्बे सहित अन्य जगहों के काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रेस क्लब इटावा के सदस्य पत्रकारों को दुर्घटना बीमा कवर के पत्र सौंपे गए

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** गुरुवार को हुई एक बैठक के बाद प्रेस क्लब इटावा के सदस्यों को सदस्यता कार्ड और दुर्घटना बीमा से संबंधित दस्तावेज वितरित किए गए। पक्का तालाब चौराहा स्थित प्रेस क्लब भवन में प्रेस क्लब इटावा के अध्यक्ष दिनेश शाक्य, वरिष्ठ सदस्य वीरेश मिश्रा और महामंत्री विशुन कुमार द्वारा सदस्य पत्रकारों को यह दस्तावेज वितरित किए गए। प्रेस क्लब इटावा के अध्यक्ष दिनेश शाक्य ने बताया कि प्रेस क्लब की तरफ से सदस्य पत्रकारों का 3 लाख रुपए का सामूहित बीमा कराया गया है। सामूहिक रूप से बीमा कराए जाने से नाम मात्र के प्रीमियम पर पत्रकारों को 3 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा कवर मिल गया है। पत्रकारों का कार्य काफी जोखिम भरा होता है। उनके कार्य करने का कोई





निश्चित समय नहीं होता, इसके अलावा उनका सामना तरह-तरह के लोगों से होता है जिससे उन पर जोखिम हमेशा ही बना रहता है। ऐसे में 3 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर कराकर प्रेस क्लब इटावा की तरफ से पत्रकारों के कल्याण के लिए एक छोटी सी पहल की गई है।

प्रेस क्लब के महामंत्री विशुन कुमार ने कहा कि 50 सदस्यों के प्रेस क्लब सदस्यता कार्ड और 3 लाख रुपए के सामूहिक दुर्घटना बीमा कवर के दस्तावेज तैयार हुए है जिन्हें गुरुवार को सदस्य पत्रकारों को सौंपा गया। उन्होंने बताया कि प्रेस क्लब की ओर से पत्रकारों के हितार्थ यथासंभव कोशिशें की जाती रही हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटना बीमा के अलावा प्रेस क्लब की कोशिश है कि पत्रकारों के लिए जिले में एक आवासीय कालोनी का निर्माण कराया जाए जिसमें उन्हें रियायती दरों पर भूखंड उपलब्ध कराए जाएं। इस बारे में प्रशासन के स्तर पर कोशिशें जारी हैं। प्रशासन की सहमति मिली तो पत्रकारों से लिए सस्ते भूखंड पर अपना घर बनाने का सपना पूरा हो सकेगा। बताते चलें कि प्रेस क्लब इटावा जिले का एक मात्र मान्यता प्राप्त प्रेस क्लब है। इसका स्थापना मई 1994 में की गई थी। जिले के तमाम सम्मानित पत्रकार प्रेस क्लब इटावा के सदस्य रहे हैं। जनवरी 1997 में पक्का तालाब चौराहा स्थित प्रेस क्लब भवन का लोकार्पण तत्कालीन रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव के हाथों हुआ था। वर्तमान में तमाम प्रतिष्ठित मीडिया समूहों में कार्यरत पत्रकार प्रेस क्लब इटावा के सदस्य हैं। प्रेस क्लब इटावा में आजीवन और आर्डिनरी(एक वर्ष)की सदस्यता दी जाती है। इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने प्रेस क्लब इटावा की इस पहल के लिए प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश शाक्य के प्रति आभार जताया। पत्रकारों का कहना था कि सीमित मानदेय और बढ़ती महंगाई से संघर्ष के बीच 3 लाख रुपए का बीमा कवर उन्हें थोड़ी राहत जरूर देता है। इस मौके प्रेस क्लब के दर्जनों प्रेस क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

## युवा हिंदू वाहिनी भारत के जिलाध्यक्ष बने शशी कांत

**गोवर्धन/ मथुरा।** युवा हिंदु वाहिनी भारत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भवदेश कुमार गुप्ता के निर्देश पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विजय कपासिया की संस्तुति पर गोवर्धन निवासी शशिकांत पाराशर को सामाजिक सेवा में लगन व निष्ठा को देखते हुए जिलाध्यक्ष बनाया है। जिलाध्यक्ष बने शशी कांत पाराशर ने बताया कि संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी दी है, वे समाज में संगठन की पहिचान बनाते हुए समाज के हर वर्ग जाति के व्यक्तियों की जनसमस्याओं के समाधान करने के प्रति सदैव तैयार रहेंगे। वे प्रत्येक व्यक्ति की समस्या के समाधान का भी प्रयास करेंगे। प्रत्येक व्यक्ति के हक के अधिकार की लड़ाई के लिए जिला स्तर पर टीम का गठन किया जाएगा।

# गोवंश के लिए मुख्यमंत्री की पहल

■ गायों के भरण पोषण के लिए समाजसेवी आगे आए

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मुख्यमंत्री तथा वर्तमान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता वाली निराश्रित गौवंश संरक्षण योजनान्तर्गत जनपद मथुरा में लगभग 20 हजार निराश्रित गौवंश संरक्षित कर जनपद में संचालित विभिन्न गौवंश आश्रय स्थलों पर वर्तमान में संरक्षित किये गये हैं, जिनका भरण-पोषण उ0प्र0 सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने जनपदवासियों से अपील की है कि संरक्षित किये जा रहे निराश्रित गौवंश के भरण-पोषण में सहयोग करते हुए अधिक से अधिक मात्रा में भूसा, हरा चारा, चोकर आदि अपने

**बैंक का नाम - कैनरा बैंक**
**जिला परिषद मथुरा**
खाते का नाम- गौ संरक्षण एवं संवर्धन कोष
खाता संख्या-
8868201004436‌1आईएफए
ससी कोड-
CNRB0018868आपके द्वारा दान की गई सामग्री एवं धनराशि का उपयोग केवल निराश्रित गौवंश के भरण पोषण के लिए किया जाएगा।

निकटतम खण्ड विकास अधिकारी / गौवंश आश्रय स्थल पर संपर्क कर दान देने का कष्ट करें तथा गौवंश की सेवा कर पुण्य लाभ उठाए। जनपद के ऐसे सम्मानित / प्रतिष्ठित / पशु प्रेमी / गौवंश में आस्था रखने वाले नागरिकों से अपील की है कि यदि आपके पास गौवंश के दान में देने के लिए भूसा, हरा चारा चोकर आदि की उपलब्धता नहीं है तो आप नकद धनराशि के रूप में दान कर सकते हैं। यह दान आप अपने निकटतम खण्ड विकास अधिकारी / उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी / पशु चिकित्साधिकारी को देकर रसीद प्राप्त कर सकते हैं । जो गौ प्रेमी न्यूनतम 10 कुन्तल भूसा अथवा दान में 11000 रू0 की धनराशि दान करेंगे उन्हें प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। आप ऑनलाइन दान देना चाहते हैं या अपना नाम गोपनीय रखना चाहते हैं तो आप जनपद स्तर पर संचालित निम्न खाते में भी सीधे धनराशि हस्तान्तरित या बैंक के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

## हाईकोर्ट के न्यायाधीश समित गोपाल पहुंचे गिरिराज की शरण में

**गोवर्धन/मथुरा।** प्रयागराज हाईकोर्ट के न्यायाधीश समित गोपाल ने तलहटी स्थित दानघाटी के मंदिर सपरिवार पहुंचकर गिरिराज महाराज की पूजा अर्चना की। उन्होंने गिरिराज के श्रंगार दर्शन कर मनोती मांगी। उनको पूजा अर्चना सेवायत पवन कौशिक ने कराई। सेवायतों ने मंगला वेला का गिरिराज महाराज की प्रसादी दुपट्टा से उनका स्वागत किया। बृहस्पतिवार को प्रयागराज के न्यायाधीश समित गोपाल तलहटी पहुंचे। उन्होंने विधि विधान से गिरिराज की पूजा अर्चना की। तदुपरांत गिरिराज के श्रीकृष्ण के रूप में हुए श्रंगार के दर्शन किये। वे गिरिराज के मनमोहक श्रंगार दर्शन को निहारते रहे। इस अवसर सेवाधिकारी मथुरा दास कौशिक, लाला पंडित, कन्हैया लाल शर्मा, हरिशंकर कौशिक, राजकुमार शर्मा, दिनेश शर्मा, सतीश आदि थे।

# आंगनवाड़ी केंद्र पर ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा, जसवंतनगर।** ऐसे बालक या बालिका जिनके माता पिता एक अथवा दोनों या फिर उनके वैध संरक्षक की मृत्यु 01 मार्च 2020 के बाद हुई है तो ऐसे बालक बालिकाओं को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत ढाई हजार रुपए प्रतिमाह और यदि कोरोना से मृत्यु हुई है तो चार हजार रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उक्त बात यहां सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने कही। वह निलोई के प्राथमिक विद्यालय में बने आंगनवाड़ी केंद्र पर ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक परिवार के अधिकतम



दो बच्चों को ही इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जा रहा है उन्होंने मौजूद ग्रामीणों को आवेदन की पूर्ण प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने ग्राम बाल संरक्षण समिति के पदाधिकारियों से कहा कि कोई भी पात्र बालक या बालिका इस योजना से वंचित न रह जाए इसके लिए घर-घर जाकर सर्वे करें। इस दौरान प्रधानाध्यापिका रमन भदौरिया, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सिया देवी, आशा देवी अवनीत कुमारी, सहायिका राजो देवी, मिथिलेश कुमारी, अनुराधा, शिक्षक नीरज कुमार, शिक्षामित्र विनोद कुमार यादव के अलावा अरविंद कुमार, दिनेश, खुशबू, किरन देवी, जमुना देवी, वेद कुमारी, रेखा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसडीएम सदर स्वाती शुक्ला ने किसानों से खेतों में पराली न जलाये जाने के लिए की अपील



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।**आज तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी सदर स्वाती शुक्ला ने किसानों के साथ बैठक कर खेतों में पराली न जलाए जाने के लिए अपील की। श्रीमती शुक्ला ने कहा कि फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बैलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्र का उपयोग करें। उन्होंने कहा फसल अवशेष ना जलाएं इससे प्रदूषण फैलता है पराली निस्तारण के लिए ऐसे तरीके अपनाएं जिससे परली से खाद बनाई जा सके या उसको वहां से हटाया जा सके। एसडीएम सदर ने कहा की कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रैक एवं बैलर या अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर फसल की कटाई करते हुए पाई गई तो कार्यवाही होगी।

# अनुशासन में रहकर मनायें नवदुर्गा महोत्सव: भोलू

अवधनामा संवाददाता

■ केन्द्रीय पूजा महोत्सव समिति की बैठक हुई

**बांदा।** गुरूवार को बांदा केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति की आवश्यक बैठक महेश्वरी देवी प्रांगण स्थिति मंदिर में हुई बैठक की अध्यक्षता प्रमुख संरक्षक राजकुमार शिवहरे पूर्व विधायक ने की कार्यक्रम का संचालन समिति के महामंत्री कल्लू सिंह राजपूत ने किया केंद्रीय समिति के अध्यक्ष अमित सेठ भोलू ने बताया कि आगामी 15 अक्टूबर से नवदुर्गा महोत्सव प्रारंभ हो रहा है एवं 24 अक्टूबर को मूर्तियों का विसर्जन कार्यक्रम उसके परिपेक्ष में व्यवस्थाओं के संदर्भ में समिति के संरक्षक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। समिति के संरक्षक राजकुमार राज ने सभी से कहा कि जिस तरह हम लोग प्रतिवर्ष इस महोत्सव को उत्साह के साथ मानते आये हैं इस वर्ष भी बड़े अनुशासन में रहकर कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक बहुत ही शानदार तरीके मनायें। समिति के संरक्षक प्रकाश साहू योग गुरु ने सभी कार्यकर्ताओं से आवाहन किया की विसर्जन जुलूस में सभी लोग एक ही तरह के ड्रेस कोड





में रहे संरक्षक प्रभाकर सिंह चंदेल जी ने कहा विसर्जन में जो भी देवी पंडाल,समाज के देश भक्ति का संदेश देते हुए झांकी निकलेगा उनको नगद पुरस्कार देकर समिति सम्मानित करेगी नगर पालिका प्रतिनिधि अंकित बसु ने कहा कि नगर पालिका आप सभी को पूर्ण आश्वासन देती है की पूरी नगर में साफ सफाई व्यवस्था विद्युत व्यवस्था और विसर्जन घाट की व्यवस्था पूर्ण अभी से नगर पालिका प्रशासन कार्य शुरू कर दिया है। जो भी कमी उसको समय रहते ठीक कर दिया जाएगा समिति के संरक्षक संतोष गुप्ता जी ने सभी समाज वालों से आवाहन किया है कि अपने पंडालों में मधुर ध्वनि से साउंड सर्विस बजे और पूरे 9 दिन और विसर्जन के दिन सिर्फ देवी गीत के ही भजन बजाये संयुक्त महामंत्री अभिषेक पांडे ने कहा 10 तारीख को समिति के द्वारा विभिन्न समस्याओं के संदर्भ में जिला अधिकारी महोदय को एक ज्ञापन दिया जाएगा।

# जनहित में रेलवे लाइन के किनारे 6 फुट छोड़कर दीवाल बनाने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अंतापाड़ा फाफड़ा पीर अंबाखार के पीछे इलाके के निवासी मथुरा कैंट से आर्य समाज रोड रेलवे फाटक तक दोनों और हाई स्पीड ट्रेन के सुरक्षित संचालन हेतु दोनों और स्थाई रूप से बाउंड्री वॉल रेल विभाग द्वारा कराए जाने तथा स्थानीय लोगों की निकासी में अवरोध करने से निजात पाने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल कुंवर नरेंद्र सिंह वरिष्ठ रालोद नेता रमेश सैनी मथुरा वृन्दावन महानगर अध्यक्ष सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ लुकेश कुमार राही अध्यक्ष अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा एवं पूर्व सभासद राजेश कुमार कड़ेरे समाजवादी पार्टी बरेली मंडल के रेल अधिकारी डीआरएम श्रीमती रेखा यादव से मुलाकात करने इज़्तनगर बरेली पहुंचा वार्ता उपरांत विपिन कुमार यादव सीनियर इंजीनियर द्वितीय बरेली मंडल को स्थानीय नागरिकों निवासियों के लिए दोनों और छह फीट चौड़ा मार्ग छोड़कर बाउंड्री वॉल करने की मांग की इस पर रेल अधिकारियों ने तत्काल बाउंड्री वालों का काम रुकवा दिया आगे जांच कर स्थानीय लोगों के मानवीय पक्ष को ध्यान में रखकर बाउंड्री वॉल करने का आश्वासन दिया रेल अधिकारियों के रेल अधिकारियों के मानवीय व्यवहार एवं आसपास के स्थानीय लोगों में आशा की उम्मीद जगी है।

# पुलिस मुठभेड़ में घायल सहित तीन गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

■ नकली सोने की ईट बेचकर 25 लाख की ठगी की गई

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा बदमाशों के विरुद्ध चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत बीती रात बदमाशों के साथ पुलिस की हुई मुठभेड़ के बाद एक बदमाश घायल सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से नकली सोने की ईट के अलावा ठगी के 25 लाख रुपए और नाजायज असलाह बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजवीर पुत्र स्वर्गीय टेक चंद निवासी मुंडका थाना नागलोई बाहरी जिला दिल्ली से नकली सोने की ईट असली के रूप में 25 लाख रुपए में अज्ञात लोगों के द्वारा बेची गई थी जिसकी जांच करने पर राजवीर सिंह को अपने ठगे जाने का एहसास हुआ और थाना छाता पुलिस को तहरीर देकर अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी गई।

पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित से पूछताछ की जिसमें पीड़ित के किराएदार महिला का नाम प्रकाश में आया और उसी क्रम में पुलिस ने आगे जांच को बढ़ाते हुए मोबाइल नंबर ट्रेस किया। 4 अक्टूबर की रात को मुखबिर की सूचना पर थाना छाता पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पैगाम रोड सबलगढ़ मोड पर बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में अली शेर उर्फ अली पुत्र हुसैन खान निवासी थाना बरसाना जिला मथुरा घायल हो गया उसके साथी जोगिंदर उर्फ जग्गू पुत्र शेरपाल निवासी विशंभरा थाना शेरगढ़ धर्मेंद्र पुत्र राजेश निवासी काठमालिया थोक कस्बा व थाना छाता को गिरफ्तार कर लिया उनके साथी शकील पुत्र रज्जाक निवासी हथिया थाना बरसाना गिर्राज पुत्र वाली निवासी विशंभरा थाना शेरगढ़ सलीम जफर पुत्र स्माइल उर्फ बिल्ला निवासी हथिया थाना बरसाना अंधेरी का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए।

इस घटना में मुख्य भूमिका निभाने वाली पीड़ित की किराएदार महिला भी फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है पुलिस ने उनके कब्जे से ठगी के 25 लाख रुपए नगद नकली सोने की डेढ़ ईट और असलाह बरामद किया है पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है उसके दो साथियों को कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा है पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक छाता संजीव कुमार दुबे उपनिरीक्षक राजकुमार सुधीर सिंह उत्तम चौहान और पुलिसकर्मी के अलावा स्वाट टीम के प्रभारी अभय शर्मा और उनकी टीम के पुलिस कर्मचारी शामिल रहे हैं इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया फरार आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

# लिपिक को फर्जी मुकदमे में फंसाने की मिल रही धमकी

अवधनामा संवाददाता

**नरैनी/बांदा।** नगर पंचायत के लिपिक द्वारा सभासद को चुनाव में खर्च हुए रुपये न देने पर फर्जी मुकदमा में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। लिपिक ने यह आरोप लगाते हुए मंडलायुक्त सहित कई अधिकारियों को पत्र भेजकर शिकायत की हैं।हाल ही में सभासदों ने लिपिक पर अभद्रतापूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया था जिससे अधिशासी अधिकारी ने लिपिक को पद से हटा दिया था। नगर पंचायत कार्यालय के लिपिक शिवओम द्विवेदी ने मण्डल के कमिश्नर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित स्थानीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि वार्ड नम्बर 5 जवाहर नगर के सदस्य साधूराम चुनाव जीतने के बाद से उनसे रुपये की मांग कर रहे हैं। कहते हैं कि उन्होंने चुनाव में जो धनराशि खर्च की है, वह यहीं से निकाली जाएगी। आरोप लगाया है कि रुपये न देने पर फर्जी मुकदमा में फसाने और जान से मारने की धमकी देते हैं। गौरतलब है कि नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राम सिंह ने 27 सितंबर को पत्र जारी कर लिपिक शिवम द्विवेदी द्वारा फोन पर सदस्य साधूराम के साथ गाली गलौज व अपशब्दों का प्रयोग करने के आरोप में लिपिक को पद से हटा दिया गया था।

# पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम का कमाल, भारत के खाते में आया एक और गोल्ड

दक्षिण कोरिया के पांच नौ-पॉइंटर्स की मदद से 58-55 की बढ़त के साथ भारत आगे बढ़ने वाला पहला खिलाड़ी था। कोरियाई लोग फिर से एंड 2 के शुरुआती शॉट्स में 10 से चूक गए और एक और अंक पीछे रह गए। दूसरे छोर से भारतीय टीम ने अंदरूनी घेरे पर प्रहार करना जारी रखा।

भारत की पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने एशियाई खेलों की तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। अभिषेक वर्मा, ओजस देवतले और प्रथमेश जावकर की भारत की पुरुष कंपाउंड टीम ने गुरुवार को एशियाई खेलों में दक्षिण कोरिया के खिलाफ 235-230 की जीत के बाद एक और तीरंदाजी स्वर्ण पदक हासिल किया। दक्षिण कोरिया के पांच नौ-पॉइंटर्स की मदद से 58-55 की बढ़त के साथ भारत आगे बढ़ने वाला पहला खिलाड़ी था। कोरियाई लोग फिर से एंड 2 के शुरुआती शॉट्स में 10 से चूक गए और एक और अंक पीछे रह गए। दूसरे छोर से भारतीय टीम ने अंदरूनी घेरे पर प्रहार करना जारी रखा।

जावकर ने एक तीर को आठ में से चूका दिया लेकिन अंत 2 के समापन पर भारत फिर भी 116-114 से आगे था। तीसरे छोर की शुरुआत कोरिया ने 28/30 के स्कोर के साथ की, जबकि भारत परफेक्ट 30 का स्कोर बनाने में सफल रहा। तीरों की दूसरी तिकड़ी में कोरिया के एक और नौ ने तीसरे छोर के बाद उसकी बढ़त को पांच अंकों तक 175-170 तक बढ़ाने में मदद की। भारत ने अंतिम समय में 60/60 का स्कोर बनाया जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि कोरिया को वापसी के लिए कोई जगह नहीं मिले। भारत का आज का यह तीसरा गोल्ड है। भारत के गोल्ड की



संख्या 21 हो गई है।

इससे पहले भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रोमाचंक फाइनल में चीनी ताइपे को एक अंक से हराकर एशियाई खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की शीर्ष वरीय गत विश्व चैंपियन टीम ने फाइनल में अंतिम चरण में 60 में से 60 अंक के परफेक्ट स्कोर के साथ चीनी ताइपे की तीसरी वरीय जोड़ी को 230-229 से हराया। भारत का मौजूदा खेलों का तीरंदाजी में यह दूसरा स्वर्ण और कुल पांचवां पदक है। बुधवार को ज्योति और ओजस देवताले ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

# भारत की झोली में 20वां स्वर्ण पदक, स्कैश के फाइनल में मिली जीत



दूसरे गेम में एक समय दीपिका और हरिंदर छह अंकों की बढ़त के साथ आगे बढ़ रहे थे, लेकिन मलेशियाई जोड़ी ने लगातार कई अंक लेकर स्कोर 10-9 से अपने पक्ष में कर लिया। लेकिन भारतीयों ने दो अंक जुटाकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

दीपिका पल्लीकल और हरिंदरपाल सिंह संधू की भारतीय स्क्वैश जोड़ी ने गुरुवार को हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में मिश्रित युगल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने मलेशिया के अजमान बिनती और सियाफिक बिन मोहम्मद के खिलाफ 11-10,11-10 से रोमांचक जीत दर्ज की। आधे घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में कमल ने सीधे गेम में बाजी मारी। दूसरे गेम में एक समय दीपिका और हरिंदर छह अंकों की बढ़त के साथ आगे बढ़ रहे थे, लेकिन मलेशियाई जोड़ी ने लगातार कई अंक लेकर स्कोर 10-9 से अपने पक्ष में कर लिया। लेकिन भारतीयों ने दो अंक जुटाकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

एशियाड के इस संस्करण में यह भारत का 20वां स्वर्ण है और देश कुल 83 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। बाद में दिन में सौरव घोषाल पुरुष एकल फाइनल में मलेशिया के इयान यो एनजी से भिड़ेंगे। इससे पहले भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए गुरुवार को यहां रोमाचंक फाइनल में चीनी ताइपे को एक अंक से हराकर एशियाई खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की शीर्ष वरीय गत विश्व चैंपियन टीम ने फाइनल में अंतिम चरण में 60 में से 60 अंक के परफेक्ट स्कोर के साथ चीनी ताइपे की तीसरी वरीय जोड़ी को 230-229 से हराया।

# अंतिम क्वार्टर फाइनल में विश्व चैंपियन फुजिमानी से हारी



फुजिनामी को अंतिम के खिलाफ जीत का दावेदार माना जा रहा था और भारतीय खिलाड़ी उलटफेर करने में विफल रही। जापान की खिलाड़ी ने पहले पीरियड में ही एक मिनट से भी अधिक शेष रहते जीत दर्ज की।

भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल को गुरुवार को यहां महिला 53 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जापान की विश्व चैंपियन अकारी फुजिनामी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। जापान की खिलाड़ी ने अंतिम को चित्त करके जीत दर्ज की।

फुजिनामी को अंतिम के खिलाफ जीत का दावेदार माना जा रहा था और भारतीय खिलाड़ी उलटफेर करने में विफल रही। जापान की खिलाड़ी ने पहले पीरियड में ही एक मिनट से भी अधिक शेष रहते जीत दर्ज की।

विनेश फोगाट के चोट के कारण बाहर होने पर अंतिम को भारतीय दल में जगहमिली थी। इससे पूर्व अंतिम ने उज्बेकिस्तान की जैस्मिना इमाएवा को 11-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी जहां उनका सामना फुजिनामी से होना था जो 2021 ओस्लो और 2023 बेलग्रेड विश्व चैंपियनशिप की विजेता हैं।

फुजिनामी अगर फाइनल में जगह बनाती हैं जो अंतिम को रेपेचेज दौर के जरिए कांस्य पदक के लिए मुकाबला पेश करने का मौका मिलेगा।

## वर्ल्ड कप 2023 के लिए कोका-कोला इंडिया और आईसीसी ने रीसाइकल्ड पीईटी से बने राष्ट्रीय झंडे लागू किये

**नई दिल्ली।** जैसा कि आज से आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 शुरू हो रहा है, कोका-कोला इंडिया और आईसीसी मिलकर सस्टेनेबिलिटी के प्रति वचनबद्धता के साथ क्रिकेट के लिए देश की उत्त्तेजना बढ़ाने जा रहे हैं। आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के मैच ओपनिंग सेरेमनी के दौरान कोका-कोला इंडिया और आईसीसी ने इस्तेमाल की गई पीईटी बोतलों से बने राष्ट्रीय झंडों (नैशनल फ्लैग) को लागू किया है। इन पीईटी बोतलों को धागे बनाने के लिए रीसायकल किया गया था और बाद में धागों को झंडों में इस्तेमाल किया गया। इन झंडों को स्टेडियमों में प्रत्येक मैच के पहले 'नैशनल ऐंथम सेरेमनी' के दौरान इस्तेमाल किया जाएगा।

पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी के एक नए युग की घोषणा करते हुए कोका-कोला इंडिया ने दस खिलाड़ी राष्ट्रों के राष्ट्रीय झंडों और दस आईसीसी यूनिटी झंडों के निर्माण में मदद की है। इस प्रकार कोका-कोला इंडिया क्रिकेट के खेल में रीसाइकल्ड पीईटी राष्ट्रीय झंडों को लागू करने वाली दुनिया की पहले कंपनी बन गई है और इसने भविष्य के आयोजनों के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है।

एक राष्ट्रीय झंडे के निर्माण के लिए लगभग 11,000 पीईटी बोतलों और एक आईसीई यूनिटी झंडे के बनाने में 2000 पीईटी बोतलों का प्रयोग किया गया। इन झंडों को गोरिवाइज बाई गणेश इकोसर्व लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है जो रीसाइकल्ड धागों और परिधानों का निर्माण का काम करती है। इन शानदार झंडों को जीवंत करने के लिए 100 कामगारों की समर्पित टीम ने 25 दिन और 300 घंटों से अधिक समय तक काम किया। थम्स अप और लिम्का स्पोर्ट्ज आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप इंडिया 2023 के लिए आधिकारिक बेवरीज और स्पोर्ट्स ड्रिंक पार्टनर्स हैं। वर्ल्ड कप के दौरान अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता पैदा करने के लिए कोका-कोला इंडिया ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रशंसक और उपभोक्ता सहभागिता सहित अनेक सक्रियण कार्यक्रम आरम्भ करेगा।

# भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू क्वार्टर फाइनल में हारी



सिंधू ने तोक्यो ओलंपिक में बिंगजियाओ को ही सीधे गेम में हराकर कांस्य पदक जीता था लेकिन चीन की खिलाड़ी ने अपनी सरजमीं पर जीत के साथ बदला चुकता किया और भारतीय खिलाड़ी से पिछले दो एशियाई खेलों के पदक के रंग को बेहतर करने का मौका छीन लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू गुरुवार को यहां महिला एकल क्वार्टर फाइनल में चीन की ही बिंगजियाओ के खिलाफ सीधे गेम में शिकस्त के साथ एशियाई खेलों से बाहर हो गई। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू को दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी बिंगजियाओ के खिलाफ 47 मिनट में 16-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने तोक्यो ओलंपिक में बिंगजियाओ को ही सीधे गेम में हराकर कांस्य पदक जीता था लेकिन चीन की खिलाड़ी ने अपनी सरजमीं पर जीत के साथ बदला चुकता किया और भारतीय खिलाड़ी से पिछले दो एशियाई खेलों के पदक के रंग को बेहतर करने का मौका छीन लिया।

सिंधू ने 2014 इंचियोन और 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में क्रमशः कांस्य और रजत पदक जीता था। दोनों खिलाड़ियों ने पहले गेम में अच्छी शुरुआत की लेकिन बिंगजियाओ ने जल्द ही 9-5 की बढ़त बना ली। सिंधू को कोर्ट में मूवमेंट को लेकर जूझना पड़ रहा था। बिंगजियाओ ने भारतीय खिलाड़ी को पूरे कोर्ट पर दौड़ाया और फिर सटीक शॉट के साथ अंक जुटाए। चीन की खिलाड़ी ने पहला गेम 23 मिनट में जीता। दूसरे गेम में भी सिंधू जूझती दिखी। बिंगजियाओ ने 5-1 की बढ़त बनाई। सिंधू की गलतियों पर चीन की खिलाड़ी ने दमदार स्मैश से कई अंक जुटाए। सिंधू ने हालांकि वापसी करते हुए स्कोर 8-9 किया लेकिन बिंगजियाओ ने लगातार तीन अंक के साथ 12-8 की बढ़त बना ली। चीन की खिलाड़ी को इसके बाद गेम और मैच जीतने में कोई परेशानी नहीं हुई।

# सलमान खान और अरिजीत सिंह ने खत्म की 9 साल पुरानी दुश्मनी? टाइगर 3 में गाना गाएंगे गायक?



2016 में अरिजीत सिंह ने सुल्तान के लिए एक गाना गाया था जिसे सुपरस्टार ने फिल्म से हटा दिया था। मशहूर गायक ने अभिनेता से सार्वजनिक माफी मांगी और उल्लेख किया कि उनका कभी भी उनका अपमान करने का इरादा नहीं था। आप (सलमान) इस बात को लेकर गलत हैं कि मैंने आपका अपमान किया।

सुपरस्टार सलमान खान और सिंगर अरिजीत सिंह के बीच हुए तनाव से इंडस्ट्री का बच्चा बच्चा वाकिफ है। दोनों के बीच लगभग नौ साल से बातचीत बंद थी। ऐसा लग रहा है कि आखिरकार प्रशंसकों को सुपरस्टार सलमान खान के लिए अरिजीत सिंह का गाना सुनने को मिलेगा, क्योंकि गायक को टाइगर 3 स्टार के घर के बाहर देखा गया था। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्होंने नौ साल की लंबी दुश्मनी का अंत कर दिया है। खैर, यह सब 2014 में एक पुरस्कार समारोह में शुरू हुआ जहां सलमान ने अरिजीत को सर्वश्रेष्ठ गायक का पुरस्कार देने के लिए उनका नाम पुकारा। बिखरे हुए बालों के साथ बहुत ही कैज़ुअल कपड़े पहने हुए उन्हें देखकर, सलमान ने गायक पर चुटकी ली और उनसे पूछा, तू है विजेता?। अरिजीत ने भी अभिनेता के होस्टिंग कौशल पर मज़ाकिया कटाक्ष किया, आप लोगों ने सुला दिया। इसे सुपरस्टार सलमान खान ने अपमान के रूप में लिया और कथित तौर पर वह उनसे नाराज हो गए और उन्होंने अपनी फिल्म सुल्तान के लिए गाए गाने को हटाने का फैसला किया।

2016 में अरिजीत सिंह ने सुल्तान के लिए एक गाना गाया था जिसे सुपरस्टार ने फिल्म से हटा दिया था। मशहूर गायक ने अभिनेता से सार्वजनिक माफी मांगी और उल्लेख किया कि उनका कभी भी उनका अपमान करने का इरादा नहीं था। आप (सलमान) इस बात को लेकर गलत हैं कि मैंने आपका अपमान किया। सुल्तान से अपना गाना न हटाने का अनुरोध करते हुए अरिजीत ने लिखा, मैंने काफी गाने गाए हैं सर। लेकिन मैं अपनी लाइब्रेरी में आपके कम से कम एक गाने के साथ रिटायर होना चाहता हूं। कृपया इस भावना को ख़त्म न करें।

जुग घूमेया को बाद में सलमान खान ने खुद गाया था और ये गाना अब तक का सबसे पॉपुलर गाना बन गया। उस वक्त मीडिया से बातचीत के दौरान सलमान से पूछा गया था कि क्या वह अरिजीत सिंह के सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के बाद उन्हें कभी माफ करेंगे। सुपरस्टार उन्हें पहचानने में विफल रहे, और वापस सवाल किया, अरिजीत सिंह कौन है? और सलमान खान के इस एक बयान से पता चला कि वह उन्हें माफ करने के मूड में नहीं हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि पिछले नौ वर्षों में चीजें बदल गई हैं। और अरिजीत को सलमान के घर के बाहर देखा जाना इस बात का संकेत है कि उन्होंने अपनी समस्याएं सुलझा ली हैं। क्या अरिजीत की इच्छा आखिरकार पूरी होगी और क्या उन्हें टाइगर 3 में गाने का मौका मिलेगा? समय ही बताएगा।

# पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की फुकरे 3 ने कमाई में किया 60 करोड़ का आंकड़ा पार




28 सितंबर को रिलीज हुई फुकरे 3 ने टिकट खिड़की पर सभी को प्रभावित किया है। 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने के कुछ दिनों बाद फिल्म ने अब 60 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।28 सितंबर को रिलीज हुई फुकरे 3 ने टिकट खिड़की पर सभी को प्रभावित किया है। 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने के कुछ दिनों बाद फिल्म ने अब 60 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।

फुकरे 3 में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह, पंकज त्रिपाठी और ऋचा चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं। मृगदीप सिंह लांबा निर्देशित इस फिल्म ने पहले दिन 8.50 करोड़ रुपये कमाए। शुरुआती ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, 7वें दिन यानी 4 अक्टूबर को फिल्म ने करीब 3.65 करोड़ रुपये की कमाई की। इस लिहाज से अब फिल्म का कुल कलेक्शन 62.93 करोड़ रुपये हो गया है। इस बीच, फुकरे 3 ने 4 अक्टूबर, बुधवार को हिंदी बेल्ट में कुल मिलाकर 12.48 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी देखी।

फुकरे 3 एक और गुदगुदाने वाला और अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव है। फ्रैंचाइज़ी के पहले भागों में अली फज़ल भी प्रमुख भूमिकाओं में से एक थे। यह फिल्म मृगदीप सिंह लांबा द्वारा निर्देशित और रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है। यह फिल्म फुकरे (2013) और फुकरे रिटर्न्स (2017) के बाद फुकरे फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है। फुकरे 3 का संगीत तनिष्क बागची, सुमीत बेल्लारी और अभिषेक नेलवाल ने तैयार किया है। गाने के बोल कुमार, शब्बीर अहमद और अभिषेक नेलवाल ने लिखे हैं।

# सनी लियोनी ने माधुरी दीक्षित को दिया ट्रिब्यूट, मेरा पिया घर आया 2.0 गाने का टीजर जारी



बी टाउन एक्ट्रेस सनी लियोनी फिल्मों में आइटम सॉन्ग के लिए काफी मशहूर हैं। इस बार सनी लियोनी हिंदी सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के आइकॉनिक सॉन्ग मेरा पिया घर आया की रीमेक करने जा रही हैं। इस गाने का टीजर भी सामने आ गया है।

बी टाउन एक्ट्रेस सनी लियोनी फिल्मों में आइटम सॉन्ग के लिए काफी मशहूर हैं। इतना ही नहीं कई म्यूजिक वीडियो में सनी अपने किलर डांस मूव्स से महफिल लूट चुकी हैं। इस बार सनी लियोनी हिंदी सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के आइकॉनिक सॉन्ग मेरा पिया घर आया की रीमेक करने जा रही हैं। इस गाने का टीजर भी सामने आ गया है।

ऐसे में करीब 28 साल बाद बी टाउन एक्ट्रेस सनी लियोनी मेरा पिया घर आया का रीमेक लेकर आ रही हैं। गुरुवार को मेरा पिया घर आया 2.0 का टीजर रिलीज किया गया है। सनी लियोनी का नाम बॉलीवुड फिल्मों में आइटम नंबर्स के लिए काफी जाना जाता है। इतना ही नहीं कई म्यूजिक वीडियो में भी सनी अपना जलवा बिखेर चुकी हैं। इस बीच अब सनी लियोनी ने बॉलीवुड सुपरस्टार माधुरी दीक्षित के सुपरहिट सॉन्ग मेरा पिया घर आया का रीमेक किया है। सनी लियोनी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मेरा पिया घर आया 2.0 का लेटेस्ट टीजर शेयर किया है। इस टीजर वीडियो में ये जानकारी दी गई है कि माधुरी दीक्षित को स्पेशल ट्रिब्यूट के तौर पर हम मेरा पिया घर आया 2.0 लेकर आ रहे हैं। सनी लियोनी के अपकमिंग आइटम सॉन्ग मेरा पिया घर आया 2.0 के टीजर को देखने के बाद फैंस गाने की रिलीज का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में हम आपको बता दें कि सनी का ये गाना आने वाले 8 अक्टूबर को रिलीज किया जाएगा।

# रणबीर कपूर सहित कई बॉलीवुड सितारों की बढ़ने वाली मुश्किलें

बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 6 अक्टूबर को तलब किया है। प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों के अनुसार, रणबीर कपूर ने एक सहायक ऐप का प्रचार किया, जिसे महादेव बुक ऐप प्रमोटर्स द्वारा भी प्रचारित किया जाता है।

महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में शामिल होने के कारण कई बॉलीवुड अभिनेता और गायक प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दायरे में हैं। बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 6 अक्टूबर को तलब किया है। प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों के अनुसार, रणबीर कपूर ने एक सहायक ऐप का प्रचार किया, जिसे महादेव बुक ऐप प्रमोटर्स द्वारा भी प्रचारित किया जाता है। सूत्रों ने बताया कि अभिनेता ने प्रमोशन के लिए नकद पैसे लिए। ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म महादेव बुक ऐप की जांच ईडी और कई राज्यों के पुलिस विभाग कर रहे हैं।

पिछले महीने सूत्रों से पता चला कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा एकत्र किए गए डिजिटल सबूतों के अनुसार, 112 करोड़ रुपये हवाला के जरिए एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को दिए गए थे, जबकि 42 करोड़ रुपये की होटल बुकिंग के लिए भुगतान नकद में किया गया था। जांच एजेंसी महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में चल रही जांच के सिलसिले में कुछ अन्य शीर्ष बॉलीवुड अभिनेताओं और गायकों को तलब कर सकती है। पिछले महीने, इंडिया टुडे की एक एक्सक्लूसिव रिपोर्ट में उन अभिनेताओं और गायकों का खुलासा हुआ था, जो इस साल फरवरी में यूएई में महादेव बुक ऐप के प्रमोटर, सौरभ चंद्राकर के विवाह समारोह में शामिल हुए थे।



इनमें टाइगर श्रॉफ, सनी लियोन, नेहा कक्कड़, आतिफ असलम, राहत फतेह अली खान, अली असगर, विशाल ददलानी, एली अवराम, भारती सिंह, भाग्यश्री, कृति खरबंदा, नुसरत भरूचा, कृष्णा अभिषेक और सुखविंदर सिंह शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खुलासा किया था कि महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले के दो सरगनाओं में से एक, सौरभ चंद्राकर ने इस साल की शुरुआत में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अपनी भव्य शादी पर 200 करोड़ रुपये खर्च किए थे। केंद्रीय एजेंसी महादेव ऑनलाइन जुआ ऐप के संचालन के संबंध में करोड़ों रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है, जिसके प्रमोटरों में से एक चंद्राकर हैं।

एजेंसी ने कहा था कि ईडी ने मामले में 417 करोड़ रुपये की नकदी और संपत्ति भी जब्त की थी। पीटीआई के हवाले से कहा गया है, ईडी ने हाल ही में कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि शहरों में महादेव एपीपी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ व्यापक तलाशी ली है और बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सबूत हासिल किए हैं और 417 करोड़ रुपये की अपराध आय को फ्रीज/जब्त कर लिया है।

# शहरी विकास पर मोदी सरकार ने दिया सबसे अधिक ध्यानः हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि शहरी स्थानीय निकायों के क्षमता निर्माण के लिए नया नजरिया अपनाने की जरूरत है, क्योंकि परंपरागत बुनियादी ढांचा तैयार करने से बात बनने वाली नहीं है। यह सोच अब बीती बात है। पुरी ने कहा कि दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहर ही भविष्य के शहर होंगे। इन पर नए दृष्टिकोण से ध्यान देना होगा।

शहरी स्थानीय निकायों के क्षमता निर्माण पर आयोजित एक दिन के वर्कशाप में पुरी ने कहा कि 4900 से अधिक स्थानीय निकायों में मिशन कर्मयोगी के तहत एकीकृत क्षमता निर्माण की जरूरत है। इन निकायों में रहने वाले आखिरी व्यक्ति तक सेवाओं का लाभ पहुंचाने, इनके कामकाज की क्षमता बढ़ाने और डिजिटल तकनीक को इनमें शामिल करने के लिए नए इकोसिस्टम की जरूरत है।

पुरी ने कहा कि मोदी सरकार ने

**कर्मयोगी**

**4900 से अधिक स्थानीय निकायों में मिशन कर्मयोगी के तहत एकीकृत क्षमता निर्माण की जरूरत है।**



शहरीकरण की चुनौती को अवसर के रूप में लेते हुए शहरों के विकास पर खर्च छह गुना तक बढ़ाया है। एक समय था जब शहरीकरण के लिहाज से भारत को अनिच्छुक देश समझा जाता था। यह अनिच्छा आपराधिक अनदेखी की तरह थी, लेकिन पिछले आठ-नौ साल में माहौल पूरी तरह बदल गया है।

2004 से 2014 के बीच शहरी विकास पर केवल 1.78 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 2014 से अब तक 18 लाख करोड़ से अधिक पैसा खर्च किया जा चुका है। शहरी स्थानीय निकायों को इस दौरान कहीं अधिक आर्थिक सहायता मिली है।

13वें वित्त आयोग ने निकायों को 23,111 करोड़ रुपये दिए थे, लेकिन 15वें वित्त आयोग के तहत इसकी छह गुना राशि यानी 1,55,628 करोड़ रुपये निकायों को मिले हैं। पुरी ने कहा कि नियोजित शहरी विकास सबसे अधिक जरूरी है। शहरी नियोजन से संबंधित सुधारों के लिए राज्यों को सीधे पैसे दिए गए हैं। बिल्डिंग बाइलाज का आधुनिकीकरण, ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट, रियायती आवास, जीआइएस आधारित मास्टर प्लानिंग और आनलाइन भवन निर्माण अनुमति सिस्टम जैसे कदम शहरी विकास की प्राथमिकता के रूप में तय किए गए हैं। इस वर्कशाप का आवासन और शहरी विकास मंत्रालय के साथ संयुक्त रूप से आयोजन करने वाले कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के अध्यक्ष आदिल जैनुलभाई ने समारोह से इतर बताया कि क्षमता निर्माण का पायलट प्रोजेक्ट छह शहरों-अहमदाबाद, राजकोट, मैसूरु, पुणे, नागपुर और भुवनेश्वर में चलाया गया। नए भारत के लिए सभी स्थानीय निकायों का विकास जरूरी है। इस प्रोजेक्ट के अनुभव बाकी निकायों के साथ साझा किए जा रहे हैं।

## गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को वामपंथी उग्रवाद पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे, कई राज्य होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार (6 अक्टूबर) को राजधानी दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, झारखंड, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और केरल राज्यों के मुख्यमंत्रियों, गृह मंत्रियों या उनके प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।

ये वो राज्य हैं जो वामपंथी उग्रवाद या नक्सली समस्या से प्रभावित हैं। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के शीर्ष अधिकारी, केंद्र और राज्य सरकारों के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। निश्चित अंतराल पर होने वाली इस बैठक का उद्देश्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के विकास के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करना है।

हालांकि, केंद्र और राज्यों के संयुक्त प्रयासों से वामपंथी उग्रवाद पर नकेल कसने से नक्सली



घटनाओं में काफी गिरावट आई है। केंद्र सरकार का मानना है कि जब तक देश वामपंथी उग्रवाद की समस्या से पूरी से खत्म नहीं हो जाती, तब तक देश और इससे प्रभावित राज्यों का पूर्ण विकास संभव नहीं है। बता दें कि वामपंथी उग्रवाद देश में कई दशकों से एक महत्वपूर्ण सुरक्षा चुनौती रहा है। गृह मंत्रालय ने वामपंथी उग्रवाद के खतरे से निपटने के लिए साल 2015 से एक राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना पर काम कर रहा है। नीति में हिंसा के प्रति शून्य सहिष्णुता बरतने की बात कही गई है। इसके साथ ही विकासात्मक गतिविधियों पर एक बड़ा जोर है ताकि विकास का फायदा प्रभावित क्षेत्रों में गरीबों और कमजोर लोगों तक पहुंच सके।

**सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में राज्य सरकारों की मदद**

केंद्र की नीति के मुताबिक, गृह मंत्रालय सीएपीएफ बटालियनों की तैनाती, हेलीकॉप्टर और यूएवी के प्रावधान और इंडिया रिजर्व बटालियन और विशेष इंडिया रिजर्व बटालियन की मंजूरी देकर क्षमता निर्माण और सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में राज्य सरकारों की मदद की जाती है।

केंद्र सरकार राज्यों की पुलिस के आधुनिकीकरण और उनके प्रशिक्षण के लिए पुलिस बल के आधुनिकीकरण, सुरक्षा संबंधी खर्च, योजना और विशेष बुनियादी ढांचा योजना के तहत भी पैसे देता है। वहीं, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों के विकास के लिए, भारत सरकार ने कई विकासात्मक पहल की हैं जिनमें 17,600 किलोमीटर सड़क को मंजूरी देना शामिल है।

### क्विक न्यूज

#### केरल पुलिस ड्राइवर ने की आत्महत्या

**कोच्चि।** केरल पुलिस में एक ड्राइवर की एक दिन पहले आत्महत्या से मौत हो गई और उसने एक नोट छोड़ा, जिसमें आरोप लगाया गया कि उसके कुछ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मानसिक उत्पीड़न के कारण उसे यह कदम उठाना पड़ा।

एर्नाकुलम ग्रामीण एसपी विवेक कुमार IPS ने कहा कि प्रारंभिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं और उसी की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीण पुलिस के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि ड्राइवर कुछ समय के लिए मेडिकल अवकाश पर था और जब वह लौटा, तो उसे छोटानिक्कारा पुलिस स्टेशन में तैनात किया गया था, लेकिन उसने वहां ड्यूटी पर रिपोर्ट करने से इनकार कर दिया।

एसपी ने कहा कि बुधवार को, जब वह यहां एआर शिविर में नहीं पहुंचे, जहां उन्हें वर्तमान में प्रतिनियुक्त किया गया था, तो उन्हें अनुपस्थित घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि बाद में उसने कैंप के एक व्हाट्सएप ग्रुप में एक पोस्ट डाला कि वह खुद को मारने जा रहा है।

#### 13 साल के उच्चतम स्तर पर सेवा क्षेत्र की वृद्धि

**नई दिल्ली।** मजबूत मांग और नए कारोबार में तेज बढ़ोतरी के चलते भारत में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सितंबर में 13 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। समग्र कारोबारी माहौल में सुधार के चलते नौकरियों की संख्या में वृद्धि जारी रही।

मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज पीएमआइ बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अगस्त में 60.1 से बढ़कर सितंबर में 61 हो गया, जो उत्पादन में तेज वृद्धि का संकेत देता है। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स की भाषा में 50 से ऊपर का मतलब विस्तार है, जबकि 50 से नीचे का स्कोर संकुचन को दर्शाता है।सर्वेक्षण लगभग 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों के पैनल को भेजे गए प्रश्नावली के जवाबों से तैयार किया गया है।

## रिश्ते की नाबालिग बहन से रेप



**इडुक्की।** केरल की एक अदालत ने 5 अक्टूबर (गुरुवार) को एक व्यक्ति को 80 साल की जेल की सजा सुनाई। आरोपी को यह सजा उसके कई अपराधों के मद्देनजर दी गई है। बात दें कि 2020 में राज्य के पहाड़ी जिले में अपनी पत्नी की 14 वर्षीय चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म करने और उसे गर्भवती करने के लिए 80 साल की संचयी जेल की सजा सुनाई।

इस फैसले के बाद अदालत के आदेश का विवरण साझा करते हुए, विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) शिजो मोन जोसेफ ने इससे जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोषी को अलग-अलग जेल की अधिकतम अवधि 20 साल ही काटनी होगी, क्योंकि उसपर कई मामले का आरोप है। आपको बता दें कि जब कई मामलों में एक साथ सजा होती है तो सारी सजाएं एक साथ चलती हैं।

इडुक्की फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश टी जी वर्गीस ने आरोपी को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत सजा सुनाई, जिसमें प्रवेशन यौन उत्पीड़न और गंभीर प्रवेशन यौन उत्पीड़न सहित विभिन्न अपराधों के लिए अलग-अलग जेल की सजा शामिल हैं।

अदालत ने इसके साथ ही दोषी पर 40,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण को पीड़िता को उसके पुनर्वास के लिए एक लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया। अभियोजक ने कहा कि राजक्कड़ पुलिस द्वारा दर्ज मामले में अभियोजन पक्ष ने मुकदमे के दौरान 23 गवाह, 27 दस्तावेज और छह साक्ष्य अदालत में पेश किए।

## सिक्किम में बादल फटने से मची तबाही, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में भी असर, बाढ़ की चेतावनी जारी

**गंगटोक।** सिक्किम में बादल फटने के बाद भारी तबाही देखी जा रही है। सेना के जवान के साथ सैकड़ों लोग लापता बताए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि अबतक 14 लोगों की मौत हो गई है और 100 से ज्यादा लोग लापता बताए गए साथ ही 26 लोग घायल हैं। सिक्किम में मंगलवार को देर रात बादल फटने के बाद खौफनाक मंजर देखने को मिल रहा है। यह बादल उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील के ऊपर फटा जिसके बाद तीस्ता नदी में बड़े पैमाने पर सैलाब से पूरे राज्य में भारी तबाही देखी जा रही है। राज्य में बादल फटने के बाद अचानक बाढ़ आ गई। सिक्किम में आई अचानक बाढ़ में अब तक 14 लोगों की मौत हो गई है जबकि 102 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं और 26 लोग घायल हैं। लापता लोगों के तलाशी अभियान जारी है। इस बाढ़ में आम नागरिकों के अलावा 23 सेना के जवान भी लापता चल रहे हैं।

वहीं, राज्य के विभिन्न हिस्सों में



3,000 से अधिक पर्यटकों के फंसे होने की आशंका बताई जा रही है। इस अचानक आई बाढ़ में चुंगथांग में तीस्ता स्टेज 3 बांध में काम करने वाले कई मजदूर अभी भी बांध की सुरंगों में फंसे हुए हैं। स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की तीन (3) अतिरिक्त प्लाटून की मांग की है, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। रंगपो और सिंगतम कस्बों में एनडीआरएफ की एक प्लाटून पहले से ही सेवा में है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, सिंगतम के पास बुरदांग में कीचड़ में डूबे वाहनों को निकालने की लगातार कोशिशें जारी हैं। लापता लोगों की तलाश अब तीस्ता नदी के निचले इलाकों में की जा रही है। वहीं, शुरुआती 23 लापता जवानों में से एक जवान को 4 अक्टूबर की शाम को जीवित ढूंढ लिया गया था।

## दुबई से पतलून में छिपाकर ले आया 2.19 करोड़ का सोना, कस्टम विभाग ने ऐसा किया तस्करी का पर्दाफाश

**हैदराबाद।** हैदराबाद सीमा शुल्क ने 5 अक्टूबर (गुरुवार) को बड़ी सफलता मिली। अधिकारीयों ने बताया कि उन्होंने यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 2.19 करोड़ रुपये मूल्य का तस्करी किया गया सोना और 16.46 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त की है।

बड़े इनपुट और प्रोफाइलिंग के आधार पर एक ऑपरेशन की एक श्रृंखला में, हैदराबाद सीमा शुल्क अधिकारीयों ने हवाई अड्डे पर छह यात्रियों को रोका और सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के तहत बुधवार और गुरुवार को कुल 3.734 किलोग्राम तस्करी का सोना और विदेशी मुद्रा जब्त की। इस बात की जानकारी सीमा शुल्क विभाग की एक विज्ञप्ति में दी गई।

अधिकारीयों ने बताया कि दुबई से हैदराबाद पहुंचे अलग-अलग यात्रियों से अलग-अलग मामलों में पतलून और अंडरगारमेंट्स में छिपाकर रखा गया सोना पेस्ट और चेन के रूप में बरामद किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एक मामले में, शारजाह से उड़ान की एक सीट के पीछे की सीट में



छिपाया गया सोना पाया गया था।

विज्ञप्ति में आगे कहा गया है कि एक अन्य मामले में, विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर एक और सफलता मिली।एक यात्री, जो बहरीन की यात्रा करने वाला था, को बुधवार को रोक लिया गया और उसके पास से 20,000 अमेरिकी डॉलर, 16.46 लाख रुपये के बराबर जब्त कर लिया गया। मामले की आगे जांच की जा रही है।

## कर्नाटक राज्य मुक्त विश्वविद्यालय में 300 करोड़ रुपये की हेराफेरी, अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**ऑडिट**

**वित्तीय वर्ष 2013-14 और 2014-15 के ऑडिट के दौरान यह सामने आया कि विभिन्न सहयोगी संस्थानों से 50 करोड़ रुपये के क्रेडिट गायब थे।**





**कर्नाटक।** सीबीआई ने कर्नाटक राज्य मुक्त विश्वविद्यालय (केएसओयू) के सहयोगी संस्थान के कई कार्यक्रम के दौरान 300 करोड़ रुपये से अधिक की कथित हेराफेरी के मामले में उसके अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि मैसूर स्थित विश्वविद्यालय ने पूरे देश और विदेशों में भी अपने सहयोगी संस्थान खोले थे।

प्राथमिकी में कहा गया है, सहयोगी संस्थान छात्रों से प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क और ऐसे अन्य शुल्क जमा कर रहे थे जिन्हें विश्वविद्यालय में जमा किया जाना आवश्यक था।

वित्तीय वर्ष 2013-14 और 2014-15 के ऑडिट के दौरान यह सामने आया कि विभिन्न सहयोगी संस्थानों से 50 करोड़ रुपये के क्रेडिट गायब थे।

दर्ज किए गए एफआईआर में आरोप लगाया गया है, ऑडिटर ने छात्रों के प्रवेश और विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त धन के आधार पर वित्तीय वर्ष 2009-10 से 2012-2013 के लिए मिसिंग क्रेडिट में लगभग 250 करोड़ रुपये की ऑडिट की।

निष्कर्षों की समीक्षा करने के बाद, विश्वविद्यालय के निदेशक मंडल ने मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भेज दिया, जिसे राज्य सरकार से मंजूरी मिल गई।

राज्य सरकार ने केंद्रीय एजेंसी से 2009-10 से 2015-16 तक केएसओयू, मैसूर और देश भर के उसके सहयोगी संस्थानों से एकत्र की गई फीस के कथित दुरुपयोग की जांच करने को कहा है।

## नॉर्वेजियन लेखक जॉन फॉसे को मिला साहित्य में नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम।** साहित्य में 2023 का नोबेल पुरस्कार नॉर्वेजियन लेखक जॉन फॉसे को दिया गया। जॉन फॉसे को उनके अभिनव नाटकों और गद्य के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो अनकही को आवाज देते हैं। बता दें कि नोबल पुरस्कार दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है।

स्वीडिश अकादमी द्वारा नोबेल पुरस्कार दिया जाता है। इसके साथ ही विजेताओं को नकद 11 मिलियन स्वीडिश क्राउन यानी लगभग एक मिलियन डॉलर दिया जाता है। स्वीडिश अकादमी के स्थायी सचिव मैट्स माल्म ने गुरुवार को स्टॉकहोम में नोबेल पुरस्कार का एलान किया। साल 1901 में पहली बार नोबेल पुरस्कार दिया गया था। यह पुरस्कार साहित्य, विज्ञान और शांति में महत्वपूर्ण उपलब्धियों के लिए 1901 से प्रदान किए जाते रहे हैं। इस पुरस्कार को स्वीडिश अविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के तौर पर देखा जाता है।

## रूसी ड्रोन हमले में छह साल के मासूम सहित 49 लोगों की मौत, भयावह तस्वीर आई सामने

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के कई इलाकों को निशाना बनाते हुए ड्रोन हमले किए। इस हमले में छह साल के मासूम सहित कम से कम 49 लोग मारे गए। खार्कीव क्षेत्र के गवर्नर ने कहा कि खार्किव के कुपयांस्क जिले में स्थित ह्रोजा गांव के एक कैफे और एक दुकान को निशाना बनाया गया। हमले के वक्त मौके पर कई नागरिक मौजूद थे।

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच रूस ने गुरुवार को यूक्रेन के कई इलाकों को निशाना बनाते हुए ड्रोन हमले किए। इस हमले में छह साल के मासूम सहित कम से कम 49 लोग मारे गए। यूक्रेन अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

खार्किव के कुपयांस्क जिले में स्थित ह्रोजा गांव के एक कैफे और एक दुकान को निशाना बनाया गया। हमले के वक्त वहां पर कई नागरिक मौजूद थे। बचावकर्मी राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।



अधिकारियों ने बचावकर्मियों के सुलगते हुए मलबे पर चढ़ने का वीडियो शेयर किया। हालांकि, तुरंत ही इस बात की पुष्टि करना मुश्किल रहा कि 19 माह से भी ज्यादा समय से जारी युद्ध के बीच रूसी सेना ने गांव पर गोलीबारी की या फिर मिसाइलें दागी थी।

स्पेन में 50 यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूसी आंतक को रोका जाना चाहिए। टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर एक पोस्ट में कहा कि हम वायुसेना, थलसेना को मजबूत करने के विषय पर यूरोपीय नेताओं के साथ बात कर रहे हैं।

## तोशाखाना मामले में फैसले के निलंबन को लेकर हाई कोर्ट पहुंचे इमरान खान

**निलंबित**

**एक महीने पूर्व हाई कोर्ट ने इमरान की तीन साल की सजा को निचली अदालत की सुनवाई प्रक्रिया में खामी के आधार पर निलंबित कर दिया था**



**इस्लामाबाद।** तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पूर्व पीएम इमरान खान ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को निलंबित करने के लिए इस्लामाबाद हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक महीने पूर्व हाई कोर्ट ने इमरान की तीन साल की सजा को निचली अदालत की सुनवाई प्रक्रिया में खामी के आधार पर निलंबित कर दिया था, लेकिन इमरान अब फैसले का भी निलंबन चाहते हैं।

पीटीआई प्रमुख इमरान खान को अगस्त में गिरफ्तार कर लिया गया था और निचली अदालत द्वारा तोशखाना उपहार भ्रष्टाचार मामले में तीन साल जेल की सजा सुनाए जाने के बाद अटक जेल में भेज दिया गया था। इस्लामाबाद की ट्रायल कोर्ट ने इमरान को तोशाखाना मामले में भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया था।

इमरान ने निचली अदालत पर बिना दलील सुने सजा सुनाने का आरोप लगाया था। इसे सुप्रीम कोर्ट ने सही पाया और इमरान की सजा में प्रक्रियात्मक दोष पाया था। इसके बाद इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने इमरान की सजा को निलंबित कर दिया था। इसके तुरंत बाद गोपनीय राजनयिक केबिल लीक मामले में इमरान को गिरफ्तार कर लिया तब से वह जेल में हैं। इमरान खान के करीबी रहे उस्मान डार ने कहा है कि सेना प्रमुख जनरल असीम मुनरो को हटाने के लिए पूर्व पीएम ने नौ मई की हिंसा की साजिश रची थी। डार को इमरान का काफी विश्वसनीय माना जाता है। डार ने बुधवार को एक टीवी कार्यक्रम में कहा कि नौ मई को सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले की साजिश इमरान की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया था।

## सूर्यग्रहण के दौरान रॉकेट मिशन का नेतृत्व करेंगे नासा में भारतवंशी विज्ञानी

**वाशिंगटन।** नासा में भारतवंशी विज्ञानी 14 अक्टूबर को सूर्यग्रहण के दौरान एक महत्वपूर्ण मिशन का नेतृत्व करेंगे। मिशन के दौरान तीन राकेट लांच किए जाएंगे। भारतवंशी आरोह बड़जात्या के नेतृत्व में एटमास्फेरिक परटरबेशंस अराउंड द इक्लिप्स पाथ (एपीईपी) नामक मिशन के दौरान इस पता लगाया जाएगा कि अचानक सूर्य की रोशनी में कमी हमारे ऊपरी वायुमंडल को किस तरह प्रभावित करती है।





**सूर्यग्रहण**

**इस मिशन के दौरान पहला राकेट सूर्यग्रहण से 35 मिनट पहले, दूसरा सूर्यग्रहण के दौरान और तीसरा 35 मिनट के बाद लांच किया जाएगा।**

**कब और कैसे होगा लॉन्च ?**

इस मिशन के दौरान पहला राकेट सूर्यग्रहण से 35 मिनट पहले, दूसरा सूर्यग्रहण के दौरान और तीसरा 35 मिनट के बाद लांच किया जाएगा। वे उस वलयाकार पथ के ठीक बाहर की ओर भेजे जाएंगे, जहां चंद्रमा सीधे सूर्य के सामने से गुजरता है। सभी राकेट में चार छोटे वैज्ञानिक उपकरण लगाए जाएंगे। वे इलेक्ट्रिक और मैग्नेटिक फील्ड और तापमान में बदलाव का अध्ययन करेंगे।

**अगर मिली सफलता तो क्या होगा?**

अगर यह सफल रहा तो यह सूर्यग्रहण के दौरान आइनोस्फेयर में कई स्थानों से एक साथ लिया गया इस तरह का पहला माप होगा। विज्ञानी न्यू मैक्सिको से 14 अक्टूबर को लांच किए गए एपीईपी राकेटों का फिर से प्रयोग आठ अप्रैल 2024 को वर्जीनिया में नासा की वालाप्स फ्लाइट सुविधा के दौरान करेंगे।

## भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन करने वाला शख्स गिरफ्तार

**लंदन।** ब्रिटेन में इसी साल मार्च में हुए भारतीय उच्चायुक्त पर हमले के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को इंडिया हाउस के बाहर इसी सोमवार को एक प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि उसे 19 मार्च को एक विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में पकड़ा गया था। पूछताछ के बाद उसे रिहा कर दिया गया। समाचार एजेंसी ने बताया कि पुलिसकर्मी प्रदर्शन के बाद एक ब्रिटिश सिख को पकड़कर ले जाते देखे गए। ये प्रदर्शन आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर कनाडा की ओर से लगाए गए आरोपों को लेकर किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने मामले में ब्रिटिश सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है।


पुलिस ने एक बयान में कहा कि भारतीय उच्चायोग के बाहर 2 अक्टूबर को प्रदर्शन के दौरान हिंसा के शक में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसी जगह 19 मार्च को भी विरोध प्रदर्शन हुए थे। बयान में आगे कहा गया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और फिर उसे जमानत दे दी गई।

पुलिस ने आरोपी के नाम की पुष्टि नहीं की है। हालांकि, बताया जा रहा है कि हुड्ढ की लिस्ट में वह शख्स भी शामिल था। एनआईए ने ऐसे लोगों की लिस्ट बनाई है, जो भारतीय उच्चायोग पर हमले के जिम्मेदार हैं। उस प्रदर्शन में खालिस्तानी समर्थक कुछ लोग इमारत पर चढ़ गए थे। इस दौरान भारत के राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की कोशिश की गई। इस दौरान एक अधिकारी घायल हो गया था।

भारतीय उच्चायोग पर प्रदर्शन का भारत ने कड़ा विरोध जताया था। भारत की तरफ से दिल्ली में सबसे वरिष्ठ राजनयिक को बुलाया गया था। प्रदर्शन के बाद एनआईए ने उन संदिग्धों की तस्वीरें जारी कीं, जो संदिग्ध तौर पर हिंसक विरोध प्रदर्शन में शामिल थे।

# राफेल की रफ्तार ने किया रोमांचित





- प्रयागराज में पहली बार उड़ान भरेगा तेजस, नेवी और आर्मी के जंगी जहाज भी होंगे शामिल

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारतीय वायु सेना के 91वें स्थापना दिवस पर की तैयारी चरम पर हैं। बुधवार को लगातार दूसरे दिन एयर शो के पहले लड़ाकू विमानों ने संगम पर उड़ान भरी और अपनी रफ्तार से सभी को रोमांचित कर दिया। दोपहर के बाद से विमानों की संगम क्षेत्र में आवाजाही लगातार जारी रही। शास्त्री ब्रिज पर विमानों का रोमांच देखने के लिए भीड़ इकट्?टी हो गई और जाम लग गया। काफी देर तक जाम लगा रहा। उधर आकाश गंगा की टीम ने 8000 फीट की ऊंचाई से हाथों में तिरंगा लिए छलांग लगाई। हर कोई सैनिकों के इस हैरतअंगेज करतबों को टकटकी लगाकर देखता रहा। तिरंगा आसमान में लहराया गया तो हर कोई भारत माता की जय का उद्घोष करने पर मजबूर हो गया। कल 8 अक्टूबर को संगम नगरी प्रयागराज में होने वाला एयर शो कई मायनों में ऐतिहासिक होने वाला है। इसमें स्वदेशी 2 सीटर एयरक्राफ्ट एलएसी तेजस, जिसे एचएएल ने तैयार किया है, वह भी उड़ान भरेगा। संगम में यह उसकी पहली उड़ान होगी। उधर मिग-21 अपनी ऐतिहासिक विरासत छोड़कर आखिरी उड़ान भरेगा। हवा में दो विमान उसे आसमान में ही आखिरी सलामी देंगे। शाम को जब सूरज ढल रहा होगा, तो मिग-21 आसमान में हमेशा-हमेशा के लिए ओझल हो जाएगा। 8 अक्टूबर को एएन-32 विमान से वायुसेना के पांच जांबाज जवान पैरा जंपिंग करेंगे। ये जवान 1000 फीट से पैराशूट की मदद से हवाई जहाज से नीचे कूदेंगे। संगम क्षेत्र में ही सुरक्षित लैंड करेंगे। एयर शो की शुरुआत चेतक हेलिकॉप्टर करेगा। सबसे पहले चेतक तिरंगा लेकर आसमान में उड़ान भरेगा। इसके बाद एक-एक करके 120 विमान 10 एयरबेस से उड़ान भरेंगे। ये विमान सभी दिशाओं से संगम क्षेत्र में अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को अचंभित करने वाले हैं। यह एयर शो तो इंडियन एयरफोर्स की ओर से आयोजित किया गया है। इसमें थल और जल सेना के बेड़े के भी जंगी विमान शामिल होंगे। खास बात यह है कि एयर शो में महिला पायलट भी उड़ान भरेंगी। सूर्य किरण टीम में भी महिला पायलट शामिल होंगी। विंटेज विमान भी एयर शो की शोभा बढ़ाएंगे। इनमें प्रमुख रूप से टाइगर, मॉथ और हॉवर्ड टेनर शो शामिल हैं। नेवी और आर्मी के जंगी जहाजों में रुद्रा हेलिकॉप्टर, डकोटा भी एयर शो में शामिल होगे।

इस एयर शो को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी एयरफोर्स ऑफिसर्स की देशभर से आई टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। संगम क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है। इतना ही नहीं, संगम क्षेत्र को पूरी तरह से खाली कर दिया गया है। संगम में हनुमान मंदिर के सामने जो भी अस्थाई दुकानें लगी थी। उन सबको प्रशासन ने हटवा दिया है। संगम नोज पर भी किसी भी तरह की दुकान को 8 अक्टूबर तक लगाने की अनुमति नहीं दी गई है। किले के आस-पास जो उबड़ खाबड़ जमीन थी। प्रशासन ने उसको जेसीबी और पोकलैंड मशीन लगाकर समतल करवा दिया है। संगम क्षेत्र को साफ सुथरा रखने के लिए भी अलग से सफाईकर्मी लगाए गए हैं।

## व्यापारियों ने एसीपी से भेंट कर किया समस्याओं के निवारण का अनुरोध

**प्रयागराज।** कटरा के व्यापारियों की समस्यायों का निराकरण कराने प्रयाग व्यापार मंडल के तत्वावधान में एडिशनल कमिश्नर पुलिस पवन कुमार से आज भेंट किया गया। प्रयाग व्यापार मंडल के तत्वावधान में एसीपी से भेंट कर बताया गया कि कटरा बाजार की दशहरा पर्व एवं दीपावली पर ट्रैफिक विभाग द्वारा दूर से ही रास्ता बंद करके वाहनों की आवाजाही रोक दी जाती है। ग्राहक कटरा बाजार में नहीं जा पाते दूसरे जगह कहीं और जाकर खरीददारी कर लेते हैं। अब ऐसा न हो इसलिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था लागू की जाय। जिससे व्यापारी और प्रशासन दोनों संतुष्ट रहे। इसके लिए लिखित विचार एडिशनल कमिश्नर पुलिस पवन कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर प्रयाग व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा चावला, महामंत्री सुहैल अहमद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण केसरवानी, प्रमोद जायसवाल, राकेश अग्रवाल, रोहित शर्मा, पंकज त्रिवेदी, एवं मीडिया प्रभारी प्रयाग व्यापार मंडल मोहम्मद अकरम आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी पर 10 हजार हर्जाना

- हाईकोर्ट ने चुनाव याचिका पर सुनाया फैसला, विधायक विजमा यादव को देना होगा हर्जाना

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रतापपुर विधानसभा से विधायक विजमा यादव के खिलाफ पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी की ओर से दाखिल चुनाव याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। याचिका पर सुनवाई के बाद संशोधन की सशर्त अनुमति दे दी है। पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी को सपा की विधायक विजमा यादव को 10 हजार रुपये हर्जाना अदा करना होगा। यह आदेश जस्टिस सिद्धार्थ की खंडपीठ ने दिया है।

फरवरी 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी विजमा यादव ने प्रतापपुर विधानसभा सीट से भाजपा अपना दल गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी को पराजित कर दिया था। विजमा यादव के निर्वाचन को पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

चुनाव याचिका में राकेशधर त्रिपाठी ने आरोप लगाया था कि निर्वाचित विधायक विजमा यादव ने अपने नामांकन फॉर्म में आपराधिक मामलों में अदालतों में निर्मित हो चुके आरोपों की जानकारी छुपाई थी, लिहाजा निर्वाचन को रद्द किया जाना चाहिए। चुनाव याचिका दाखिल होने के दौरान अपने आरोपों के समर्थन में दस्तावेज पेश न करने के कारण उन्होंने संशोधन प्रार्थना पत्र के माध्यम से चुनाव याचिका में शामिल करने की अर्जी दी थी। इसपर कोर्ट ने कहा कि आरोपों के समर्थन में पहले ही दस्तावेज पेश किए जा चुके हैं। बार-बार पेश की जा रही इस तरह की अर्जी से विपक्षी विधायक को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके बाद कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद याची पूर्व मंत्री के संशोधन प्रार्थना पत्र को 10 हजार रुपये के हर्जाने के साथ स्वीकार कर लिया। यह हर्जाना पूर्व मंत्री को विधायक विजमा यादव को एक हफ्ते के भीतर अदा करना होगा।

## एक नामजद सहित चार के खिलाफ दुराचार के प्रयास का केस दर्ज

**जौनपुर(खुटहन)** थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की रात चार युवकों के द्वारा विवाहिता संग दुराचार के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता के शोर मचा देने से आरोपित अपने नापाक इरादे में कामयाब नहीं हो सके। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद सहित चार के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। गांव निवासी विवाहिता का आरोप है कि वह रात में अपने घर के बगल छप्पर में सो रही थी। लगभग 11 बजे शेख असरखपुर गांव निवासी प्रदीप राजभर तीन अन्य साथियों को लेकर उसके छप्पर के भीतर घुस आये। उस समय वह गहरी नींद सो रही थी। वे बिस्तर पर बैठ उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगे। तभी उसकी नींद खुल गई। अपने अगल बगल कई युवाओं को देख उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। जब पास पड़ोस के लोग मौके की तरफ दौड़े तो आरोपित भाग गए।

# महाकुंभ के पूर्व प्रयागराज में सिटी ट्रांसपोर्ट का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

- शहर की सड़कों पर दौड़ेगी 100 अतिरिक्त इलेक्ट्रिक बसें
- दो चरणों में इलेक्ट्रिक ऑटो चलाने की भी योजना

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक जन-समागम महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए योगी सरकार की तरफ से शुरू की गई तैयारियां गति पकडने लगी हैं। देश और प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से प्रयागराज की कनेक्टिविटी स्थापित करने के अलावा शहर के अन्दर के सभी आन्तरिक मार्गों को इलेक्ट्रिक- बस सेवा से आच्छादित करने की योजना पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। सिटी ट्रांसपोर्ट सेवा स्थानीय आवागमन की जीवन रेखा है। प्रयागराज में महाकुम्भ के आयोजन के समय बाहरी आगंतुकों की वजह से इस पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। शहर में स्थानीय आवागमन सहज बनाने के लिए योगी सरकार ने महाकुम्भ के पहले 100 अतिरिक्त इलेक्ट्रिक बसें चलाने का निर्णय लिया है। प्रयागराज सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक एम के त्रिवेदी के मुताबिक़ अगले वित्तीय वर्ष में शहर के लिए 100 अतिरिक्त ई -बसों की सौगात प्रयागराज को मिलने जा रही है। अभी शहर में 50 ई-बसों का संचालन हो रहा है। इस तरह महाकुम्भ के पहले शहर में 150 ई-बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। इसमें शहर के सभी 22 मार्गो पर आवश्यक सिटी बसों का संचालन शुरू किया जाय। वर्तमान समय में प्रयागराज में कुल 5 रूट पर ही ई-सिटी बस सेवा उपलब्ध है। योगी सरकार द्वारा प्रदेश के प्रमुख शहरों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा बेहतर बनाने के लिए ई-बसों का संचालन शुरू किया गया। वर्तमान में प्रयागराज में कुल 50 ई-बसें संचालित हो रही है। इन बसों को लेकर शहर में पब्लिक का रुझान भी अच्छा रहा है।

प्रदेश के तमाम शहरों में चल रही ई - बसों के लोड फैक्टर में प्रयागराज अब टॉप टेन जिलों में शामिल हो गया है। संयुक्त निदेशक, नगरीय परिवहन निदेशालय टी.के.एस. बिसेन बताते हैं कि जून 23 में प्रदेश भर में ई-बसों में सफर करने वाले यात्रियों का औसतन लोड फैक्टर 66 फीसदी रहा है जबकि प्रयागराज में चल रही ई - बसों का लोड फैक्टर 75 फीसदी रहा है। यह बताता है कि शहर में ई-बसों में यात्रा करने को लेकर लोगों का रुझान बढ़ा है। यहां जून माह में 2.23 लाख लोगों ने सफर किया। लोड फैक्टर की इसी बढ़ोत्तरी का नतीजा है कि जून 2023 तक प्रयागराज में ई बसों से माह भर में ?69.98 लाख अर्जित हुए हैं। वर्तमान में भी लोड फैक्टर में बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी है।

### सिटी ट्रांसपोर्ट में ई-ऑटो की शुरुआत से कम होगा वायु प्रदूषण

**प्रयागराज।** पर्यावरण संरक्षण यूपी की योगी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। सिटी ट्रांसपोर्ट में डीजल और पेट्रोल से चलने वाले पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर अंकुश लगाने के लिए इलेक्ट्रिक ऑटो के संचालन की तरफ आगे बढ़ना इसी का एक हिस्सा है जिसमे यूपी के जिन 4 शहरों को चुना गया है उसमे संगम नगरी प्रयागराज भी शामिल है। प्रयागराज में बढ़ती आबादी के साथ शहर में डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहनों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी होती है। सिटी ट्रांसपोर्ट में भी इसका दबाव बढ़ा है। प्रयागराज शहर के सिटी ट्रांसपोर्ट में डीजल से चलने वाले वाहनों में डीजल ऑटो की भागेदारी सबसे अधिक 52 फीसदी है। शहरी आवागमन में इन पर बोझ अधिक होने के कारण वायु प्रदूषण करने में भी इनकी भूमिका सबसे अधिक है। प्रयागराज के सहायक संभागीय प्रवर्तन अधिकारी राजीव चतुर्वेदी बताते हैं कि सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की नीति के अंतर्गत शहर के सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक-ऑटो चलाने की योजना बनाई है। शहर में ई-रिक्शा और ई-बसों के बाद अब इलेक्ट्रिक ऑटो चलाने की तैयारी परिवहन विभाग कर रहा है। दो चरणों में यह योजना लागू होगी जिसके प्रारम्भिक चरण में शहर में 350 इलेक्ट्रिक ऑटो चलाये जायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमृत कलश यात्रा तहत निकाली गयी कलश यात्रा



**आजमगढ़।** आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के तहत ब्लाक स्तर पर आज ब्लाक पल्हना, रानी की सराय, कोयलसा, पल्हनी, मिर्जापुर, फूलपुर, मोहम्मदपुर, तहबरपुर एवं अन्य ब्लाकों की ग्राम पंचायतों में निर्धारित कलस्टर के अनुसार अमृत कलश यात्रा निकाली गयी। अमृत कलश यात्रा में ग्राम पंचायतों से संग्रहित अमृत कलश लेकर युवक मंगल दल व महिला मंगल दल,नेहरू युवा केन्द्र व स्काउट एवं गाइड्स,एन0सी0सी0 एवं अन्य ग्रामीण जन के साथ जुलूस के रूप में ग्रामीण मार्गो से होते हुए संबंधित ब्लाक मुख्यालयों पर समस्त ग्रामों से प्राप्त अमृत कलश में संग्रहित मिट्टी का भावमय मिश्रण करते हुए ब्लाक स्तरीय अमृत कलश तैयार किया गया। इसी प्रकार ब्लाक स्तर पर दिनांक 11 अक्टूबर, 2023 तक प्रत्येक दिन एक या दो रूट पर कलश यात्राएं निकाली जायेंगी।

### भाजपा सरकार में महगाई बेरोजगारी से जनता व महिलायों तस्त्रः शीला भारती



**आजमगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष शीला भारती की अध्यक्षता मासिक बैठक कार्यक्रम सम्पन्न हुयी। शीला भारती ने कहा कि भाजपा सरकार में महगाई बेरोजगारी से जनता व महिलायों तस्त्र है-1 बेटी पढ़ाओं शिक्षा में भाजपा सरकार फेल है- भाजपा सरकार में अतिपिछड़ा दलित, अति दलित महिलाओं का शोषण हो रहा है। अगामी 2024 लोक सभा में यही समाज के लोग भाजपा को उखाड़ फेकेगें-वर्तमान में पार्टी के सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी कांग्रेस पार्टी विगत वर्षो में सर्घष करके कांग्रेस गरीबों के हित में काम किया। शीला भारती ने महिलाओ से कहा कि आगामी दिनों में तहसील व ब्लाक, ग्राम में पार्टी का कार्यकाल को जन-जन में पहुँचाने काम करें। उक्त अवसर पर प्रेमा चौहान, काबेरी दुबे, पुनीता पाण्डेय, सरिता राजभर, करिश्मा भारती, सुषमा भारती, मंजू यादव, प्रभावती, सरिता, शमा सुल्तान, शमा खान, रजिया, लक्ष्मीना, लक्ष्मीना मौर्य, शीला मौर्य, शान्ती यादव, सुमित्रा, रीमा सोनकर शीला देवी, शम्भू शास्त्री कार्यलय प्रभारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### मेरी माटी मेरा देश के रंग में रंगा नजर आया अतरौलिया विकास खंड परिसर

**अतरौलिया,आजमगढ़।** आजादी का अमृत महोत्सव÷ के अंतर्गत÷ मेरी माटी मेरा देश÷ कार्यक्रम का आयोजन अतरौलिया के खंड विकास अधिकारी श्वेतांक सिंह के निर्देशन में ब्लाक में किया गया। जिसके तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गई जो ब्लाक कार्यालय से निकली और क्षेत्र के ग्राम पंचायत एदिलपुर, बढया, पेडरा, हरदिया, मदनपटटी, देवडीह, बिलारी मु. अजगरा, महादेवपुर, करमैनी, करसड़ा, खीरीडीहा आदि ग्राम पंचायतो से होते हुए पुनः ब्लाक पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस अमृत कलश यात्रा में दर्जनों चार पहिया, लगभग सैकड़ो दो पहिया वाहन चल रहे थे। यात्रा से पूरा क्षेत्र मेरी माटी मेरा देश के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी श्वेतांक सिंह ने कहा कि बलिदानी, वीर वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी-मेरा देश अभियान की शुरुआत की गई है।

# श्री दारागंज रामलीला कमेटी के रामलीला के कार्यक्रम का पोस्टर जारी



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयाग की अति प्राचीन रामलीला कमेटियों में से प्रमुख श्री दारागंज रामलीला कमेटी के समस्त कार्यक्रम की जानकारी युक्त पोस्टर का लॉन्च आज श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के प्रांगण में श्री महंत यमुना पुरी जी महाराज कमेटी के अध्यक्ष कुलू यादव, महामंत्री जितेंद्र गौड़, कोषाध्यक्ष मुन्ना आजाद, उपाध्यक्ष हीरालाल यादव, राहुल यादव, पवन यादव, मीडिया प्रभारी तीर्थराज पाण्डेय बच्चा भैया के द्वारा सामूहिक रूप से लांच हुआ। लॉन्च के पश्चात श्री महंत यमुना पुरी जी महाराज ने कहा की, दारागंज रामलीला कमेटी प्रयाग की प्राचीन रामलीला कमेटी है। जो आज भी अपनी प्राचीन परंपरा को बचाए हुए हैं। इसके लिए समस्त कमेटी के पदाधिकारी युवा क्षेत्रीय लोग बधाई के पात्र हैं। कमेटी के अध्यक्ष कल्लू यादव महामंत्री जितेंद्र गौड़ ने कहा कि आगामी 10 तारीख से विश्व प्रसिद्ध रामलीला का कार्यक्रम आरंभ होगा उसके लिए कमेटी जोर-शोर से तैयारी में जुटी है मीडिया प्रभारी तीर्थराज पाण्डेय बच्चा भैया ने कहा कि 10 तारीख को मुकुट पूजा से इस वर्ष के दशहरे का आयोजन शुरू होगा। जो 28 तारीख को भरत मिलाप के साथ संपन्न होना था किंतु 28 तारीख को चंद्र ग्रहण पड़ रहा है, इसलिए विद्वानों के मत से भरत मिलाप का ऐतिहासिक आयोजन उसके दूसरे दिन यानी 29 तारीख को होगा। यह इस वर्ष का कमेटी का अंतिम आयोजन होगा। इस अवसर पर महेंद्र यादव, गोलू चौरसिया, दिलीप मिश्रा, पचू यादव, मदन यादव आदि लोग संत महात्मा उपस्थित रहे।

## 24 वर्षीय नौजवान ने पुल से नदी में लगाई छलांग

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुंह न दिखाने की बात कहकर चिल्लाते हुए नदी की तरफदौड़ते हुए जाने लगा, वृद्ध पिता भी उसके पीछे-पीछे चल दिया। भोर में करीब 4 बजे संदीप ने नदी में छलांग लगा दी। पीछे आ रहा लाचार वृद्ध पिता उसे बचा पाने में असमर्थ रहा। मृतक संदीप दो भाईयों में बड़ा और अविवाहित था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मुबारकपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार द्वारा मल्लाहों और गोताखोरों के द्वारा नावों की सहायता से जाल डालकर डालकर मृतक संदीप के शव की तलाश की जा रही है। बताते चलें कि मृतक संदीप के पिता जियावन की शादी लगभग 24 वर्ष पूर्व मऊ जनपद के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम गोठा में गीता नामक महिला से हुई थी। जियावन की माली हालत ठीक न होने पर गीता अपने दोनों बच्चों को लेकर अपने मायके गोठा जाकर रहने लगी।

# मवेशी चोरी करने के संदेह में भीड़ ने युवक को पीटा

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** बक्सा थाना क्षेत्र के मईडीह गांव में बकरी चोरी करने के संदेह में एक व्यक्ति को ग्रामीणों की भीड़ ने बुरी तरह पीट रही थी उसी समय पुलिस ने पहुंचकर उसे बचा कर जिला अस्पताल लाकर भर्ती कर दिया है जहां उसका उपचार चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बीती रात एक स्विफ्ट डिजायर कार से गांव में तीन लोग बकरी चुराने के लिए घुसे उसी समय ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया और पिटाई करने लगे। रात का समय होने के कारण दो लोग रात्रि में ही फरार हो गए। तीनों में से एक साथी अजय मौर्या 43 वर्ष पुत्र रामजतन मौर्य निवासी कादीपुर थाना रोहनिया जनपद वाराणसी गांव में ही कहीं छुप गया था। सुबह होने पर यह वही घूमने लगा। उसी समय ग्रामीणों की निगाह इसके ऊपर पड़ गई। ग्रामीणों ने घेरकर इसकी बुरी तरह पिटाई कर ही रहे थे कि उसी बक्सा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उसे पीट रहे ग्रामीणों से बचाया और उपचार के लिए जिला अस्पताल ले आई है। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच इसका उपचार चल रहा है। बड़ी अजीब बात है कि यह चार पहिया से आने वाले बकरी और पशु चोरों से ग्रामीणों की नींद जहां हराम हो गई है वही यह पुलिस को खुलेआम चुनौती देकर बकरा बकरी और भैंस चुरा ले जाते हैं।

# एनआईआरएफ रैंकिंग नैक हेतु हो सार्थक प्रयास




- शोध की गुणवत्ता में करें सुधारः कुलपति
- दिव्या ने दिए नैक के सातों क्राइटेरिया पर टिप्स
- एनआईआरएफ रैंकिंगतथा नैक एक्रीडिटेशन के लिए हुई कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग तथा सेंटर फॉररिसर्च इन स्कीम्स एंड पॉलिसिज (क्रिस्प) के मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग केअंतर्गत वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय तथा क्रिस्प के संयुक्त तत्वावधानमें एनआईआरएफ रैंकिंग तथा नैक एक्रीडिटेशन विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवारको कुलपति सभागार में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय से संबद्ध पूर्व चयनित 28 महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं उनके प्रतिनिधि के साथ एनआईआरएफ रैंकिंग तथा नैक एक्रीडिटेशन में आवेदन की प्रक्रिया तथा उच्च रैंकिंग प्राप्तकरने हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना था। इसके साथ साथ प्रोजेक्ट फॉर एक्सीलेंस इन हायर लर्निंग एंड एजुकेशन इन यूपी (पीइएचएलइ - यूपी) में निहितउद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु विमर्श किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में कुलपति प्रो.वंदना सिंह ने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है जिसमें शिक्षा का स्तर, शोध की गुणवत्ता केअलावा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों को भी पूरा करना है। कट पेस्टवाले शोध बंद होना चाहिए। एक अच्छे महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में न केवलदुनिया भर के छात्र- छात्राएं प्रवेश लेते है अपितु हमारी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था मजबूतहोती है। उन्होंने समस्त महाविद्यालयों से अपील की कि वे आगामी एनआईआरएफ रैंकिंगतथा नैक एक्रीडिटेशन के लिए अपने महाविद्यालय को पंजीकृत करें तथा अच्छी रेटिंग वरैंकिंग प्राप्त करें।

# संजय जोशी ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जौनपुर पत्रकार एकता संघ के 21 वे स्थापना दिवस पर गुरूवार को आये भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव संगठन संजय विनायक जोशी का जगह–जगह स्वागत किया गया। इसी क्रम में जौनपुर–वाराणसी मार्ग पर स्थित हौज के शहीद स्मारक गेट पर जोशी का गाजे बाजे के साथ के साथ स्वागत हुआ। इसके साथ ही जोशी ने शहीद स्थल पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो शहादत देखकर देश को आजाद कराया है उसे कभी बुलाया नहीं जा सकता है ।इस दौरान उपस्थित लोगों ने हौज गांव का नाम बदलकर शहीद नगर करने की मांग किया जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही ऐसा हो जायेगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब चन्द्र सरोज, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष शुक्ला, हरिशंकर शुक्ला,आलोक शुक्ला,अरूण शुक्ला, सूरज शुक्ला, रतन सिंह चौहान, अनुराग शुक्ला, आनन्द राजभर, ग्राम प्रधान हौज चन्दन चौहान, मनोज मिश्र,सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। स्वागत समारोह का संचालन युवा नेता/समाजसेवी नीरज श्रीधर शुक्ला ने किया।

# जाति-धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कलम चलायें पत्रकारः संजय

- पत्रकारों के हित में कानून रद्द किया सरकार नेः सीमा द्विवेदी
- संवेदनशून्य नहीं होता है पत्रकारः ज्ञानप्रकाश



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** पत्रकार समाज में शिक्षक की भूमिका निभाता है। वह अपनी लेखनी से समाज में परिवर्तन लाने का प्रयास करता है। पत्रकारों को जाति, धर्म, भाषा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कलम चलानी चाहिये। उक्त विचार जौनपुर पत्रकार संघ के 21वें स्थापना दिवस समारोह पर नगर के एक होटल में आयोजित वर्तमान मीडिया एवं सामयिक चुनौतियां विषयक संगोष्ठी में प्रख्यात चिंतक एवं लेखक संजय विनायक जोशी ने मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किया। उन्होंने कहाकि आजादी के पूर्व बड़े-बड़े नेताओं ने समाज को जगाने के लिये अखबार निकालना शुरू किया। इससे वे समाज की मानसिकता में परिवर्तन ले आते थे। राजा राममोहन राय, बाल गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी भी पत्रकारिता के माध्यम से समाज को जागरूक किया। उन्होंने कहाकि कुछ राजनीतिक दलों के नेताओं ने शिकायत की कि चुनाव के दौरान अनेक पत्रकारों ने उनसे पैकेज मांगे। पैकेज न मिलने पर उनके समाचार अखबारों में नहीं छपा। श्री जोशी ने कहाकि इलेक्ट्रानिक मीडिया के बढ़ते वर्चस्व के बाद भी प्रिंट मीडिया का महत्व कम नहीं हुआ है। मुख्य अतिथि ने प्रदीप सिंह सफायर को समाज में अच्छे कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र और शाल ओढ़ाकर म्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अभ्यागत के रूप में पधारे भाजपा नेता और समाजसेवी ज्ञानप्रकाश सिंह ने-न कमानों को खीचों न तलवार निकालो, जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो शेर के माध्यम से पत्रकारिता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने राष्ट्रकवि दिनकर की कविता-कलम आज उनकी जय बोल का उद्धरण देते हुए राष्ट्रीय चेतना की अलख जगायी। उन्होंने कहाकि पत्रकार संवेदनशून्य नहीं होता है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रही सांसद सीमा द्विवेदी ने कहाकि सन् 1967 में पारित कानून में छोटी सी गलती पर भी पत्रकारों के लिये सजा व जुर्माना का प्राविधान था। इसे भाजपा सरकार ने समाप्त कर दिया। अपने संबोधन में कहाकि पत्रकारों के लिये कार्यालय भवन की आवश्यकता है। इसके पूर्व आगन्तुकों का अभिवादन करते हुए जौनपुर पत्रकार संघ के संरक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि यह संगठन समाजसेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करता है। कोरोना काल में जरूरतमंदों को भोजन पहुंचाने के अलावा ठंड में कंबल भी वितरित किया। कार्यक्रम के आरंभ में अभ्यागतों द्वारा मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण तत्पश्चात् दीप प्रज्जवलन किया गया। मंचासीन अभ्यागतों को स्मृति चिन्ह एंव अंगवस्त्रम् प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर डा. प्रेमप्रकाश विश्वकर्मा, शिक्षक नेता डा. विनय सिंह, पं. रामकृष्ण त्रिपाठी, वीरेन्द्र सिंह एडवोकेट, डा. सूर्यप्रकाश सिंह मुन्ना, देवेन्द्र सिंह, रामदयाल द्विवेदी, रत्नाकर सिंह, अजीत सिंह, डॉ राकेश सिंह, डॉ मनोज मिश्रा, अमित सिंह, केतन विश्वकर्मा, अर्जुन शर्मा, शरद सिंह, कन्हैया पांडेय, अनिल पांडेय, रुद्र प्रताप सिंह, आशीष श्रीवास्तव, संजय, महेंद्र दुबे, राजेश मौर्य, राजीव पाठक, देवी सिंह, नीरज मौर्य, डॉ मनोज वत्स, रवि सिंह, राजकुमार सिंह, राजेश श्रीवास्तव, अजित सिंह, अजीत बदल, अनूप कुमार, शिवा सिंह, सुरेंद्र सिंह, राधाकृष्ण शर्मा, शिखर दूवेदी, रणंजय सिंह, संजय माली, दुष्यंत सिंह, प्रदीप सिंह सफायर, डा. वीरेन्द्र सिंह नवाब, अखिलेश तिवारी अकेला, रामसिंगार शुक्ल गदेला, जेड हुसैन बाबू, दयाशंकर यादव, शिवम सिंह, प्रकाश चंद्र शुक्ला, अरविंद गुप्ता, अनुज कुमार, अनिल सिंह, शशिराज सिन्हा, वीरेंद्र मिश्र, विराट, वीरेंद्र पांडेय, अभिषेक शुक्ला, रामदास यादव, जय प्रकाश सिंह, सर्वेश सिंह, बबलू दुबे, राजेश मिश्रा, आर पी सिंह, जफर खान, आनंद सिंह, उपस्थित रहे। संचालन डा. मधुकर तिवारी ने किया। आगन्तुकों के प्रति आभार जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम ने किया।

# खून की कमी के दृष्टिगत आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा डेंगू के प्रकोप के कारण हुई रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु गोरखनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के चिकित्सालय में किया गया। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी ने किया। शिविर उद्घाटन के उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दुबे, गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन लएस एवं महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रोहित कुमार श्रीवास्तव, राष्ट्रीय कैडेट कोर के संरक्षक डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव में रक्तदान कर महादान की शुरुआत की। इसके बाद विश्वविद्यालय में कार्यरत अध्यापकों, कर्मचारियों, आयुर्वेद कॉलेज के विद्यार्थियों, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय एवं कृषि विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। मध्यावकाश के उपरांत गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग एवं महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने रक्तदान शिविर में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर की समाप्ति के समय कुल 51 यूनिट ब्लड गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक एवं कंपोनेंट्स सेंटर को समाज सेवा के लिए समर्पित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जशोबंत डनसना, धनंजय पांडे, सत्यभामा, खुशबू, डॉ. विकास कुमार यादव, राष्ट्रीय कैडेट कोर के डॉ.हरिकृष्ण, हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ. जीके मिश्रा एवं समस्त कर्मचारियों व स्वयंसेवकों का योगदान रहा।




# एक सरकारी स्कूल ऐसा भी जहां दो अध्यापक और केवल दो छात्र

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले में एक सरकारी स्कूल ऐसा भी है जहां अध्यापक भी दो है, और छात्र भी दो है। यह खुलासा तब हुआ जब खंड शिक्षाधिकारी फाजिलनगर देवमुनि वर्मा ने गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया तो यह खुलासा हुआ।

फाजिलनगर ब्लाक के बीईओ देवमुनि वर्मा ने गुरुवार को महुअवां न्याय पंचायत के विभिन्न विद्यालयों निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकतर विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बेहद कम रही। वहीं प्राथमिक विद्यालय फुरसतपुर में दो अध्यापक एक-एक बच्चे को पढ़ाते मिले। नाराज बीईओ ने कड़ी कार्यवाई करने की बात कही। बीईओ सुबह 9:40 बजे प्राथमिक विद्यालय पहुंचे जहां 51 बच्चों के सापेक्ष 32 बच्चे उपस्थित रहे। यहां पता चला कि प्रभारी प्रधानाध्यापक मनीष यादव अकसर विद्यालय नहीं आते है। विद्यालय का अभिलेख में कमियां, दीवारों पर अधिकारियों का नाम नहीं होने तथा डीबीटी कार्य अधूरा पाया। 10:10 मिनट पर प्राथमिक विद्यालय पुरन्दरपुर में शिक्षक-शिक्षामित्र उपस्थित मिले लेकिन 59 बच्चों के सापेक्ष केवल 23 बच्चे ही उपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय फुरसतपुर में 33 बच्चों के सापेक्ष केवल दो विद्यार्थी ही उपस्थित मिले। यहां नाराज बीईओ कड़ी कार्यवाही की बात कही। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय महुआरी में 63 बच्चों के सापेक्ष 34, प्राथमिक विद्यालय दिघवापट्टी में 59 बच्चों के सापेक्ष केवल 15 विद्यार्थी ही उपस्थित मिले। दो शिक्षामित्रों के भरोसे संचालित विद्यालय में छात्र उपस्थिति ही नहीं था। वही बगल के विद्यालय शेखवा टोला पहुंचें बीईओ को विद्यार्थियों की संख्या बेहद कम मिली। यहां बच्चों का निपुण आकलन कर अध्यापकों को और बेहतर करने का सुझाव दिया। 11:20 बजे कम्पोजिट विद्यालय गुरवालिया पहुंचे बीईओ को वहां भी 114 विद्यार्थियों के सापेक्ष 64 उपस्थित थे। शौचालय, हेंडवाशिंग, टॉयलिकरण की जानकारी हासिल करने के साथ प्रवेश पंजिका का सघन निरीक्षण किया। इस सम्बंध में बीईओ ने बताया कि कायाकल्प, शत प्रतिशत उपस्थिति, निपुण लक्ष्य तथा डीबीटी कार्य बेहद आवश्यक है। कम उपस्थिति मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



- बीईओ की जांच में हुआ खुलासा, बच्चों की कम उपस्थिति देख नाराज
- शिक्षकों की लापरवाही से सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या नदारद

# गंडक नदी में नहाने के दौरान अधेड़ व्यक्ति डूबा, तलाश जारी

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव निवासी एक अधेड़ व्यक्ति गंडक नहर में उस समय डूब गया जब वह खेत देखने के बाद सुअरहा घाट पर नहा रहे थे। घटना बुधवार दोपहर बाद की बताई जा रही है। देर शाम तक जब वह घर नही पहुंचे तब परिजन खोजबीन शुरू किए और खेत के तरफ गए तो उक्त घाट पर अधेड़ का कपड़ा मिला। सूचना पर स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीम गुरुवार को पहुंची जहां तलाश शुरू किया। मिली जानकारी के अनुसार अनवारुल हक पुत्र शमीन उम्र 58 वर्ष बुधवार को अपना खेत देखने गांव के कोइरी टोला के तरफ गए थे। खेत देखने के बाद वहां नजदीक छोटी गंडक नदी के सुअरहा घाट पर चले गए, जहां वह कपड़ा उतार कर नहाने लगे, लेकिन पानी का बहाव अधिक होने से वह डूबने लगे। डूबते नदी के दुसरे छोर पर मौजूद लोगो ने देखा। शाम तक जब वह अपने घर नही लौटे तो परिजन अनवारूल को ढूंढने लगे। परिजन ढूंढते हुए छोटी गंडक नदी के सुअरहा घाट के पास पहुंचे तो घाट के किनारे अनवारूल का कपड़ा मिला। इस संबंध में परिजन स्थानीय प्रशासन को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस नदी में नाव के सहारे तलाश करना शुरू किए लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। गुरुवार दोपहर दो बजे एसडीआरएफ के टीम प्रभारी प्रेम शंकर यादव के नेतृत्व में पंद्रह (15) सदस्यों की टीम ने छोटी गंडक नदी के सुअरहा घाट पहुंचकर डूबे अधेड़ व्यक्ति अनवारूल का खोजबीन शुरू कर दिया। टीम देर शाम तक खिजबीन की लेकिन कुछ पता नही चल सका। इस दौरान तहसीलदार कप्तानगंज कृष्ण गोपाल त्रिपाठी, प्रभारी थानाध्यक्ष कप्तानगंज सुर्य भान यादव, हल्का लेखपाल आशुतोष कुमार आदि मौजूद रहे।



# अन्याय के खिलाफ मज़बूती से खड़ा होगा समाजः अजय

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के फ़तेहपुर गाँव में हुए सामूहिक नरसंहार के बाद नागरी प्रचारिणी सभा में समाज के अनेक संगठनों और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों द्वारा एक श्रद्धांजलि तथा क्षोभ सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानाचार्य डाक्टर अजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि सामूहिक नरसंहार के शिकार सत्यप्रकाश दुबे का परिवार वर्षों से जुल्म और ज़्यादती का शिकार था। भी-माफियाओं के ने पहले उनके भाई की ज़मीन हड़पी और सत्यप्रकाश दुबे की ज़मीन पर क़ब्ज़े की योजना दबंगों ने बना रखी थी। माफिया और अपराधी प्रवृति के लोगों द्वारा न सिर्फ़ ज़मीन हड़पने की फ़िराक़ में थे बल्कि इस दुबे परिवार के सदस्यों का सामूहिक नरसंहार उनकी सोची-समझी रणनीति का हिस्सा था। डा-मणि ने कहा कि समाज के सभी वर्ग के लोगों को इस घटना ने अचंभित कर दिया। इस तरह के माफिया अपने मन वाली करते रहे थे फ़तेहपुर जैसी जघन्य घटनाएँ भविष्य में आगे भी होती रहेंगी। हमारी संवेदनाएँ दुबे परिवार के लोगों के साथ हैं। हमें उनकी आर्थिक, सामाजिक और हर प्रकार से मदद के लिए आगे आना होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पूज्य योगी जी ने इस नरसंहार को न सिर्फ़ गंभीरता से लिया है बल्कि वह मेडिकल कालेज जाकर दुबे परिवार के घायल बच्चे का कुशल-क्षेम भी लिए। भाजपा ज़िलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया ने देवरिया की घटना के संबंध में मुझसे व्यक्तित्व रूप से जानकारी ली और उन्होंने आश्वस्त किया कि अपराधियों को किसी भी क़ीमत पर बख़्शा नहीं जाएगा। गोरखपुर महानगर की पूर्व महापौर डाक्टर सत्ता पांडेय ने कहा कि फ़तेहपुर गाँव के नरसंहार ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। इसकी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सबको एकजुट होकर मंथन करना होगा। क्षत्रिय महासभा के ज़िलाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि संगठन दुबे परिवार के लिए हर प्रकार से मदद को तत्पर है। कुशीनगर से आए जागो ब्राह्मण संघ के संयोजक संजय मणि ने कहा कि हम अपने स्तर से जन जागरण करके दुबे परिवार के बच्चों की शिक्षा और उनके लिए आर्थिक व्यवस्था में बढ़-चढ़कर भागीदारी करेगी। अध्यक्षता नागरी प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष आचार्य परमेश्वर जोशी तथा संचालन सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी ने किया। सभा को डाक्टर दिवाकर प्रसाद तिवारी, डाक्टर अरविन्द शुक्ल, पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त नीरज शाही, माशिसं के ज़िलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, अश्विनी सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि रामपुर त्रिलोकीनाथ तिवारी, छोटे मिश्र, सुरेंद्र मिश्र, संजय राव, प्रदीप राव, अवशेष सिंह, भाजपा के ज़िला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र ने संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक विष्णु अग्रवाल, कुलदेव सिंह, रामप्यारे चौहान व रामाशीष प्रसाद रहे। इस अवसर पर जगदीश उपाध्याय, युवराज सिंह, पार्थ सिंह, जयनारायण चौहान, गंगा शरण पांडेय, अमित सिंह, सूरज पटेल, बजरंग मणि, शुभम् त्रिपाठी सिंकू, हरीश तिवारी, डाक्टर अखिलेश पांडेय, डाक्टर अजय कुमार शुक्ल, दिनेश सुरेश, देव शुक्ल, विजय बेलदार, बबीत थापा मौजूद रहे।



- दुबे परिवार की हर प्रकार से होगी मदद

# नीलगाय के बच्चे को निगल गया अजगर, ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद पेट से बाहर निकाला

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कसया थाना क्षेत्र के भरवलिया के सिवान में बृहस्पतिवार को नीलगाय के बच्चे को अजगर निगल लिया। इसकी खबर फैलते ही गांव वालों की भीड़ खेत में पहुंच गई। लोगों ने वन विभाग को इसकी जानकारी दिया। लेकिन कोई पहुंचा नहीं, गांव वालों ने काफी मशक्कत के बाद नीलगाय के बच्चे को अजगर के पेट से निकालने में सफल हो गए। यह कौतूहल का विषय रहा। भरवलिया के सिवान में मनोज के खेत के पास अजगर नीलगाय के बच्चे को अपना शिकार बना लिया। खेत में काम कर रहे लोगों ने यह देख शोर मचाया तो लोग पहुंच गए। इसकी जानकारी लोग वन विभाग को दिए। कुछ लोग लाठी डंडे की मदद से अजगर के पेट पर पीटने लगे और बल प्रयोग किया तो निगले हुए नीलगाय का बच्चा बाहर आ गया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। वहां मौजूद लोग मोबाइल से वीडियो बनाने में मशगूल दिखे। एक घंटे बाद भी वन विभाग का कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। सांप पकड़ने वाले दो शिकारी मौके पर पहुंचे और अजगर को बोरे में भरकर अपने साथ ले गए। गांव वालों का कहना था कि अगर समय से वन विभाग के कर्मचारी पहुंच गए होते तो शायद नीलगाय के बच्चे की जान बच गई होती। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। इस बाबत वन विभाग के डीएफओ अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली थी। क्या मामला है इसकी जानकारी कराता हूं।



# गाजे बाजे के साथ निकली अमृत कलश यात्रा




**गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विभिन्न ग्राम पंचायत के कलश गुरुवार को स्थानीय विकासखंड में एकत्रित हुए। जहां से सभी कलश की सामग्री को एक कलश में डाला गया। भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र पूर्व विधायक तेजभान सिंह पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी सहित तमाम लोग शामिल हुए। विकास खंड गौरीगंज द्वारा आयोजित व नेहरू युवा केन्द्र द्वारा समन्वय स्थापित करके क्षेत्र पंचायत स्तरीय कलश यात्रा में शामिल पूर्व विधायक दादा तेज भान सिंह पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी व भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र डॉ आराधन रॉज उपनिदेशक नेहरू युवा केन्द्र खंड विकास अधिकारी गौरीगंज पर्यटक अधिकारी महेंद्र मिश्रा एक साथ ब्लॉक पर कलश को लेकर गाजे बाजे के साथ पहुंचे और एक स्थान पर कलश को एकत्रित किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों के मिट्टी के कलश से मिट्टी को मिलाकर उससे एक कलश जनपद स्तर पर भेजने के लिए तैयार किया गया। कार्यक्रम में दरपीपुर प्रधान रिंकू शुक्ल राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विकास शुक्ल अभय आकाश ज्योति सहित तमाम लोग शामिल रहे।

# थानाध्यक्ष भाटपार रानी टीजे सिंह ने मय पुलिस बल के साथ नगर में किया मार्च



**भाटपार रानी देवरिया अवधनामा संवाददाता।** देवरिया/भाटपार रानी थानाध्यक्ष टी जे सिंह ने मय पुलिस बल के साथ नगर में किया मार्च थानाध्यक्ष के नेतृत्व में रतसिया रोड, दुर्गा मंदिर रोड, स्टेशन रोड मालवीय रोड होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों पर मय पुलिस बल के साथ किया मार्च इस दौरान कई दो पहिया वाहनों का चलन भी किया और अतिक्रमण पर विशेष रूप से जागरूक किया नगर की सुरक्षा के प्रति नगर में लगे निजी सीसी कैमरा विशेष रूप से फोकस किया, इस दौरान उप निरीक्षक सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

# जल ज्ञान यात्रा का आयोजन




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की पहल जल ज्ञान यात्रा का आयोजन गुरुवार को सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ किया गया। बच्चों ने जल निगम कार्यालय में रखी जल जीवन मिशन की उपलब्धि मॉडल उनके लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। इस मॉडल में घर शौचालय पंचायत भवन प्राथमिक विद्यालय और एएनएम सेंटर पर ही नहीं स्कूली बच्चों को हर घर में नल कनेक्शन और जल की पर्याप्त उपलब्धता सभी जगह दिखाई गई। इससे पूर्व जल निगम (ग्रामीण) अधिशासी अभियंता विक्रम प्रताप सिंह ने जल ज्ञान यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उक्त आयोजित जल ज्ञान यात्रा में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 5 के ऊपर के बच्चों ने जल जीवन मिशन की परियोजनाओं को करीब से देखा जाना। स्कूली बच्चों को ग्राम पंचायत सोगरा विकासखंड गौरीगंज और टीकरमाफी ग्रामीण पेयजल योजना पर ले जाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को सौर ऊर्जा से संचालित ओवर हैड टैंक दिखाया गया। उनको जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से पहुंच रहे स्वच्छ पेयजल से गांव-गांव में आए बदलाव की जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की आवश्यकता और महत्ता बताई गई। स्कूली बच्चों ने जल निगम कार्यालय में जल जांच लैब का भ्रमण किया। जल जांच प्रयोगशाला में पानी गुणवत्ता की जांच को नजदीक से देखा। पानी को पीने लायक बनाने की प्रक्रिया को देखा एवं समझा।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, दो की मौत, तीन घायल


मृतक अरमान व दीपक की फाइल फोटो


हादसे के बाद गाड़ी के उड़े परखच्चे को देखते लोग


रोते विलखते अरमान के परिजन

अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बोदरवार बाजार के दक्षिण बगहा बीर बाबा के स्थान के समीप एक क्रीड कीजर गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गढ्ढे में जा गिरी। गाड़ी की स्पीड इतनी ज्यादा था कि टकराते ही गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। अगली सीट पर बैठा सवार और ड्राइवर गाड़ी में ही चिपक गए और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पिछ्ली सीट पर बैठे तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से ड्राइविंग सीट पर बैठे और बगल की सीट के सवार को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया और घायलों को कप्तानगंज सीएचसी भेजा गया जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। गुरुवार को भोर में गोरखपुर से कप्तानगंज लौट रहे कप्तानगंज के युवकों का उनकी गाड़ी क्रीड किजर का बोदरवार के दक्षिण बगहा बीर बाबा के मंदिर के पास भीषण एक्सीडेंट हो गया। जिसमें कप्तानगंज कस्बे के वार्ड 15 निवासी 18 वर्षीय विवेक पासवान पुत्र चंद्रभान पासवान, वार्ड न0 1 निवासी 18 वर्षीय नीरज यादव पुत्र नाथू यादव और वार्ड न0 7 निवासी 18 वर्षीय अमन यादव पुत्र बांके लाल डीसीएफ चौक निवासी 22 वर्षीय अरमान शाह पुत्र सलाउद्दीन और सुभाष चौक निवासी दीपक चौधरी उम्र 20 वर्ष पुत्र गणेश चौधरी सवार थे। बगहा बीर पुल से आगे बढ़ते ही गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा पुरी तरह पिचक गया और ड्राइवर दीपक चौधरी और अगली सीट पर बैठा अरमान शाह अपनी सीट पर ही दम तोड दिया। जबकि पिछ्ली सीट पर सवार विवेक, नीरज और अमन बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना की सूचना पेपर लाने वाली गाड़ी द्वारा दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने जेसीबी की मदद से कार में फंसे मृत युवकों को बाहर निकाला और घायलों को कप्तानगंज सीएचसी भिजवाया जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बोदरवार चौकी प्रभारी राकेश रोशन सिंह ने बताया कि परिवारीजन का कहना है कि लड़के शाम को गोरखपुर किसी दोस्त के वहां जन्मदिन मनाने के लिए निकले थे। लौटते समय यह हादसा हो गया।

- जन्मदिन पार्टी में शरीक होने के बाद वापस घर लौटते समय हुआ हादसा

# दबिश में 25 लीटर अवैध शराब बरामद

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत गुरुवार को थाना क्षेत्र बाजार शुकुल के ग्राम अब्दुल्ला बाहर पुर व मूर्ति का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। करीब 200 किग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में 02 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही गाँव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गई।

# लोटा चोरी के विवाद में युवक की हत्या

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लोटा चोरी के विवाद को लेकर एक युवक की हत्या का मामला प्रकाश में आया है।मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के परसौली गांव निवासी राम अवतार उम्र 19 वर्ष पुत्र राधेश्याम गुप्ता पर लौटा चोरी का आरोप लगाते हुए गांव के ही दो युवक उनके घर पहुंचे और मामले में मारपीट शुरू कर दी। आरोप है की दो युवकों ने राम अवतार को जमकर मारा पीटा जिससे उनकी मौत हो गई।

# पशुपालकों के साथ है सरकारः पवन



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** दो साल बेमिसाल उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पशु स्वास्थ्य परीक्षण-लंपी वायरस जनजागरूकता एवं निःशुल्क दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन सलेमपुर विधानसभा के जमुई गांव में किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि सरकार पशुपालकों के साथ है, लंपी वायरस से बचाव के लिये भाजपा सरकार ने लाखों पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया है, भाजपा सरकार ने पशुपालकों के पशुओं के बीमा के साथ-साथ निराश्रित पशुओं की देखभाल के लिये पशुपालक को एक पशु के लिये एक हजार पांच सौ रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार पशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिये निःशुल्क दवा वितरित कर रही है। भाजपा किसान मोर्चा मण्डल महामंत्री राणा प्रताप सिंह ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सरकार द्वारा इस प्रकार के आयोजन से पशुपालक जागरूक होकर पशुओं को होने वाले बीमारियों से बचाव की जानकारी प्राप्त कर रहे है। इस अवसर पर उपस्थित पशुपालकों में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पोस्टर वितरित किया। कार्यक्रम में चिकित्सक डॉ एन के मिश्र और उनकी टीम ने 46 पशुपालकों का रजिस्ट्रेशन करके दवा वितरित किया और घर-घर जाकर टीकाकरण किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सुमन्त चतुर्वेदी, अशोक यादव, प्रिस शर्मा, दुर्गेश यादव, अमरेंद्र कुमार गुप्त, सत्यम यादव, हरिशंकर सिंह, रमेश कुमार उपस्थित रहे।

# शहरी पथ विक्रेता पीएम स्वनिधि के तहत आवेदन कर प्राप्त करें ऋण

**अमेठी।** परियोजना अधिकारी डूडा विनोद कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि नगर पालिका परिषद जायस गौरीगंज नगर पंचायत अमेठी मुसाफिरखाना के शहरी पथ विक्रेताओं को भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत समस्त शहरी पथ विक्रेता रू 10000 का ऋष्रा प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत लाभार्थी को कोई जमानत धनराशि या बैंक गारण्टी नहीं देनी होती है तथा लाभार्थी को 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी देने के साथ ही प्रतिदिन 7 बार डिजिटल लेन-देन करने पर प्रतिमाह रू 200 का कैशबैक भी प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि योजना में वेण्डर्स व उनके परिवार के सदस्यों को 8 केन्द्रीय योजनाओं पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना पीएम सुरक्षा बीमा योजना पीएम जनधन योजना रजिस्ट्रेशन अण्डर वीओसीडब्ल्यू पीएम श्रम योगी मानधन योजना वन नेशन वन राशन कार्ड जननी सुरक्षा योजना प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना से भी लाभान्वित किया जाता है।

# डीएम ने की पशुपालन विभाग की विभागीय समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन के गांधी सभागार में पशुपालन विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक आहूत की गयीं। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में बन्नी (भैंस) तथा गंगातीरी / साहीवाल (गाय) सीमेन मंगा कर कृत्रिम गर्भाधान कराया जाये। केसीसी एवं एनएलएम आवेदन में आ रही कठिनाईयों के निराकरण हेतु 07 अक्टूबर को बैंकर्स एवं आवेदकों की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कराने तथा गोशालाओं में गोमूत्र संग्रह करने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में चारागाह की भूमि का चिन्हाकन हेतु सम्बन्धित पशु चिकित्सा अधिकारी अपने क्षेत्र के एस0डी0एम0 से सम्पर्क कर चिन्हित भूमि पर मनरेगा के माध्यम से फेंसिंग का कार्य कराये। जनपद के किसानों को कृषक उद्यमी के रूप में संगठित कर प्रत्येक कृषक परिवार को पूर्ण आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश कृषक उत्पादक संगठन (एफ0पी0ओ0) नीति, 2022 के अन्तर्गत कृषकों को पशुधन विभाग की विभिन्न योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान करने हेतु प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम 01-01 एफ0पी0ओ0 का गठन कराने हेतु मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, सेक्सड सीमेन की लक्ष्य / पूर्ति की प्रगति, नेशनल लाईव स्टाक मिशन, राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अन्तर्गत ब्रीड मल्टीप्लीकेशन फार्म के लाभार्थियों के यू0पी0 इन्वेस्टर पोर्टल पर पंजीकरण एवं जिले स्तर पर सत्यापन रिर्पोट का प्रेषण, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं बैंक सहमति पत्र, मा0 मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत दिये गये गोवंश की निर्धारित प्रारूप पर सत्यापन रिर्पोट ग्राम पंचायत अधिकारी / लेखपाल द्वारा प्रत्येक माह की 25 से 30 तारीख तक मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रेषित करने की स्थिति, गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण की धनराशि के मांग-पत्र, सत्यापन रिर्पोट के साथ प्रत्येक माह की 27 तारीख तक निर्धारित प्रारूप पर / आन-लाईन प्रेषण, पशुपालन से सम्बन्धित एफ0पी0ओ0 के गठन, गो आश्रय स्थलों के माइक्रो मैनेजमेंट तथा लम्पी स्किन डिजीज से बचाव हेतु एल0एस0डी0 टीकाकरण की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गयी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, समस्त उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।




- कृषकों को लाभ प्रदान करने हेतु प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम एक एफपीओ का गठन कराने का दिया निर्देश

# शक्ति दीदी कार्यक्रम में दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली शक्ति दीदी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित, महिलाओं को संवैधानिक, मौलिक अधिकार, सुरक्षा, सम्मान, समानता व नारी स्वावलंबन**

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में शासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत शक्ति दीदी प्रोग्राम के सफल संचालन हेतु कल्याण सिंह सभागार में प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा समस्त थानों की शक्ति दीदी (महिला बीट पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों) को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित सभी शक्ति दीदी (महिला बीट अधिकारी) को महिलाओं के उनके संवैधानिक, मौलिक अधिकार, सुरक्षा, सम्मान, समानता व नारी स्वावलंबन तथा महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा एवं उत्पीडऩ से संबंधित बचाव एवं कानून आदि के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति के तहत उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिला बीट पुलिस अधिकारी /कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शक्ति दीदी (महिला बीट अधिकारी) अपने अपने थाना क्षेत्र में जाकर कक्षा 6 से लेकर 08 तक के बच्चों को गुड टच-बेड टच की जानकारी प्रदान करेगें तथा बाल अधिकार, लैंगिक शोषण आदि को बारे में जानकारियां प्रदान की जायेगी। ग्राम व मोहल्लों में चौपाल लगाकर महिलाओं को विभिन्न लाभप्रद योजनाओं, हेल्पलाइन नम्बरों वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, ऑन लाइन साइबर फ्रॉड हेल्प लाइन नं-1930 आदि हेल्प लाईन नम्बरों के बारे में जागरूक करेगीं। महिला बीट अधिकारी द्वारा महिला बीट क्षेत्र में भ्रमण करते हुए चौपाल का आयोजन किया जाये तथा महिलाओं को वाट्सएप्प के माध्यम से जोडऩे, विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर, महिला हेल्पडेस्क व विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने की कार्यवाही की जा रही है। मिशन शक्ति के तहत एन्टी रोमियो टीम सादे कपड़ों में तैनात पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों, स्कूल/कॉलेजों के आसपास छेडख़ानी करने वालों पर कार्यवाही करेगी। महिलाओं बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु स्थानीय पुलिस नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जाये। यौन अपराध की पीड़िताओं की आवश्यकतानुसार काउन्सलिंग कराई जाये। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी मड़ावरा/लाइन इमरान अहमद, क्षेत्राधिकारी पाली कमलेश नारायण, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र, थानाध्यक्ष महिला थाना पारूल चन्देल, पुलिस मुख्यालय से प्रशिक्षण प्राप्त कर आयी म.का.विद्या, म.का. पूजा एवं नई किरण की सदस्या रिटायर प्रो.डा.जनक किशोरी शर्मा, अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे। थानों पर बीट में नियुक्त महिला बीट अधि./कर्म. गण तथा पुरुष अधि./कर्म. (हल्का प्रभारी/लिंक अधिकारी) द्वारा प्रतिभाग किया गया।


प्रशस्ति पत्र के साथ शक्ति दीदी व मौजूद एसपी

# अनफिट पाये गये स्कूल वाहनों पर होगी कार्रवाई

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** बुधवार को देरशाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला विद्यालय यान सुरक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने निर्देश दिया कि पूर्व की जांच में अनफिट पाये गये सभी 84 स्कूल वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाय। जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि जनपद में अवसिथत विद्यालयों द्वारा प्रयोग किये जा रहे वाहनों की सूची 15 दिवस में परिवहन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि वाहन सूची की एक-एक प्रति डीएम व एसपी को भी उपलब्ध करायी जाय। डीएम ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को कतई अनदेखा नहीं किया जा सकता है। डीएम ने कहा कि सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि जिले में बच्चों को परिवहन में अनफिट वाहनों का प्रयोग न होने पाये। डीएम ने परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि स्कूल वाहनों के लिए शासन द्वारा निर्धारित मानक की सूची डीआईओएस एव बीएसए को उपलब्ध करा दें ताकि सम्बन्धित शिक्षण संस्थानों को भी स्कूल वाहनों के लिए निर्धारित मानकों की जानकारी हो सके। डीएम ने शिक्षण संस्थाओं को भी निर्देशित किया कि बच्चों के परिवहन हेतु उपयोग में आने वाले वाहनों तथा वाहन चालकों के बारे में पूरी जानकारी रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### 22 अक्टूबर को होगा रामेश्वरम पूजन



**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति की एक बैठक समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में समिति मंत्री राकेश तामियां के आवास तालाबपुरा में दशहरा पर्व को लेकर संपन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से दशहरा पर्व पूर्व वर्षो की भांति भव्यता के साथ मानने का निर्णय लिया गया। समिति प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा ने कहा की पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी रावण का 50 फुट का पुतला भोपाल से मंगाया जाएगा व भव्य आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन रामलीला मैदान गोबिंद नगर में होगा।

### जैन समाज में चुनावी चहल-पहल, नाम वापसी होगी आज

**ललितपुर।** दिगम्बर जैन पंचायत समिति के द्विस्तरीय वहुचर्चित में प्रथम चरण के लिए चुनाव सरगर्मियां तेज हो गयी हैं। प्रतिश्ठा पूर्ण अध्यक्ष पद के लिए डा.अक्षय टडैया एवं ज्ञानचंद इमलया, महामंत्री के लिए आकाष जैन, अषोक मोदी, डा.संजीव कडंकी एवं संयोजक के लिए सनत जैन खजुरिया, सुरेष बडैरा ने अनेक समर्थकों के साथ जनसम्पर्क षुरू कर दिया है। नगर के विभिन्न वार्डो में 159 प्रतिनिधि सभा सदस्य के लिए 323 सदस्यों ने नामांकन कर चुनावी सरगर्मी बढा दी है। दिगम्बर जैन पंचायत समिति के चुनाव अधिकारी अरविन्द जैन अंकुर एवं सत्येन्द्र जैन गदयाना ने संयुक्त रूप से बताया कि आज 6 अक्टूबर को नामवापिसी सायं 7 बजे से 10 बजे तक चुनाव कार्यालय अभिनंदनोदय तीर्थ पर होगी इसके उपरान्त चुनावी तस्वीर सामने होगी।

### जिले में चलेगा संचारी रोग बचाव अभियान

**सुलतानपुर।** नवागत जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना के निर्देश पर सीडीओ अंकुर कौशिक ने डीपीआरओ अभिषेक शुक्ल को जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में अक्टूबर 2023 माह से प्रभावी ढंग से संचारी रोग से बचाव अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। डीपीआरओ श्री शुक्ल ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण हेतु जनपद के समस्त गाँव में सफाई कर्मी की टोली बना कर साफ सफाई कार्य एवं सेनिटाइज़ेशन का कार्य कराया जा रहा है। साफ सफाई कार्यो की निगरानी हेतु व्हाटसअप ग्रुप बनाकर फोटोग्राफ मंगाई जाती है और डिजिटल डायरी भी बनाई जाती है। डीपीआरओ ने बताया कि एक दिन में जारी रोस्टर के अनुसार जिले के लगभग 474 ग्राम पंचायतों में साफ सफाई और झाड़ियों की कटाई तथा सेनिटाइज़ेशन का कार्य कराया जा रहा है।

### संचालित होगा भू माफियाओं के विरुद्ध अभियान

**सुलतानपुर।** नवागत डीएम कृतिका ज्योत्स्ना बीते बुधवार को जिले के पत्रकारों से रूबरू हुई । इस मौके पर जिले की मीडिया से परिचय प्राप्त किया। पत्रकारों ने जिले में बढ़ते राजस्व के मामले और भू माफियाओं के ऊपर प्रभावी कार्रवाई का सुझाव दिया। डीएम ने सहमति जताते हुए जल्द राजस्व मामलों को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर प्रभावी कार्रवाई के संकेत दिए। डीएम इससे पूर्व जम्मू कश्मीर में जिलाधिकारी का पद संभाल चुकी। यूपी में प्रथम बार जिले की डीएम बनी हैं, माना जाय तो तजुर्बा अगर जम्मू कश्मीर का है तो यूपी का जिला आसानी से संभलेगा। फिलहाल नवागत डीएम ने प्रथम दिवस से ही जनता की शिकायतों को सुनना प्रारम्भ कर दिया है। डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता व जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले में प्रभावी ढंग से लागू करना तथा जनता की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता होगी। परिचयात्मक बैठक में सीडीओ अंकुर कौशिक भी मौजूद रहे।

# न्याय पंचायत सरवा में संचालित हुआ 'सेवा से संतृप्तिकरण' अभियान

**सदर विधायक ने संतृप्तिकरण अभियान का किया शुभारम्भ**

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर ब्लाक हूजूरपुर अन्तर्गत न्याय पंचायत सरवा अन्तर्गत शान्ती देवी सुभाष चन्द्र सुशांत पी.जी. कालेज चाकूजोत परिसर में आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण शिविर का सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने ब्लाक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह के साथ फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टाल के माध्यम से ग्रा.पं. ऐलिहा, पिपरिहा, महिपालसिंह, सदियाबाद, सरखना, सरवा, चाकूजोत, रानीपुर, ताजपुर, गोबरहा, गौरिया व कारीडीहा के ग्रामवासियों को संतृप्त किया गया। विधायक जायसवाल ने शिविर के उद्घाटन के पश्चात लगाये पण्डालों का निरीक्षण कर महिला कल्याण विभाग के शिविर में केट काटकर कन्या जन्मोत्सव अन्तर्गत कन्याओं को हिमालय बेबी किट, बेबी सूट, मिष्ठान, मच्छरदानी इत्यादि भेंट किया तथा आईसीडीएस के शिविर में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया। शिविर को सम्बोधित करते हुए विधायक जायसवाल ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा भी यही है सरकार जनता के द्वार पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कराये तथा अपरिहार्य कारणों से वंचित पात्र ज़रूरतमन्द लोगों को उनका हक दिलाया जाय। सदर विधायक ने कहा कि यह आयोजन सरकार एवं मुख्यमंत्री जी की अपेक्षाओं को पूरा करने में सफल हो रहा है। जायसवाल ने अभियान के सफल आयोजन हेतु डीएम, सीडीओ सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की।

ग्राम पंचायत-बोहली
वि.खं.-बढ़नी, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 12.10.2023 से 14.10.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 14.10.2023 को सुबह 10:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

अनुपम सिंह
सचिव
ग्रा.पं. बोहली

मुन्नी देवी
प्रधान
ग्रा.पं. बोहली

ग्राम पंचायत-बसंतपुर
वि.खं.-बढ़नी, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.10.2023 से 16.10.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 16.10.2023 को अपरान्ह 12:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

अनुपम सिंह
सचिव
ग्रा.पं. बसंतपुर

इमरान अहमद
प्रधान
ग्रा.पं. बसंतपुर

ग्राम पंचायत-बस्तिया
वि.खं.-लोटन बाजार, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.10.2023 से 20.10.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 20.10.2023 को अपरान्ह 02:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

दिलीप पटेल
सचिव
ग्रा.पं. बस्तिया

चन्द्र बली यादव
प्रधान
ग्रा.पं. बस्तिया

# शिक्षकों ने बढ़ाया मान

**कक्षा 6,7,8 की लिखी डिजिटल लिटरेसी एवं कंप्यूटेशनल थिंकिंग कोडिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पुस्तक**

**अवधनामा संवाददाता**




**बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने किया पुस्तक का विमोचन**

**सुल्तानपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग में होनहार शिक्षकों की टीम द्वारा लिखी गई पुस्तक डिजिटल लिटरेसी एवं कंप्यूटेशनल थिंकिंग कोडिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विमोचन माननीय बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह द्वारा लेखक मण्डल व उपस्थित अधिकारियों के समक्ष किया गया। उक्त पुस्तक लेखन मण्डल में शामिल वरूणेश मिश्रा व उनकी टीम ने अपने अथक प्रयास व परिश्रम से रात दिन एक करके पुस्तक लेखन में महती भूमिका निभाई जिसका विमोचन बेसिक शिक्षा मंत्री श्री संदीप सिंह द्वारा किया गया। लेखन मण्डल के वरूणेश मिश्रा ने बताया कि अभी यह पुस्तक पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत 25 जिलों में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लागू की जाएगी सत्र 2024-25 में सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लागू करने का निर्णय लिया जाएगा इस पुस्तक लेखन में तीन माह का समय लगा जो एस सी ई आर टी के निदेशक पवन सचान के निर्देशन में पूरी की गई।लेखन मण्डल में महती भूमिका निभाने वाले शिक्षक वरूणेश मिश्रा स अ प्राथमिक विद्यालय मदनपुर पनियार लम्भुआ, राजीव साहू उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय गोकुल धनपतगंज व हरिहर पाठक उच्च प्राथमिक विद्यालय टीडी का पूरा कादीपुर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी खण्ड शिक्षा अधिकारी सुधीर सिंह व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी व अध्यक्ष लम्भुआ रणवीर सिंह ने बधाई दी है।

ग्राम पंचायत-चरिगवां
वि.खं.-बढ़नी, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 16.10.2023 से 18.10.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 18.10.2023 को अपरान्ह 02:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

अनुपम सिंह
सचिव
ग्रा.पं. चरिगवां

सबा
प्रधान
ग्रा.पं. चरिगवां

ग्राम पंचायत-पनेरी
वि.खं.-लोटन बाजार, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.10.2023 से 20.10.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 20.10.2023 को सुबह 11:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

दिलीप पटेल
सचिव
ग्रा.पं. पनेरी

शायरा खातून
प्रधान
ग्रा.पं. पनेरी

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ: जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में आज कैम्प कार्यालय पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केन्द्र बाल कल्याण समिति की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मानव तस्करी, मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाये जाने हेतु की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में एएचटीयू से जानकारी प्राप्त की,तो अब तक मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए की गयी कार्यवाही संतोषजनक नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने एएचटीयू को चेतावनी जारी करने के निर्देश दियें और कहा कि जनपद में अभियान चलाकर मानव तस्करी व मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये, इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने जनपद में बाल गृह बालक व बाल गृह बालिका संस्थाओं में बच्चों को बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों को पुष्टाहार वितरण किये जाने के सम्बन्ध में बाल विकास परियोजना अधिकारी से जानकारी प्राप्त की तो, यह तथ्य संज्ञान में आया कि संस्थाओं के बच्चों को पुष्टाहार प्राप्त नहीं हो रहा है ना ही संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी राबर्ट्सगंज को चेतावनी जारी करने के निर्देश दियें। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थाओं में आवासित बच्चों को पुष्टाहार का वितरण आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने एसीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थाओं में रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु महिला चिकित्सक की तैनाती की जाये, जिसके माध्यम से प्रत्येक 15 दिवस पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाये, उन्होंने कहा कि बाल गृह बालक व बाल गृह बालिका संस्थाओं में रह रहे बालक व बालिकाओं के परिजनों को राशन कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, बालक-बालिकाओ को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक से पत्राचार करके पार्ट टाईम के लिए शिक्षकों के तैनाती की व्यवस्था की जाये, जिसके माध्यम से उन्हें बेहतर शिक्षा की सुविधा भी उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने इस दौरान जनपद में बाल विवाह पर रोक लगाने व बाल श्रम पर रोक लगाने हेतु जनपद में की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद में बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाये और इसके लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, उन्होंने कहा कि बाल विवाह की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित दोषी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये इस दौरान उन्होंने कहा कि बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत अस्पतालों में जन्म लेने वाली बेटियों के जन्मोत्सव के दौरान तौलिया, बेबी किट के साथ एक पौधा भी उनके अभिभावक को उपलब्ध कराया जाये, जिससे कि पौध का रोपण वह अपने बेटी के नाम से करते हुए उनका संरक्षण भी करें। बैठक के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# एनटीपीसी लिमिटेड का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** प्रवीण सक्सेना, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर), एनटीपीसी लिमिटेड ने दिनांक 04.10.2023 को एनटीपीसी सिंगरौली विद्युत गृह का दौरा किया गया। इस अवसर पर प्रवीण सक्सेना, डॉ नीलम सक्सेना अध्यक्षा, उत्तरा महिला मंडल, लखनऊ, राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली, पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज, सरोजा फणि कुमार, अध्यक्षा (सुहासिनी संघ), एनटीपीसी विंध्याचल, माया सिंह, अध्यक्षा वर्तिका महिला मंडल, एनटीपीसी रिहंद द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली सीएसआर के तहत आस-पास के तीन दिव्याङ्गजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकल का वितरण किया गया। इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनकी दैनिक गतिविधियों विशेषकरआवागमन हेतु आत्म निर्भर बनाना था। यह मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल विभिन्न आधुनिक सुविधाओं जैसे स्टोरेज बॉक्स, सुरक्षा हेलमेट एवं हेड लाइट आदि से लैस है। इस मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल में एक बैटरी, जिसे एक बार चार्ज किए जाने पर मोटराइज्ड साइकिल को 30 किमी तक चलाया जा सकता हैं। प्रवीण सक्सेना द्वारा एक उच्च स्तरीय बैठक में विद्युत गृह के कामकाज की गहन समीक्षा करते हुए भारत सरकार की विद्युत प्राथमिकताओं के अनुसार गुणात्मक भावी कार्य योजना के संबंध में उचित दिशा-निर्देश भी दिए। प्रवीण सक्सेना ने कहा कि एनटीपीसी लिमिटेड कर्मचारियों के कल्याण के लिए सभी सक्रिय कदम उठा रही है एवं उन्होंने अपने संबोधन में एनटीपीसी लिमिटेड के प्रमुख एजेंडे पर भी प्रकाश डाला। प्रवीण सक्सेना द्वारा यूनियन, एसोशिएशन के साथ भी बैठक का आयोजन भी किया एवं उनके बहुमूल्य सुझावों के लिए उन्हे धन्यवाद भी दिया गया। तदुपरान्त प्रवीण सक्सेना, डॉ नीलम सक्सेना, राजीव अकोटकर, पीयूषा अकोटकर, सरोजा फणि कुमार, माया सिंह द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली के अतिथि गृह के प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया।

# चकबन्दी कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए:डीएम



ग्राम लोहरा में चकबंदी कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने ग्राम लोहरा में चल रहें चकबन्दी कार्य का मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने चकबन्दी कार्य के अन्तर्गत एक गाटे की अपने समक्ष लम्बाई व चौडाई निकलवाकर गाटे के नक्शे से मिलान कराया गया, जो कि सही पाया गया। उन्होंने मौके पर उपस्थित बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी एवं उप संचालक चकबन्दी से चकबन्दी कार्यों की समीक्षा खेत में जाकर पडताल व अन्य चकबन्दी कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि चकबन्दी कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि चकबन्दी के अन्तर्गत पडताल का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा मानक गाटे का चयन हो गया है। उन्होंने चकबन्दी विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये कि नियत समय के अन्दर चकबन्दी का कार्य पूर्ण निष्पक्षता के साथ किया जाए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही व कमी नही रहने पाये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, नगर मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार तथा बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, डिप्टी कलेक्टर इरफान उल्ला खान सहित चकबन्दी लेखपाल एवं ग्राम प्रधान सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनसंचार एवं मीडिया प्रबंधन के क्षेत्र में हिण्डाल्को ने लहराया परचम, मिला फेम नेशलन अवार्ड



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ रेणुकूट।** विश्व की प्रतिष्ठित एल्युमिनियम उत्पादक कंपनी हिण्डाल्को रेणुकूट ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार प्राप्त कर आदित्य बिड़ला ग्रुप का नाम रोशन किया है। हिण्डाल्को को जनसंचार एवं मीडिया प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर फेम (फेडरेशन ऑफ एक्सीलरेटेड एंड मास एम्पॉवरमेंट) नेशनल अवार्ड प्रदान किया गया है।

गोवा के होटल ताज विवांता में आयोजित समारोह में देश की लगभग 100 से अधिक जानी-मानी प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया था जिसमें एनटीपीसी, अडानी ग्रुप, वेदांता, रिलायंस, एनसीएल, लैंको, इफको, एचयूएल ने अपनी हिस्सेदारी निभाई। यह पुरस्कार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने जनसंपर्क एवं मीडिया प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए हिण्डाल्को के जनसंपर्क विभाग के प्रमुख यशवंत कुमार को प्रदान किया। इस अवसर पर मीडिया प्रबंधन को लेकर नए कीर्तिमान स्थापित करने एवं जिले से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए हिण्डाल्को जनसंपर्क विभाग को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर हिण्डाल्को के मुखिया एन. नागेश व मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह ने इस विशेष उपलब्धि पर सभी को बधाई दी एवं इंटरनल कम्यूनिकेशन व मीडिया मैनेजमेंट के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने पर जनसंपर्क विभाग की टीम को शुभकामनाएं दीं व आगे भी इसी प्रकार कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

## बैठक में अनुपस्थित पाए गए खंड विकास अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बिना पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सरीला व राठ खंड विकास अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बैठकों में सभी संबंधित सदस्यों / अधिकारियों द्वारा अनिवार्य रूप से प्रतिभाग किया जाए, बिना पूर्व अनुमति के किसी भी दशा में कोई भी सदस्य बैठकों में अनुपस्थित ना रहे। ग्राम पंचायतो में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्रों के निर्माण की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र के लिए भूमि की अनुपलब्धता वाले / अवशेष सभी 41 ग्राम पंचायतो में एसडीएम ,तहसीलदार व अन्य संबंधित के द्वारा अगली बैठक के पूर्व भूमि का चिन्हांकन प्रत्येक दशा में कर लिया जाए। गोवर्धन योजना के तहत जखेड़ी तथा जराखर ग्राम पंचायत में बनने वाले बायोगैस प्लांट की गुणवत्ता की जांच के लिए गठित कमेटी द्वारा तत्काल जांच कर नियमतः कार्य को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह प्रत्येक ब्लॉक की न्यूनतम 2 ग्राम पंचायत को मॉडल के रूप में विकसित करने का कार्य किया जाए। ग्राम पंचायत को जराखर मॉडल के तौर पर विकसित किया जाए। इसमें राजस्व विभाग व विकास विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्य किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सभी कार्य समय से पूर्ण कराएं।कार्यों में गुणवत्ता एवं मानक का अवश्य ध्यान दें। कार्यों में वित्तीय व्यय के सापेक्ष भौतिक प्रगति अनिवार्यतः होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सामुदायिक शौचालयों को अनिवार्यतः क्रियाशील रखा जाय। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है अतः इस प्रकार के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि अच्छा मैकेनिज्म विकसित कर सामुदायिक शौचालयो की नियमित रूप से निगरानी रखी जाए तथा समय समय पर निरीक्षण किया जाए। लोगों को इसके उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यूनिवर्सल सैनिटेशन कवरेज / ओडीएफ प्लस के अंतर्गत जनपद में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण का जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उन्हें समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाय। इस दौरान सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला डीपीआरओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना: टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

## लाभार्थियों की बाल सेवा योजना सामान्य श्रेणी में संख्या हुई 331, कोविड श्रेणी में हैं 46 बच्चे लाभार्थी

योजना का लाभ देने हेतु बाल सेवा योजना सामान्य श्रेणी में 83 और बच्चों / लाभार्थियों को जोड़ा गया



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जनपद में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं इस योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी श्री राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड-19 अथवा अन्य कारणों से दिवंगत हुए लोगों के परिवारों को त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने हेतु एवं अनाथ हुए बच्चों के संरक्षण ,भरण पोषण, शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था हेतु मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एक महत्वपूर्ण योजना है अतः इसके अंतर्गत निष्पादित होने वाले समस्त कार्य प्राथमिकता के साथ किए जाए ताकि संबंधित परिवार व अनाथ बच्चों को त्वरित सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि इस योजना में किसी भी प्रकार की पेंडेंसी नहीं रहनी चाहिए। इस योजना में संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए तथा इसका प्रभावी ढंग से प्रचार प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सके।

इस योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर बैठक में विचार किया गया। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जनपदीय समिति में आज योजना की सामान्य श्रेणी (कोविड-19 के अलावा दूसरे कारणों से मृत्यु होने वाले प्रकरणों पर ) के अंतर्गत पात्र पाए गए कुल 83 बच्चों/ लाभार्थियों को इस योजना का लाभ दिए जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा संस्तुति की गई है। इन सभी बच्चों को अगले माह से कुल 2500 प्रति माह की दर से सहायता राशि प्राप्त होगी। ज्ञात हो कि जनपद में पूर्व मे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के 248 लाभार्थी इस योजना का लाभ ले रहे हैं इस प्रकार अब कुल 331 लाभार्थी इस योजना का लाभ लेंगे। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अंतर्गत कोविड काल / 01 मार्च 2020 के बाद में कोविड के अलावा अन्य कारणों से लोगों के दिवंगत हो जाने से अनाथ हो जाने वाले बच्चों को लाभ दिया जाता है।

# डीएम ने धान क्रय केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



किसानों से संपर्क कर धान क्रय बढ़ाया जाये

कम क्रय करने वाले कन्द्रों को किया जायेगा ड्रॉप: जिलाधिकारी

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने रोजा मण्डी स्थित धान क्रय केन्द्रो का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पीसीएफ, पीएसयू, यूपीएसएस आदि क्रय केन्द्रो पर पहुंच कर धान खरीद की जानकारी ली तथा विक्रय करने आए किसानों के धान की नमी मापक यंत्र से नमी भी चेक करवायी। उन्होने केन्द्र प्रभारियों से ई-पॉप मशीन भी चलवाकर देखी। जिलाधिकारी ने अब तक धान खरीद शुरू न करने के संबंध में भी केन्द्र प्रभारियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होने विभिन्न पंजिकाओं के निरीक्षण के साथ इलेक्ट्रॉनिक कांटे, पीने योग्य पानी तथा बैनर इत्यादि की उपलब्धता को भी चेक किया। जिलाधिकारी ने स्वयं वजन मशीन पर खड़े होकर मशीन को चेक किया, जो कि सही पाई गई। इस दौरान क्रय केन्द्रो पर मौजूद किसानों से जिलाधिकारी ने वार्ता की तथा उन्हे किसी प्रकार की समस्या तो नही यह भी जाना। जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र प्रभारियों को कड़े निर्देश दिये कि गत वर्ष की धान खरीद का डाटा संकलित कर सम्बन्धित कृषकों से वार्ता करें तथा उन्हे धान क्रय केन्द्र के माध्यम से धान विक्रय हेतु प्रेरित करें। धान विक्रय हेतु आने वाले कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होने मण्डी में अपना धान विक्रय करने आये किसानों से फीड बैक भी प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने मण्डी सचिव को निर्देश दिये कि किसानों से संपर्क करने के उपरान्त संपर्क रजिस्टर मेंटेन करायें। क्रय केन्द्रो पर पर्याप्त संख्या में डस्टर, नमी मापक यन्त्र एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि किसानों को क्रय केन्द्रो तक धान लाने में कोई असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होने कहा कि धान लाने वाले किसानों के वाहनों को क्रय केद्र तक पहुंचाने के मार्गो को खाली रखा जाये। व्यवस्थित रूप से वाहनों को खड़ा कराने तथा मण्डी के भीतर मार्गो को संचालित रखने हेतु आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश भी मण्डी सचिव को दिये। उन्होने मण्डी में धान खरीद का कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ किये जाने हेतु मण्डी सचिव को कड़े निर्देश दिये।

# आप नेता की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं का जोरदार प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

संजय सिंह को ईडी ने किया है गिरफ्तार




**बांदा।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह के सरकारी आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा और इसके बाद शराब घोटाले में लिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इस गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को आम आदमी पार्टी की जिला इकाई कार्यकर्ताओं ने कचहरी में मोदी सरकार की दमनात्मक करवाई और अपने नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ आवाज बुलंद की। आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक अवधेश कुमार सिंह ने इस संबंध में बताया कि कल प्रातः संजय सिंह के सरकारी आवास पर ईडी ने छापा मारा और शाम को तथाकथित शराब घोटाले में लिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया। संजय सिंह सरकार की गलत नीतियों दमनात्मक कार्रवाइयों का सड़क से लेकर संसद तक पुरजोर विरोध करते हैं। राज्यसभा में अडानी के भ्रष्टाचार और सरकार से मिली भगत पर तथ्यों सहित गंभीर आरोप लगाए। जिससे सरकार की बहुत किरकिरी हुई और पूरा विपक्ष संजय सिंह के साथ खड़ा हो गया। संजय सिंह संसद में विपक्ष की आवाज बन गए इससे घबराकर उन्हें पूरे मानसून सत्र के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। बाद में उनका निलंबन बिना उनको सुने अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया। यह संसदीय इतिहास में पहली बार हुआ है। छापों में एक ही पैसा बरामद नहीं हुआ और न ही पैसे के लेनदेन के कोई सबूत जांच एजेंसी को मिले हैं। इसके बावजूद शराब नीति में घोटाला हुआ इसका हौवा खड़ा करके पहले दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को और अब सांसद संजय सिंह को राजनीतिक द्वेष ,डराने धमकाने बदले की भावना और सांसद में बुलंद हो चुकी आवाज को दबाने के लिए संयोजित ढंग से उन्हें गिरफ्तार किया गया है प्रदर्शन में संदीप पांडे,रामकिशोर वाचस्पति मिश्रा, रवि प्रकाश आनंद ,राम तीरथ सिंह, राजकरण वर्मा, नीरज सिं जितेंद्र चौहान, अनुभव सिंह, कछुआ अमित कुशवाहा कमलेश प्रसाद लखेरा, समरजीत सिंह, विनम विनय तिवारी, सुशील कुमार ,संतोष कुमार गुप्ता आदी दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री का आदेश सड़क उखाड़ने वालों से की जाए नुकसान की वसूली

**शाहजहांपुर जैतीपुर।** कमीशन न देने पर जेसीबी से स्टेट हाइवे की सड़क उखाड़ना दबंगों को भारी पड़ने वाला है। अब यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मामले में कड़े आदेश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने सख्त कार्यवाही के साथ सड़क का पूरा नुकसान आरोपियों से वसूल करने के आदेश जिलाधिकारी को दिए हैं। वहीं, इस मामले के मुख्य आरोपी कथित विधायक प्रतिनिधि जगवीर सिंह की गिरफ्तारी के लिए एसओजी को लगाया गया है। आपको बता दें कि गोरखपुर की शकुंतला इंटरप्राइजेज के द्वारा जैतीपुर दातागंज स्टेट हाइवे सड़क का निर्माण कराया जा रहा था।

# ग्राम प्रधान ने ग्राम में कराये गये विकास कार्यों पर आधारित वीडियो फिल्म प्रदर्शित की

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष जनपद हमीरपुर, विकास खण्ड गोहांड स्थित ग्राम पंचायत जराखर के ग्राम प्रधान कमलेश जराखर ने अपने ग्राम में कराये गये विकास कार्यों पर आधारित वीडियो फिल्म प्रदर्शित की। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि शासन द्वारा ग्राम पंचायतों को स्मार्ट ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत जराखर में अत्यंत सराहनीय कार्य हुआ है। अन्य ग्राम पंचायतों को भी ग्राम पंचायत जराखर से प्रेरणा लेकर अपने यहां विकास कार्य कराने चाहिये। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान को आमंत्रित किया जाये, वहां पर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों पर आधारित फिल्म ग्राम प्रधानों को दिखायी जाये, ताकि वह प्रेरित होकर उसी तर्ज पर अपने ग्राम पंचायतों का विकास कर सकें। उन्होंने ग्राम पंचायत को आईएसओ द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर ग्राम प्रधान सहित तत्कालीन मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी को बधाई दी और ग्राम प्रधान से भविष्य में इसी तरह के विकास कार्य कराने की अपेक्षा की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ने अन्तर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन द्वारा प्राप्त प्रमाण पत्र मुख्य सचिव को भेंट किया। इससे पूर्व, ग्राम प्रधान कमलेश जराखर ने बताया कि ग्राम पंचायत जराखर को अन्तर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन द्वारा आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।

ग्राम पंचायत ने बुन्देलखण्ड में पहला तथा उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह प्रमाण पत्र स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा, शुद्ध पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर, आवास, खेल, इंटरलॉकिंग और सीसी रोड निर्माण, जल संरक्षण, आंगनबाड़ी केन्द्र के सुदृढ़ीकरण, प्राइमरी स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र के कायाकल्प, आठवीं कक्षा तक निःशुल्क शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिये मिला है।

# नारी शक्ति वन्दन अधिनियम को संसद का विशेष सत्र आहूत कर बिल

प्रधानमंत्री ने दी बधाई

अवधनामा ब्यूरो



बोर्ड की बैठक में नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बधाई दी गयी एवं संदेश प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया

**सोनभद्र।** नगर पालिका परिषद सोनभद्र बोर्ड की बैठक गुरुवार को नगर पालिका के सभाकक्ष में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री , द्वारा देश की आधी आबादी को संवैधानिक अधिकार एवं सम्मान दिलाने के लिये महिला आरक्षण विधेयक संशोधन-2023 नारी शक्ति वन्दन अधिनियम को संसद का विशेष सत्र आहूत कर बिल पास कराने के लिये प्रधानमंत्री को बोर्ड नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बधाई दी गयी एवं संदेश प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

नगर पालिका परिषद सोनभद्र को शासन द्वारा आदर्श नगर पालिका परिषद घोषित होने में अध्यक्ष के प्रयासों की सराहना करते हुये बोर्ड में उपस्थित सभी सदस्यगण द्वारा माल्यार्पण/अंगवस्त्रम भेंट कर अध्यक्ष तथा अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात बोर्ड द्वारा 15वां वित्त/राज्य वित्त, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना व अन्य मदों में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष कार्यों के चयन पर विचार विमर्श किया गया तथा अध्यक्ष द्वारा सुझाव दिया गया कि कार्य चयन में यह ध्यान अवश्य रखा जाय कि वार्डो में चयनित कार्यों में समानता तथा पारदर्शिता हो ताकि समग्र विकास को मूर्त रूप दिया जा सके। उक्त के अतिरिक्त निकाय द्वारा पेट्रोल पम्प संचालन, कान्हा गौशाला निर्माण, निकाय सीमा क्षेत्र में स्थित तालाबों का मत्सय पालन हेतु पट्टे, गृहकर नियमावली, में संशोधन आदि पर विचार करते हुये निकाय में अवस्थित भवनों पर गृहकर की निर्धारित वर्तमान दरों में संशोधन की स्वीकृति प्रदान की गयी साथ ही नगर में चलने वाली सवारी वाहनों आटो, ई-रिक्शा, व अन्य माल वाहनों से पार्किंग शुल्क की वसूली के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। नगर में छुट्टा/आवारा पशुओं की समस्या को दृष्टिगत जिन पशुपालकों द्वारा नगर में छुट्टा पशु छोड़ दिया जा रहा है, उन पर भारी पेनाल्टी, तथा नगर मे सार्वजनिक स्थानों पर अपने पालतू पशुओं को बाधंने वाले पशु पालकों पर भारी पेनाल्टी, भवन निर्माण कार्य/अन्य कार्य हेतु सड़क/पटरी पर मलबा रखने वालों पर पेनाल्टी तथा जिन दुकानदारों द्वारा डस्टबीन का प्रयोग नही किया जा रहा उन पर पेनाल्टी लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में सभी वार्डो के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक अत्यन्त सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गयी।

# राजस्व वादों/भूमि विवादों का तेजी से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए: केशव

**तालाबों, चकमार्गों, चारागाह एवं खेल मैदान में हुए अवैध अतिक्रमण/कब्जों को अभियान चलाकर खाली कराने के निर्देश**

- घटतौली की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित कोटेदार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये
- दीपावली तक जनपद की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाये: केशव प्रसाद मौर्य



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा गुरुवार को उदयन सभागार में जनपद कौशाम्बी के समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान एक क्लस्टर में 03 वर्ष पूर्ण कर चुकें ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों/ग्राम विकास अधिकारी को अन्य विकास खण्ड में तैनात करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने 03 वर्ष पूर्ण कर चुकें लेखपालों को अन्य तहसील में तैनात करने तथा एक थानें में 02 वर्ष पूर्ण करने वाले दरोगा/सिपाही को अन्य सर्किल क्षेत्र में तैनात करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभागीय योजनाओं में तेजी से प्रगति करते हुए पात्र लाभार्थियां को लाभान्वित किया जाय तथा विकास कार्यो को तेजी से पूर्ण कराया जाय, ताकि जनपद का सर्वांगीण विकास तेजी से हो सकें। उन्होंने ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व वादों/भूमि विवादों का तेजी से निस्तारण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दियें।

उप मुख्यमंत्री ने अधिशासी अभियंता विद्युत से जनपद में विद्युत आपूर्ति एवं खराब ट्रान्सफार्मर बदलने की कार्यवाही आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए संविदा विद्युत कर्मियों एवं जे0ई0 के क्षेत्र बदलने के निर्देश दियें। उन्होने कहा कि जिन किसानों ने नलकूप का कनेक्शन लिया है, उन किसानों से 01 अप्रैल 2023 से विद्युत बिल न लिया जाय, शासन द्वारा विद्युत बिल जमा किया जायेंगा।

उन्होंने कहा कि जनपद में निर्धारित समयावधि तक विद्युत आपूर्ति तथा खराब ट्रान्सफार्मर को समयान्तर्गत बदलने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत, चायल की काफी शिकायतें प्राप्त होने पर जॉच कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जॉच सही पाये जाने पर सख्त कार्यवाही किया जाय।

उप मुख्यमंत्री ने तालाबों, चकमार्गो, चारागाह एवं खेल मैदान में हुए अवैध अतिक्रमण/कब्जों को अभियान चलाकर खाली करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि अगर किसी गरीब व्यक्ति का कब्जा है ,तो उसकी समुचित व्यवस्था करने के बाद ही गरीब व्यक्ति को हटाया जाय तथा किसी माफिया को न छोड़ा जाय, अर्थात गरीब को छेड़ें नहीं और माफिया को छोड़ें नहीं। उन्होंने तालाबों के पास की भूमि पर वृक्षारोपण कराने के भी निर्देश दियें।

### गौशालाओं का निर्माण गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आवारा घूम रहें गोवंशों को पकड़वाकर गौशालाओं में संरक्षित करने तथा निर्माणाधीन गौशालाओं का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चिन्हित चारागाह की भूमि पर नैपियर घास लगवाने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 1200 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है तथा 1600 आवेदन प्राप्त हों गये है, जिस पर उप मुख्यमंत्री ने बैंकर्स के साथ बैठक कर प्रगति लाने तथा पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय तथा बीमार व्यक्तियों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाय। उप मुख्यमंत्री ने जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत हर-घर नल से जल योजना के तहत कराये जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम से अब तक कराये गये कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए मानक के अनुसार सभी कार्यों को कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को तत्काल ठीक कराया जाय तथा टेस्टिंग हो जाने के बाद सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करायी जाय, ठीक प्रकार से कार्य न करने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पाइप लाइन जमीन से एक मीटर अन्दर बिछायी जाय तथा ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित हों। उन्होंने जिलाधिकारी को जनपदीय अधिकारियों से 10 प्रतिशत ग्राम सभाओं में जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहें कार्यों का सत्यापन कराने के निर्देश दियें।

# उप मुख्यमंत्री ने आवास की चाभी किया वितरित



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उदयन सभागार कौशाम्बी में मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अन्तर्गत आवास से लाभान्वित दिव्यांगजन- शिवानी, सोहनी देवी, किरन देवी, प्रेमा देवी, कविता देवी, श्यामा देवी, गुड़िया देवी, अनारकली, गुलशन जहॉ एवं सुषमा देवी को आवास स्वीकृत प्रमाण-पत्र वितरित किया। इसी प्रकार उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रमीण के अन्तर्गत आवास से लाभान्वित- फूलकली, बदामा देवी, वाहिदा बानों एवं अजय को प्रतीकात्मक चाभी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रमीण के अन्तर्गत आवास से लाभान्वित- रूखमिन देवी, सुमन देवी, गनेशी देवी, रतनी देवी, पुष्पा देवी एवं इन्द्रकली को प्रतीकात्मक चाभी वितरित किया। उप मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत प्रगति महिला संकुल स्तरीय समिति कुम्हियावां को धनराशि रू0- एक करोड़ 40 लाख 50 हजार तथा सूरज महिला स्वयं सहायता समूह इचौली को रू0-02 करोड़ 68 लाख 50 हजार का डमी चेक वितरित किया। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री ने बैंक सखियों-राधना यादव, सुमन देवी, शीला देवी, तूबा अफजल एवं सोनू को नियुक्ति-पत्र वितरित किया।

## गजरहा पुरवा सेक्टर 8 अनुसूचित बस्ती में किया जनसंपर्क




**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत चलाए जा रहे हैं अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान में आज महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पूर्व मंडल दो के अंतर्गत गजरहा पुरवा सेक्टर 8 अनुसूचित बस्ती में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान मनोज कुमारी के आवास पर जलपान किया और परिवार व क्षेत्रीय लोगों से भेंट कर पार्टी की योजनाओं के संबंध में चर्चा की। संपर्क के दौरान अनुसूचित मोर्चा महानगर अध्यक्ष विपिन सोनकर महामंत्री शैलू सोनकर और मंडल अध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एलडीए ने अमौसी में अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

**अवधनामा ब्यूरो**

- लगभग 10 बीघा में की जा रही थी अवैध प्लाटिंग

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के शहर में अवैध निर्माण/प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश पर गुरुवार को प्राधिकरण अधिकारियों ने सरोजनी नगर के अमौसी में अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया। इसके अलावा चौक, चिनहट और जानकीपुरम विस्तार क्षेत्र में अवैध रूप से किये जा रहे व्यवसायिक निर्माण और डुप्लेक्स भवनों को सील करने की कार्रवाई की। लविप्रा प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि संतोष कुमार रावत और एसकॉन इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा. लि. की ओर से सरोजनी नगर के अमौसी में टी.एस. मिश्रा अस्पताल के पीछे लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना स्वीकृत की जा रही अवैध कॉलोनी के खिलाफ विहित न्यायालय में वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश दिये गये थे। विहित न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता वाई.पी. सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता भरत पाण्डेय, भानु प्रताप वर्मा व प्रमोद कुमार पाण्डेय ने प्राधिकरण व स्थानीय थाने की पुलिस की मदद से अवैध प्लाटिंग की कार्रवाई करायी। इस दौरान विकसित सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल,




बिजली के खम्भे और गेट आदि को ध्वस्त कराया गया। जानकीपुरम विस्तार और चिनहट में सील हुए अवैध निर्माण प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी श्रद्धा चौधरी ने बताया कि जानकीपुरम विस्तार के रसूलपुर कायस्थ में राकेश मिश्रा व अन्य की ओर से लगभग 14,400 वर्गफिट क्षेत्रफल में 1200-1200 वर्गफिट के 12 डुपलेक्स भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। वर्तमान में बिल्डर भवनों में फिनिशिंग आदि का काम करा रहा था। इसके अलावा आर.के. यादव व अन्य की ओर से चिनहट के हरिहर नगर में भूखण्ड संख्या 27 पर लगभग 600 वर्गफिट क्षेत्रफल में भूतल पर आर.सी.सी. कॉलम आदि का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। आदेशों के अनुपालन में सहायक अभियंता एन.एन. चौबे के नेतृत्व में अवर अभियंता राजीव कुमार श्रीवास्तव, सुभाष शर्मा और संजय मिश्रा ने अवैध निर्माणों को सील कराया। चौक में सील हुए दो अवैध निर्माण प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि अनूप अग्रवाल व अन्य की ओर से चौक के गोल दरवोज के पास बहूरन टोला में लगभग 1100 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध रूप से बेसमेण्ट और प्रथम तल आदि का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह पंकज अग्रवाल व अन्य की ओर से बहूरन टोला में ही लगभग 1500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। आदेश पर सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता शशिभूषण मिश्रा व विपिन बिहारी राय ने निर्माणाधीन भवनों को सील कराया।

# अबू आजमी की बेनामी संपत्तियों की तलाश में छापे

- सूत्रों के मुताबिक छापे की कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रहेगी

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी की बेनामी संपत्तियों की तलाश में आयकर विभाग ने तीन शहरों में उनके करीबियों के ठिकानों पर छापा मारा है। बृहस्पतिवार को आयकर विभाग, लखनऊ की बेनामी विंग के अधिकारियों की टीम ने उनके करीबियों के मुंबई, वाराणसी और लखनऊ स्थित ठिकानों पर बेनामी संपत्तियों से जुड़े तमाम दस्तावेजों को बरामद किया है। सूत्रों के मुताबिक छापे की कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रहेगी।

महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी की बेनामी संपत्तियों की तलाश में आयकर विभाग ने तीन शहरों में उनके करीबियों के ठिकानों पर छापा मारा है। बृहस्पतिवार को आयकर विभाग, लखनऊ की बेनामी विंग के अधिकारियों की टीम ने उनके करीबियों के मुंबई, वाराणसी और लखनऊ स्थित ठिकानों पर बेनामी संपत्तियों से जुड़े तमाम दस्तावेजों को बरामद किया है। सूत्रों के मुताबिक छापे की कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रहेगी।

## दो मिनट का प्रायोगिक ठहराव

**गोरखपुर/लखनऊ।** रेलवे प. द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 12555/ 12556 गोरखपुर-बठिण्डा-गोरखपुर एक्सप्रेस का उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के भट्टू स्टेशन पर दो मिनट का प्रायोगिक ठहराव दिया गया है।

गोरखपुर से प्रस्थान करने वाली 12555 गोरखपुर-बठिण्डा एक्सप्रेस 14 अक्टूबर, से भट्टू स्टेशन पर 10.13 बजे पहुँचकर 10.15 बजे छूटेगी तथा बठिण्डा से प्रस्थान करने वाली 12556 बठिण्डा-गोरखपुर एक्सप्रेस 15 अक्टूबर, से भट्टू स्टेशन पर 15.51 बजे पहुँचकर 15.53 बजे छूटेगी।

# नबी का पैगाम, जो तुम्हारे साथ बुराई करे उसके साथ अच्छाई करो

- अली (अ.स.) ने अपने कातिल को अपने हिस्से का शरबत पिलाया

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** नबी ए अकरम रसूल अल्लाह मोहम्मद मुस्तफा स.अ.वालही वसल्लम ने यह नही फरमाया की जो तुम्हारे साथ अच्छाई करे सिर्फ़ उसी के साथ अच्छाई करो, बल्कि यह फरमाया की जो तुम्हारे साथ बुराई करे तुम उसके साथ भी अच्छाई करो। रसूल ने फरमाया ही नहीं बल्कि कर के दिखाया भी जब



अरब की गली से निकलते वक्त एक बुढ़िया रोज कूड़ा फेकती थी जब वह बीमार पड़ गई तो रसूल ने जाकर उस बुढ़िया की तिमारदारी की हाल चाल पूछा इस पर वह फौरन बुढ़िया मुसलमान हो गई। इसी तरह अली अलैहिस्सलाम ने अपने कातिल को अपने हिस्से का शरबत पीला कर साबित कर दिया की नबी का कौन असली जानशीन है।इसी तरह यज़ीद के मरने के बाद जब चौथे इमाम के खैमे में हसीन इब्ने नुमैर छिपने के लिए घुसा तो इमाम ने उसे खाना पानी पिलाया। नुमैर ने जब इमाम से पूछा की हमे आपने पहचाना तो इमाम ने कहा तू हमारे भाई के कातिल हो नुमैर ने कहा आप पहचान के मुझे बचाया खाना पानी दिया तो इमाम ने कहा वह तुम्हारा किरदार था। यह हमारा किरदार है।यह बात मौलाना मोहम्मद अली ने इमामबाड़ा बहिश्त ए ज़हरा कुमेदान की बगिया कब्रिस्तान मुसाहब गंज में मैहफिल की सदारत में अपने बयान में कही।महफिल में शोहरा की जगह उलेमाओं ने अपने अशआर पेश किए।मौलाना ने आगे बोलते हुए कहा की इमाम जाफर ए सादिक अ.स.के दौर में साइंस और टेक्नोलोजी की शिक्षा दी गई जिससे आज वैज्ञानिक लाभ उठा रहें हैं इस मौके पर मौलाना सैय्यद दुरूल हसन रिज़वी,मौलाना अकबर अली,मौलाना अहमद अली,मौलाना बाकर साहब, मौलाना मोहम्मद अली साहब,मौलाना गुलरेज साहब,सहित तमाम मौलाना और मोमनीन मैहफिल में शामिल हुए।

# फ़रह, उलफ़त और सदफ़ के अफ़सानों को पहला इनाम

**ज्यूरी की मीटिंग में फैसला**

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** शुआ फ़ातिमा एजूकेशनल चौरिटेबल ट्रस्ट की जानिब से इस साल होने वाले शमीम निकहत अफ़साना कम्पटीशन में मुमताज़ पी जी कॉलेज की बी.ए. साल द्वितीय तालिबा सदफ़ नूर के अफ़साना को पहला और करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पी.जी. कॉलेज की बी.ए. साल प्रथम की तालिबा इनाम ख़ान के अफ़साना को दूसरा और इरम गर्ल्स पी.जी. कॉलेज की बी ए साल तृतीय की तालिबा शाज़िया अंसारी को तीसरा इनाम दिया गया है। लखनऊ यूनीवर्सिटी की एम.ए. की तालिबा उलफ़त फ़ातिमा के अफ़साने को पहले इनाम के लिए मुंतख़ब किया गया है। इसके इलावा रिसर्च स्कालर के प्राप्त होने वाले अफ़सानों में पहला इनाम मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनीवर्सिटी लखनऊ कैम्पस की फ़रह जबीं को, दूसरा इनाम लखनऊ यूनीवर्सिटी की रिसर्च स्कालर शाहीन अंसारी और लखनऊ यूनीवर्सिटी की ही तालिबा हाशमी फ़ातिमा को तीसरे इनाम के लिए मुंतख़ब किया गया है। इसके इलावा मुक़ाबले में अफ़साना भेजने वाले तमाम तुलबा को सर्टीफ़िकेट दिया जाएगा।

बता दें कि इस मुक़ाबला में प्राप्त होने वाले अफ़्सानों पर मुक़ाबला के मुबस्सिर डाक्टर मूसी रज़ा ने अपनी रिपोर्ट ज्यूरी मेम्बर्स, प्रोफेसर शबनम रिज़्वी, डाक्टर परवीन शुजाअत, डाक्टर इशरत नाहीद और प्रोफेसर रेशमां परवीन के सामने पेश की। ज्यूरी ने अफ़्सानों की क़िरात के बाद उनकी दर्जा-बंदी की। ईनाम याफ़्ता तुलबा को इनामी रक़म, सर्टीफ़िकेट और ऐवार्ड 08 अक्तूबर को कैफ़ी आज़मी एकेडमी में 3:00 बजे होने वाले शमीम निकहत फ़िक्शन एवार्ड 2023 प्रोग्राम में दिया जायेगा। इस प्रोग्राम में डाक्टर सबीहा अनवर मेमोरियल लेक्चर देंगी जबकि फ़िक्शन राईटर प्रोफेसर ग़ज़नफ़र को शमीम निकहत फ़िक्शन एवार्ड और सीनीयर सहाफ़ी अहमद इब्राहीम अलवी को वक़ार मेहदी रिज़वी सहाफ़त एवार्ड से सरफ़राज़ किया जायेगा। साथ ही माहनामा सुहेल के मैनेजिंग डायरेक्टर जमील मंज़र को लाइफटाइम अचीवमेंट एवार्ड पेश किया जाएगा।

## चतुर्थ टीआईओएल राष्ट्रीय कराधान पुरस्कार से सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य कर (जीएसटी) विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर वित्तीय क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने हेतु चतुर्थ टीआईओएल राष्ट्रीय कराधान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार दो श्रेणियों में प्राप्त हुआ है। पहला पुरस्कार, वैट राज्यों की जीएसटी विभाग की श्रेणी में सिल्वर तथा दूसरा रिफार्मिस्ट राज्यों की श्रेणी में ज्यूरी पुरस्कार दिया गया है। यह पुरस्कार वितरण समारोह नई दिल्ली के एक पंचतारा होटल में सम्पन्न किया गया। यह जानकारी प्रदेश की राज्य कर आयुक्त, मिनिस्ती एस न कहा कि विभागीय सेवा को जन उपयोगी एवं उत्तरदायी कार्य संस्कृति के रुप में विकसित करने के महती प्रयास को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

# दो हाईटेक नर्सरी की स्थापना एवं संचालन निर्धारित समय में पूरा किया जाये: दिनेश

- हाईटेक नर्सरी और मिनी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एग्रो क्लाइमेटिक जोन तथा क्षेत्रीय मांग के अनुसार पौध उत्पादन किया जाये

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** ''पर ड्रॉप मोर क्रॉप'' माइक्रो इरिगेशन योजनान्तर्गत कार्यरत जिन फर्मो व कंपनियों द्वारा अनुबंध के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

प्रदेश के समस्त जनपदों में दो हाईटेक नर्सरी की स्थापना सुनिश्चित किया जाय तथा उनका निर्माण कार्य एवं संचालन निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाय। नवाचार को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय में वृद्धि हेतु बुन्देलखण्ड में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ड्राईलैंड हॉर्टिकल्चर (खजूर, अंजीर, नींबू वर्गीय आदि के लिए) तथा मिर्जापुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ड्रैगन फरूट्स की स्थापना की जाय। उक्त निर्देश प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने समीक्षा बैठक मे विभागीय अधिकारियों को दिये।उद्यान मंत्री गुरूवार को प्रदेश में औद्यानिक विकास को गति प्रदान करने एवं संचालित कार्यक्रमों के ससमय क्रियान्वयन हेतु अपने मंत्री आवास से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। हाईटेक नर्सरी में समय से स्वस्थ एवं गुणवत्तायुक्त पौध तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराया जाये।

# मुख्य सचिव ने की वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भूमि सम्बन्धी वादों के निस्तारण में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि पैमाईश, वरासत, नामान्तरण, उत्तराधिकार, कुर्रा-बटवारा के लम्बित प्रकरणों को निस्तारित करने के लिये 60 दिनों का विशेष अभियान चलाया जाये और लंबित प्रकरणों की संख्या को शून्य किया जाये। इसके अलावा इन प्रकरणों के नवीन आवेदनों को नियत समय में निस्तारित किया जाये। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान समन्वय बैठकर कर शिकायतों का निस्तारण करायें। जिलाधिकारी द्वारा आरसीसी पोर्टल के माध्यम प्रकरणों के निस्तारण की प्रतिदिन समीक्षा की जाये। प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापरक होना चाहिये।

इसी प्रकार आईजीआरएस प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुये शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण कराया जाये। राजस्व वादों तथा आईजीआरएस पोर्टल, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने किया मध्य रेलवे ट्रैक का निरीक्षण

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** संरक्षित रेल परिवहन, यात्रियों की सुरक्षा तथा संरक्षा के समुचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य हेतु आज पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने शाखाधिकारियों की उपस्थिति में गोण्डा-कटरा वाया मनकापुर रेल खण्ड के मध्य रेलवे ट्रैक, स्टेशन यार्ड, पॉइंट एवं क्रॉसिंग, सिग्नल, कर्व तथा पुलों का संरक्षा निरीक्षण किया।

निरीक्षण के आरम्भ में मण्डल रेल प्रबन्धक ने झिलाही स्टेशन पहॅुचने पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रुम, स्टेशन वर्किंग रूल, रिले रूम, पॉइन्ट एवं क्रासिंग तथा स्टेशन पर अग्निशमन उपकरणों का गहन निरीक्षण करते हुए संरक्षा की समीक्षा की। मनकापुर स्टेशन पहुंचने पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रुम, स्टेशन वर्किंग रूल, रिले रूम, समपार सं0 244, पॉइन्ट एवं क्रासिंग तथा स्टेशन पर अग्निशमन उपकरणों का गहन निरीक्षण किया।




टिकरी स्टेशन पहुंचने पर मण्डल रेल प्रबन्धक ने स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रुम, स्टेशन वर्किंग रूल, रिले रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने टिकरी-कटरा रेल खण्ड के मध्य समपार सं0 18 एवं समपार सं0 गेट सं0 22 स्पेशल का गहन निरीक्षण किया तथा कटरा स्टेशन पहॅुचने पर मण्डल रेल प्रबन्धक ने स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रुम, स्टेशन वर्किंग रूल, रिले रूम, पॉइन्ट एवं क्रासिंग तथा स्टेशन पर अग्निशमन उपकरणों का गहन निरीक्षण करते हुए संरक्षा की समीक्षा की।

निरीक्षण के अन्त में मंडल रेल प्रबंधक ने वापसी में मोतीगंज एवं बरूआचक स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होने स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया, स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, प्लेटफार्म, संरक्षा एवं सुरक्षा, अग्निशमन उपकरणों व संरक्षा परिपत्र व परिवाद रजिस्टर का अवलोकन किया तथा संबंधित रेल कर्मियों को संरक्षा संबंधी सुझाव प्रदान किया द्य उन्होंने ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर एवं पॉइंट्स मैन से आकस्मिक दुर्घटना के दौरान त्वरित कार्रवाई हेतु अपनाए जाने वाले संरक्षा ज्ञान को परखा। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/समन्वय, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/सा0, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर परिचालन, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/प्रथम, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त, वरिष्ठ मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर(कैरेज एंड वैगन), वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधन, मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, एरिया मैनेजर/ गोंडा, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## राधा स्वामी सत्संग: 8 अक्टूबर तक 6 जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

**लखनऊ।** मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन के निकट चल रहे राधा स्वामी सत्संग में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से 8 अक्टूबर तक 6 जोड़ी ट्रेनों का एक मिनट का अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह जानकारी उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि जिन ट्रेनों का ठहराव दिया गया है, उनमें ट्रेन संख्या 14123 प्रतापगढ़-कानपुर सेंट्रल इंटरसिटी एक्सप्रेस सुबह 6:59 बजे पहुंचकर 7 बजे रवाना होगी। वापसी में 14124 कानपुर सेंट्रल-प्रतापगढ़ इंटरसिटी एक्सप्रेस शाम 7:35 से 7:36 बजे, ट्रेन संख्या 15108 लखनऊ-बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस सुबह 10:05 से 10:06, 15107 बनारस-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस दोपहर 1:44 से 1:45 बजे, 14210 लखनऊ-प्रयागराज संगम इंटरसिटी एक्सप्रेस शाम 6:35 से 6:36 बजे, 14209 प्रयागराज संगम-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस सुबह 8:05 से 8:06, 14215 गंगा गोमती एक्सप्रेस



सुबह 9:05 से 9:06 बजे, 14216 गंगा गोमती एक्सप्रेस शाम 6:45 से 6:46 बजे, 15073 सिंगरौली-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस सुबह 6:45 से 6:46 बजे, 15074 टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस शाम 4:40 से 4:45 बजे तथा 15119बनारस-देहरादून जनता एक्सप्रेस दोपहर 2:55 से 2:56 बजे और ट्रेन संख्या 15120 देहरादून-बनारस जनता एक्सप्रेस सुबह 8:30 बजे पहुंचकर 8:31 बजे रवाना होगी।